आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 98 ● नई दिल्ली, गुरुवार, 13 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 आशा कार्यकर्ताओं ने मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन...

## ख़ास ख़बर

### सुरक्षा के लिए नाटो के साथ मिलकर काम करें

**सोल, (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने उत्तर कोरिया के एक नए मिसाइल प्रक्षेपण के बाद एशिया-प्रशांत (एपी4) में अपने तीन नाटो सहयोगियों ऑस्ट्रिलिया, जापान और न्यूजीलैंड से सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने का आग्रह किया है। इससे पहले दिन में, उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित की। श्री यून ने विनियस में नाटो शिखर सम्मेलन से इतर ऑस्ट्रेलिया, जापान और न्यूजीलैंड के नेताओं के साथ एक बैठक में कहा कि मेरा मानना है कि हमें, एपी4 को एक मजबूत सामूहिक सुरक्षा स्थिति स्थापित करने के लिए नाटो के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

### एलन मस्क ने नई कंपनी लॉन्च की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। टेस्ला, स्पेसएक्स के सीईओ और ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने बुधवार को ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति को समझने के गोल के साथ एक नई एआई कंपनी की शुरुआत की घोषणा की। इस कंपनी का नाम एक्सएआई है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक मस्क और उनकी टीम शुक्रवार को लाइव ट्विटर स्पेस चैट में इससे जुड़ी और ज्यादा जानकारी शेयर करेगी। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, एक्सएआई की टीम में डीपमाइंड, ओपनएआई, गूगल रिसर्च, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च और टेस्ला में काम कर चुके लोग हैं।

### पाकिस्तान में सैन्य शिविर पर हमला, चार सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान स्थित एक सैन्य शिविर पर हुए आतंकवादी हमले में चार सैनिक मारे गए हैं, जबकि अन्य पांच गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया कि यह हमला बुधवार तड़के हुआ। सेना के मुताबिक आतंकवादियों के एक समूह ने प्रांत में सेना के झोब गैरिसन तुकड़ी शिविर पर कायरतापूर्ण हमला किया। आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादियों के शिविर में घुसने के प्रारंभिक प्रयास को ड्यूटी पर तैनात सैनिकों विफल किया गया।'' बयान में कहा गया कि इस दौरान दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

# भारत के लिए कई मायनों में अहम प्रधान मंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा

## आज होंगे रवाना, कई सौदों पर होंगे हस्ताक्षर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पीएम की यह यात्रा भारत के लिए कई मायनों में अहम होने वाली है। इस दौरान रक्षा, दूरसंचार और अंतरिक्ष समेत कई क्षेत्रों में डील हो सकती हैं। इसमें राफेल समुद्री विमान राफेल एम का सौदा सबसे खास होगा। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट (राफेल एम) और तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियां खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। इसके साथ ही अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देश आगे आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 13 जुलाई से दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस पहुंचेंगे। पीएम गुरुवार को ला सीन म्यूजिकल में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां एलिसी पैलेस में अपने आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री के लिए प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के द्विपक्षीय वार्ता करने और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने की संभावना है।14 जुलाई को पेरिस में बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि होंगे। इसी दिन दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की चर्चा होगी।

### इस बार 26 समुद्री राफेल एम खरीदेगा भारत



पीएम मोदी की यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट (राफेल एम) खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। इससे पहले रक्षा बलों द्वारा यह प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के समक्ष रखे गए थे। प्रस्तावों के अनुसार, भारतीय नौसेना को चार प्रशिक्षक विमानों के साथ 22 सिंगल सीटेड राफेल एम मिलेंगे। भारतीय नौसेना अपने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत पर पुराने मिग-29 के स्थान पर इन लड़ाकू विमानों को तैनात करेगी।

### हो सकते हैं तीन और स्कॉर्पीन पनडुब्बी पर डील



मुंबई में मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड (एमडीएल) में तीन और स्कॉर्पीन (कालवेरी) श्रेणी की डीजल-इलेक्ट्रिक 'किलर-हंटर' पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर हो सकता है। भारत ने एमडीएल में पांच स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का निर्माण किया है। छठी कालवेरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर अगले साल चालू हो सकती है। तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को नौसेना द्वारा प्रोजेक्ट-75 के हिस्से के रूप में रिपीट क्लॉज के तहत हासिल किया जाएगा।

### कई क्षेत्रों के लिए अहम है यात्रा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और फ्रांस के राष्ट्रीय अंतरिक्ष अध्ययन केंद्र ने भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए एक इंडो-फ्रेंच कार्य समूह की स्थापना की है। इस सहयोग के विस्तार पर चर्चा हो सकती है। भारत और फ्रांस 5जी और 6जी दूरसंचार प्रणालियों में सहयोग की भी घोषणा कर सकते हैं। भारत और फांस स्वदेशी रूप से विकसित इंजनों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हार्डवेयर प्लेटफार्मों के विनिर्माण को बढ़ाने के लिए एक रक्षा-औद्योगिक रोड मैप पर हस्ताक्षर करेंगे।

**फ्रांस यात्रा के बाद यूएई जाएंगे पीएम** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद 15 जुलाई को अबु-धाबी के लिए उड़ान भरेंगे।

# धांधली के आरोप से अधर में बंगाल पंचायत चुनाव नतीजे

## हाईकोर्ट बोला- अंतिम नतीजे हमारे आदेश पर निर्भर होंगे

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के नतीजे अधर में लट गए हैं। 11 जुलाई को आए नतीजों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बंपर जीत हासिल की थी, लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा जारी एक आदेश ने बंगाल की सत्ताधारी पार्टी को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने बुधवार को कहा कि वह मतदान के दिन चुनावी धांधली होने के आरोपों से जुड़े विषयों की सुनवाई कर रही है। इसलिए पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और इसके परिणामों की घोषणा सुनवाई पूरी होने के बाद (अदालत के) अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी।

### चुनाव आयोग से भी मांगा जवाब

उच्च न्यायालय ने कहा कि जब अदालत ने मामले को अपने हाथ में ले लिया है, तो यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अब तक जो कुछ भी किया गया है वह सब...चुनाव प्रक्रिया और इसके परिणामों की घोषणा इस रिट याचिका में पारित हो सकने वाले आदेशों पर निर्भर करेगा। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग को उन सभी उम्मीदवारों को इस पहलू की सूचना देनी चाहिए, जिन्हें विजेता घोषित किया गया है। अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी), राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## रितु करिधाल, जो चंद्रयान-3 की कराएगी सॉफ्ट लैंडिंग



इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि इस मिशन में कुल 29 डिप्टी डायरेक्टर और 55 प्रोजेक्ट मैनेजर दिन-रात काम में लगे हुए हैं। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग की जिम्मेदारी इस बार एक महिला वैज्ञानिक रितु करिधाल को सौंपी गई है। रितु करिधाल चंद्रयान-3 की मिशन डायरेक्टर हैं और प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. वीरा मुथुवेल हैं। लखनऊ निवासी रितु करिधाल मंगलयान की डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर और चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर रह चुकी हैं।

# मोदी सरनेम केस- राहुल से पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पूर्णेश

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। उन्होंने कोर्ट से मोदी सरनेम मामले में राहुल के पक्ष के साथ-साथ उनका पक्ष भी सुनने की अपील की है। पूर्णेश का कहना है कि अगर राहुल गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हैं तो कोर्ट को उनका पक्ष भी सुनना चाहिए। बिना किसी का पक्ष सुने कोई भी आदेश जारी न किया जाए। हालांकि अभी तक राहुल सुप्रीम कोर्ट नहीं गए हैं, लेकिन वे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।



मानहानि केस में 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि इस फैसले के 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके अगले दिन 24 मार्च को राहुल की सांसदी चली गई थी।

### हाईकोर्ट खारिज कर चुका है राहुल गांधी की याचिका

7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने मानहानि केस में राहुल की 2 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा- इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है।

# महंगाई का कमाल: कर्नाटक में किसान मालामाल दो हजार डिब्बे टमाटर बेचकर कमाए 38 लाख

**बैंगलुरु, (एजेंसी)।** टमाटर खरीदने में भारतीय परिवारों को जेब खाली करनी पड़ रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अगर टमाटर के दामों को देखें तो इसमें पिछले एक महीने में 326.13 फीसदी की बढ़त हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक लोग भले ही टमाटर के चढ़ते दामों से परेशान हों पर एक किसान परिवार के लिए ये बंपर कमाई का मौका बना। कर्नाटक के कोलार में एक किसान परिवार ने कुल 2000 टमाटर के डिब्बे बेचे और और वो घर लौटा तो इसके पास कुल 38 लाख की कमाई थी।

प्रभाकर गुप्ता कोलार के एपीएमसी मार्केट में टमाटर के 54 बक्से ले गए थे जिसमें से 26 डिब्बों के लिए उन्हें 2200 रुपए प्रति बॉक्स मिला जबकि बाकी के डिब्बों के लिए 1800 रुपए प्रति बॉक्स की बोली मिली।

### इस तरह की कमाई



और उनके भाई लगभग 40 साल से ज्यादा समय से किसानी कर रहे हैं और उनके पास जिले के बेठमंगला में 40 एकड़ की जमीन है. अभी तक प्रभाकर गुप्ता के परिवार को 800 रुपये की कीमत 15 किलो वाले एक टमाटर के बक्से के लिए मिली थी जो उनकी अब तक की बेस्ट कमाई थी. हालांकि इस मंगलवार को उन्होंने 15 किलो वाले एक बॉक्स को 1900 रुपये की कीमत में बेचा. प्रभाकर गुप्ता के चचेरे भाई ने बताया कि वो केवल ऊंची क्वालिटी के टमाटर उगाते हैं. अपनी फर्टिलाइजर और पेस्टीसाइड की जानकारी के जरिए वो फसल को कीड़ों से बचा पाते हैं।

## त्रिपक्षीय आसियान समिट में शामिल हुए जयशंकर



इंडोनेशिया की राजधानी में जकार्ता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग और इंडोनेशिया की विदेश मंत्री मेंतरी लुआर नेगेरी बुधवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया त्रिपक्षीय सम्मेलन में शामिल हुए।

# मध्यस्थता कानून की जांच करने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनवाई टाली

**नई दिलली, (एजेंसी)।** अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने देश में मध्यस्थता कानून के कामकाज की जांच करने और मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 में सुधारों की सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले पर कार्यवाही दो महीने के लिए स्थगित कर दी। एजी ने सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को बताया कि इस साल 14 जून को गठित विशेषज्ञ समिति ने परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है और सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने में दो महीने से अधिक समय नहीं लगेगा। पीठ में शामिल जस्टिस हृषिकेश रॉय, पी.एस. नरसिम्हा, पंकज मिथल और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि अटॉर्नी जनरल का कहना है कि संविधान पीठ के समक्ष उठने वाले मुद्दे भी समिति के व्यापक ढांचे के भीतर आएंगे। समिति की रिपोर्ट आने के बाद यदि कानून में संशोधन की जरूरत होगी तो सरकार निर्णय लेगी। इस समय हम निर्देश देते हैं कि संविधान पीठ के समक्ष दो संदर्भों को दो महीने यानी 13 सितंबर, 2023 तक के लिए टाल दिया जाए।

## सीमा बोली- अब मैं बन गई ठकुराइन

**ग्रेटर नोएडा, (ब्यूरो)।** अपने चार बच्चों के साथ पाकिस्तान से भागी शादीशुदा सीमा हैदर को एक भारतीय लड़के से इश्क हो गया और वो सरहदों को लांघते हुए अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। पबजी के लवजी की गिरफ्त में आई पाक की महिला सीमा हैदर ग्रेटर नोएडा पहुंचने के बाद अपने प्रेमी सचिन के साथ रहने लगी। पुलिस ने जब दोनों को पकड़ा तब जेल हुई, पांच दिन बाद जमानत मिली और फिर से सीमा और सचिन एक साथ रहने लगे। सीमा ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पाकिस्तान भेजा गया तो वहां उनके दोनों टांग काट दिए जाएंगे, फिर दोनों हाथ काटकर उन्हें मार दिया जाएगा।

# फर्जी खबरों के मुकाबले के लिए मिलकर काम करें चुनाव प्रबंधन निकाय : सीईसी राजीव कुमार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** फर्जी खबरों का असर किस तरह से किसी के निजी जीवन से लेकर राजनीति को प्रभावित कर सकता है, यह किसी से छुपा नहीं है। वहीं भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कोलंबिया में विश्व चुनाव निकाय संघ (ए-वेब) के कार्यकारी बोर्ड की 11वीं बैठक में फर्जी खबरों का मुद्दा उठाया है।उन्होंने कहा कि ए-वेब जैसे मंचों के साथ मिलकर चुनाव प्रबंधन निकाय फर्जी खबरों का मुकाबला करने सहित गंभीर चुनौतियों पर मिलकर काम कर सकते हैं, जो दुनिया भर में चुनावी अखंडता को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। बैठक में भाग लेते हुए, उन्होंने कहा कि चुनाव जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने और महत्वपूर्ण पहल करने वाले चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए ए-वेब वैश्विक पुरस्कार स्थापित करने की भी वकालत की, जिससे लोगों को अच्छा काम करने की प्रेरणा मिले। विश्व चुनाव निकाय संघ दुनिया भर में चुनाव प्रबंधन निकायों का सबसे बड़ा संघ है।

# भारत के ब्रह्मोस/एस-400 को नहीं रोक पाएगा चीन भी




ब्रह्मोस को खरीदने को लेकर 6 देश कतार में


**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चीन का एस-400 डिफेंस सिस्टम भारत की ब्रह्मोस मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर सकता है। यह दावा ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ और एमडी अतुल दिनकर राणे ने किया है। उन्होंने कहा कि रूस में बने एस-400 को मुख्य रूप से बैलिस्टिक मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है। इससे ध्वनि की रफ्तार से कई गुना तेज उड़ने वाली किसी क्रूज मिसाइल को रोकना काफी मुश्किल हो सकता है। भारत केब्रह्मोस खरीदने को लेकर दुनियाभर के छह देशों के साथ बातचीत एडवांस स्टेज में है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के चीफ जनरल मैनेजर प्रवीण पाठक ने बताया किब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की बिक्री पर छह देशों से बातचीत चल रही है। ये सभी ऐसे देश हैं, जिनके साथ बातचीत एडवांस स्टेज में है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में रूचि रखने वाले देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और मध्य-पूर्व के हैं। हालांकि, प्रवीण पाठक ने किसी देश का नाम नहीं लिया।

### ब्रह्मोस को रोक पाना लगभग नामुमकिन!

राणे ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रह्मोस मिसाइल भारतीय सेना के शस्त्रागार में एक मात्र क्रूज मिसाइल के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जब शुरुआत में इसे लॉन्च किया गया था, तो इसकी क्षमताओं का मुकाबला करने में सक्षम कोई डिफेंस सिस्टम नहीं था। हालांकि, हाल के दिनों में मिसाइल डिफेंस सिस्टम में काफी प्रगति हुई है। राणे ने भरोसा जताया कि ऐसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी ब्रह्मोस की मारक क्षमता को प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

# भारत के मून मिशन पर एक नजर, गिरकर फिर खड़े होने की कहानी है चंद्रयान-3

**नई दिल्ली,(एजेंसी )।** चाहे वो चांद से मोहब्बत हो या चंदा मामा की कहानियां धरती की धड़कनों में चांद हमेशा से धड़कता रहा है। वैसे तो चंद्रमा धरती का स्थायी उपग्रह है और इसके चमक ने हमेशा से इंसानों को अपनी ओर खींचा है। वैसे तो अब तक 12 लोग चांद पर कदम रख चुके हैं। पिछली असफलता को पीछे छोड़ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन चांद को मुट्ठी में करने की ओर पहल को तैयार है। 24 घंटे की कड़ी उड़ान रिहर्सल के बाद भारत अब 14 जुलाई को चंद्रमा पर चंद्रयान श्रृंखला का अपना तीसरा मिशन लॉन्च करने के लिए तैयार है। चंद्रयान-2 की तुलना में संरचनात्मक रूप से कठोर और अच्छी तरह से सुसज्जित, चंद्रयान-3 में सिर्फ एक लैंडर और एक रोवर है। 2019 में दुर्घटनाग्रस्त हुए अंतरिक्ष यान के पिछले संस्करण के विपरीत, कोई ऑर्बिटर नहीं है। चंद्रयान-3 के लैंडर




में चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर के विपरीत पांच थ्रॉटल-सक्षम इंजन लगे हैं।

### कैसे शुरू हुई भारत की चांद यात्रा

चंद्रमा पर जाने की भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अपनी तरह की अनूठी परियोजना अक्टूबर 2008 में लॉन्च की गई थी। जिसमें एक चंद्र ऑर्बिटर और एक इम्पैक्टर शामिल था। चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने के बाद, मून इम्पैक्ट प्रोब (एमआईबी) ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के शेकलटन क्रेटर के पास जानबूझकर क्रैश लैंडिंग की। प्रभाव स्थल का नाम जवाहर पॉइंट रखा गया। 386 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ परियोजना के लिए कुछ उपकरणों की आपूर्ति नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) और ईएसए (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा की गई थी। चंद्रमा की सतह पर इम्पैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के तुरंत बाद, मातृ उपग्रह के माध्यम से सूचना साझा करने की प्रक्रिया शुरू की गई जिसने डेटा को विश्लेषण के लिए भारत वापस भेज दिया। इस ऑपरेशन से चंद्रमा पर सॉफ्ट-लैंडिंग की भविष्य की संभावना का आकलन करने में मदद मिली और इसके पर्यावरण की निगरानी भी की गई।

### 2009 में अचानक संपर्क टूट गया

इस बीच, ऑर्बिटर को चंद्र सतह पर खनिजों का मानचित्रण करने के लिए नियोजित किया गया था और यान 312 दिनों में चंद्रमा के बारे में अपने 3,000 कक्षीय चक्करों में लगभग 70,000 छवियों को कैप्चर करने में सक्षम था। अंतरिक्ष यान पर लगे टेरेन मैपिंग कैमरा (टीएमसी) ने चंद्र चोटियों के साथ-साथ कई गड्ढों की खोज करने में मदद की, जिनका अस्तित्व पहले अज्ञात था। हालाँकि, स्टार ट्रैकर की विफलता और खराब थर्मल परिरक्षण ने मिशन के जीवन काल को छोटा कर दिया, जिसे दो साल तक संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। एक साल बाद 2009 में चंद्रयान का संपर्क टूट गया।

### चंद्रयान-2

इसरो ने एक दशक बाद 22 जुलाई 2019 को चंद्रयान -2 लॉन्च किया, जिसका मिशन सॉफ्ट-लैंडिंग क्षमता प्रदर्शित करने के साथ-साथ चंद्रमा की सतह पर एक रोबोटिक रोवर संचालित करना था।

# विपक्षी एकता की बैठक 17-18 जुलाई को, 8 नई पार्टियां जुड़ीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल एक बार फिर 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में मीटिंग करेंगे। इसमें 25 दलों के शामिल होने की संभावना है। 17 जुलाई को मीटिंग के पहले दिन सोनिया गांधी ने आम आदमी पार्टी (आप) समेत सभी दलों के नेताओं को डिनर पर बुलाया है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने 23 जून को पटना में पहली बैठक बुलाई थी।

बैठक में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस के स्टैंड को लेकर नाराज थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया तो वे दूसरी बैठक में नहीं आएंगे। पटना में हुई बैठक में 17 दलों के नेता शामिल हुए थे। इस बार विपक्षी कुनबे को और मजबूत करने के लिए 8 और दलों को न्योता भेजा गया है। इनमें मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, कोंगु देसा मक्कल काची, विदुथलाई चिरुथिगल काची, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) ने हामी भरी है।

### सोनिया गांधी एक दिन पहले डिनर होस्ट करेंगी, केजरीवाल को भी न्योता भेजा

## ख़ास ख़बर

## जयनगर के अनुमंडल अस्पताल परिसर में जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा मेला का हुआ उद्धाटन



**जयनगर /मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर अनुमंडल अस्पताल परिसर में को जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा मेला का उद्धाटन अस्पताल उपाधीक्षक डॉ कुमार रोनित व पीएचसी प्रभारी डॉ रवि भुषण प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ रवि भुषण प्रसाद ने कहा कि आज के दिन को विश्व जनसंख्या के रूप में मनाया जाता है। जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्रों के अलावे अनुमंडल अस्पताल पर 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। मेला में आए सभी लाभार्थियों को परिवार नियोजन से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य रूप से परिवार नियोजन के दो साधनों पर स्थानीय साधन जैसे महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी पर विशेष जानकारी देते हुए परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे छाया, माला एन, ओसीपी, इसीपी, कंडोम एवं अंतरा के बारे में जानकारी लाभार्थी को दिया गया। ताकि जनसंख्या को नियंत्रण किया जा सके।इस मौके पर डॉ विजय कुमार,डॉ मो शाहनवाज, अस्पताल प्रबंधक प्रभाष कुमार प्रशांत, फैमली प्लानिंग वर्कर के अलावे सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## निवर्तमान सीओ व प्रधान लिपिक के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर के अंचल कार्यालय के निवर्तमान अंचलाधिकारी सुधीर कुमार व प्रधान लिपिक ललन जी चौधरी के स्थानांतरण होने पर कार्यालय कक्ष में अंचल कर्मी सुमित कुमार की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकारी नौकरी में एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने का सिलसिला जारी रहता है और एक दिन सेवानिवृत्त भी होना पड़ता है। इसी अवधि में कुछ ऐसे भी अधिकारी होते हैं। जिनका व्यवहार लोगों के दिलों पर जगह बना देता है। निवर्तमान अंचलाधिकारी व प्रधान लिपिक ने अपने कार्यकाल के समय कर्मी के अलावे आम लोगों से बेहतर तालमेल का नतीजा है कि उनके विदाई पर हर किसी के आंखों में आंसू भर आया है। वे जहां भी रहे खुशहाल जीवन बिताने हम कामना करते हैं। उपस्थित लोगों ने निवर्तमान अंचलाधिकारी सुधीर कुमार व प्रधान लिपिक ललन जी चौधरी को पाग दुपट्टा व माला पहना कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर अंचल अमीन सुनील कुमार सिन्हा मंजीत कुमार,मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव,विक्रम कुमार सिंह,सुरेंद्र सिंह,अजय कर्ण,सोनफी पासवान के अलावे सभी हल्का कर्मचारी मौजूद थें।

## जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 06 वर्ष पूरा किये गये 4214 बच्चों को नजदीक विद्यालय में हुआ नामांकन

**अररिया।**जिला पदाधिकारी, अररिया श्रीमती इनायत खान के दिशा निर्देश में एवं उप विकास आयुक्त, अररिया के पत्रांक 1629 दिनांक 08.07.2023 के आलोक में आज अररिया जिला अन्तर्गत सभी परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 06 वर्ष पूरा किये गये बच्चों को नजदीक विद्यालय में संबंधित आँगनवाडी सेविकाओं के द्वारा नामांकन कराया गया है। सभी सभी परियोजनाओं से आज कुल 4214 बच्चों का नामांकन कराया गया है। इस दौरान संबधित क्षेत्र में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका की उपस्थित थे। नामांकन से संबंधित परियोजनावार सूची निम्न प्रकार है।क्र0स0 - कुल ऑगनबाड़ी केन्द्रो की सं0 - दिनांक 12.07.2023 को नामांकन कराये गये बच्चों की सं0 - छः वर्ष तक के बच्चों की सं0 - बच्चों के द्वारा लगाये गये पौधों की सं0 1.- अररिया - 412 - 295 - 204 - 50

# युवा छात्रों में आत्महत्या प्रवृत्ति कारण और निदान पर सेमीनार आयोजित,आत्महत्या कायरतापूर्ण कदम होता है। जो जीवन में जूझते हैं वही भविष्य में सफल होते हैं- डा. बिमला कुमारी

### स्मार्ट फोन युवाओं में आत्महत्या प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का जिम्मेवार- प्रो. नरेश कुमार





**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत उत्तरी परिसर अवस्थित स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में आधुनिक युग में बढ़ रहे आत्महत्या प्रवृत्ति पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम आई रहमान की अध्यक्षता में किया गया। सेमीनार में मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर नरेश कुमार, निर्देशक आई क्यू ए सी, बी एन मंडल विश्वविद्यालय एवम विशिष्ट अथिति डॉक्टर बिमला कुमारी, विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान विभाग बीएनएमयू सम्मिलित हुए। आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए छात्रों के बीच बढ़ रहे आत्महत्या प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए मनोवैज्ञानिकों को आगे बढ़ कर इसके निदान पर ध्यान देने की सलाह दी। विशिष्ट अथिति डॉक्टर बिमला कुमारी ने छात्रों को सलाह दी के आत्महत्या कायरतापूर्ण कदम होता है। जो जीवन में जूझते हैं वही भविष्य में सफल होते हैं। उन्हें चाहिए कि वह कभी भी चिंता और तनाव में न रहे। ससमय अपने अध्ययन को पूरा करें और सामाजिक कार्यों में भी भाग लें। मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर नरेश कुमार ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए स्मार्ट फोन को युवाओं में आत्महत्या प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने बताया कि अभिवावकों की लापरवाही और बच्चों से अत्यधिक आशाएं इस प्रकार की प्रवृति को जन्म दे रही हैं। सोशल मीडिया की लत इसका एक महत्त्वपूर्ण कारण भी है। उन्होंने छात्रों को खेल कूद में भाग लेने, सगे संबंधियों के बीच उठने बैठने और अपने अध्यन में लीन होने की सलाह दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर एम आई रहमान ने विस्तारपूर्वक आत्महत्या के मनोविज्ञान को प्रस्तुत किया। उन्होंने दैनिक जीवन के तनाव, अवसाद, शराब या नशीली दवाओं का सेवन, दुश्चिंता, मनोरोग, पोस्ट ट्रायमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, अपने किसी बहुत ही प्रिय की मृत्यु, परिवार के द्वारा तिरस्कृत , कक्षाओं में असफल होना, बॉय फ्रेंड या गर्ल फ्रेंड का बिछड़ जाना आदि ऐसे अनेकों मनौवैज्ञानिक कारक हैं जो छात्रों में आत्महत्या प्रवृति को जन्म देते हैं। इंटरनेट का दुरुपयोग भी एक बड़ी वजह बन सकती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्र में कोई लक्षण या प्रवृति दिखती है तो तुरंत मनोचिकित्सक एवम मनौवैज्ञानिक की सलाह लेनी चहिए। अभिवावकों को को सचेत रहना ज़रूरी है। सेमीनार में विभाग की छात्र एवम छात्राओं में राकेश रोशन, प्रमोद कुमार, श्रुचि झा, रूबी कुमारी, शालिनी सुमन, शंभू कुमार, उमा शंकर कुमार, प्रीति कुमारी, अजय कुमार, पूजा रानी, जुली कुमारी, निक्की कुमारी, पूजा कुमारी, नितेश कुमार, अमृता कुमारी, अंशु कुमारी, अभिषेक कुमार, रूपम कुमारी, सतीश कुमार, रानी कुमारी, निभा प्रिया, कोमल कुमारी और नेहा प्रवीण ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सेमीनार के प्रोग्राम का संचालन नुजहत प्रवीण ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के अथिति शिक्षक डाक्टर सिकंदर कुमार ने दिया।

## भलुआ व गचिया नदी के संगम स्थल पर फिसलने से राजकुमार हेमब्रम की मौत



**कुर्साकांटा** ।प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के निकट भलुआ व गचिया नदी के संगम स्थल पर सोमवार की दोपहर मजदूरी करने गया युवक का पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया.

जानकारी मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों के द्वारा देर संध्या तक काफी खोजबीन की गई. लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका. जानकारी मिलते ही सीओ श्यामसुंदर व कुर्साकांटा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली. इधर मंगलवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया. एसडीआरएफ की सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई कृष्णा कुमार ने बताया कि दो बोट से शव की खोजबीन की जा रही है. वहीं सीओ श्यामसुंदर ने बताया कि मंगलवार को लगभग तीन बजे नदी में डूबे युवक का शव घटना स्थल से कुछ दूरी पर बरामद हुआ है. मृतक शरणपुर पंचायत के दभरा वार्ड संख्या 09 निवासी राजकुमार हेमब्रम(29) पिता धरमू हेंब्रम के शव को कुर्साकांटा थाना के एएसआई अजय कुमार व नागेंद्र कुमार द्वारा कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया गया. इधर मृतक के पिता धरमू हेंब्रम ने बताया कि मृतक अन्य दिन की तरह मजदूरी करने लक्ष्मीपुर गया था. जहां वह नदी के पैर धोने के क्रम में फिसलकर गहरे पानी में चला गया. मृतक की पत्नी रवीना हांसदा व तीन छोटे छोटे बच्चे जिसमें एक पुत्र व दो पुत्री सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा. रवीना हांसदा रोती बिलखती सबसे यही पूछती रही कि अब उनके परिजनों का भरण पोषण कैसे होगा. जिससे वातावरण गमगीन बना रहा. इधर घटना की जानकारी मिलते ही जिप प्रतिनिधि अजीत झा अंचल कार्यालय के आरओ कुमार रोहित सहित स्थानीय प्रशासन मौजूद रहे.

**मृतक की पत्नी रवीना हांसदा रोती बिलखती सबसे यही पूछती रही कि अब उनके परिजनों का भरण पोषण कैसे होगा ?**

## औचक निरीक्षण हेतु गठित टीम ने टी पी कॉलेज मधेपुरा और सी. एम. साइंस कॉलेज, मधेपुरा का किया औचक निरीक्षण



**मधेपुरा।**मधेपुरा जिलान्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभागों तथा अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति के औचक निरीक्षण हेतु गठित टीम ने ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा और सी. एम. साइंस कॉलेज, मधेपुरा का औचक निरीक्षण किया। टीम के संयोजक सह डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह और सदस्य सह उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि दोनों महाविद्यालयों में उपस्थिति सहित प्रायः सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। दोनों महाविद्यालयों द्वारा नियमित रूप से विश्वविद्यालय को ससमय उपस्थित रिपोर्ट भी भेजी जा रही है।संयोजक ने दोनों महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को उपस्थित पंजी के साथ-साथ अवकाश पंजी का भी नियमानुकूल संधारण करने का निदेश दिया। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि टीम के द्वारा की रचनात्मक सुझाव दिए गए हैं। इसके आलोक में सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अर्थपाल डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, परीक्षा नियंत्रक बीपी यादव आदि उपस्थित थे।सी. एम. साइंस कॉलेज, मधेपुरा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार ने बताया कि टीम के सदस्यों ने कई उपयोगी निदेश दिए हैं। सभी निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के डॉ. संजय कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग के त्रिभुवन प्रसाद मंडल आदि उपस्थित थे।

**दोनों महाविद्यालयों में उपस्थिति सहित प्रायः सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई- संयोजक**
**दोनों प्रधानाचार्यों को उपस्थिति पंजी के साथ-साथ अवकाश पंजी का भी नियमानुकूल संधारण करने का दिया निदेश- डॉ. सुधांशु**

## हरलाखी में कपड़ा व्यापारी से सवा दो लाख की लूट, की फाइरिंग



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**हरलाखी। उमगांव-बासोपाट्टी मुख्य सड़क पर मंगलवार की दोपहर एक कपड़ा व्यापारी के स्टॉफ से सवा दो लाख की लूट की घटना की वारदात को अंजाम दिया गया है। एक पल्सर बाइक पर दो बदमाश सवार थे। रूपये छीनने के लिए बदमाशों ने दो राउंड फाइरिंग की है। डर के कारण व्यापरी के स्टॉफ ने जेबी में रखे रूपये बदमाश को दे दिया। जिसके बाद दोनों बदमाश बाइक लेकर भाग गया। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर बाजार के कपड़ा व्यापरी जगदीश सराफ के स्टॉफ विपिन महतो एवं धनिक लाल महतो दुकान का बकाया वसूली के लिए हरिणे, उमगांव सहित अन्य बाजार से लौट रहे थे। बासोपाट्टी जाने दौरान बिटूहर मुशहरी के पास ओवर टेक कर बाइक सवार अपराधी ने कनपट्टी में पिस्टल सटा दिया। दोनों स्टॉफ के साथ अपराधी ने मारपीट भी की। जिसके बाद धनिक लाल महतो ने जेब से रुपया निकाल कर अपराधी को दे दिया। दोनों स्टॉफ ने घटना की सूचना व्यापरी को दी। घटना की सूचना मिलते ही हरलाखी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हुए है। थानाध्यक्ष अनोज कुमार स्वयं उमगांव बाजार में सीसीटीवी खंगालने में लगा हुआ है। थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। टेक्निकल सेल की भी मदद ली जा रही है।

## बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ जयनगर ने विधायक को पटना में सौंपा ज्ञापन




**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ जयनगर के द्वारा बुधवार को खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद के पटना स्थित आवास में ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों की मांगों को मानसून सत्र में रखने की बात कही। नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जयनगर के प्रखंड अध्यक्ष धनिक लाल यादव ने बताया कि प्रदत्त ज्ञापन में शिक्षक संघ के विभिन्न मांगों में शामिल नियोजित शिक्षकों व पुस्तकालय अध्यक्षों को राज्यकर्मी का दर्जा देने, समान काम का समान वेतन लागू करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, वरीयता प्रोन्नति ऐच्छिक स्थानांतरण, अप्रशिक्षित शिक्षकों की छटनी पर रोक, विद्यालय का निरीक्षण सक्षम पदाधिकारी के अलावे अन्य कर्मियों से कराने पर रोक लगाने समेत अन्य मांगों को शामिल किया गया है।प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि मानसून सत्र के दरम्यान विधान मंडल के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर सभी शिक्षक संघ का प्रदर्शन पूर्व से निर्धारित है।उन्होंने बताया कि संघ के सभी इकाई द्वारा क्षेत्रीय विधायक व विधान परिषद को ज्ञापन सौंपा गया है।मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ धनिक लाल यादव,प्रधान सचिव राम बिनोद यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## विधानसभा मार्च को लेकर बुधवार को अररिया जिला से हजारों भाजपा कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना- आलोक



**अररिया।**गुरूवार 13 जुलाई को पटना के गांधी मैदान से होने वाले ÷विधानसभा मार्च÷ को लेकर बुधवार को बस ट्रेन एवम निजी वाहनों से जिले के विभिन्न प्रखंड के बूथ स्तर तक के प्रतिनिधि पटना के लिए रवाना हुए। जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत ने जत्था वार कार्यकर्ताओ को विधिवत झंडा दिखाकर रवाना किए। इस मौक़े पर पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत, जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव, उदय शंकर उदय, अररिया नगर के पूर्व अध्यक्ष रणधीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सितांशु शेखर पिंटु, दिनेश भगत आदि मौजूद रहे।

**परिचर्चा** देश चलेगा बाबा साहब के संविधान से- राजद

## फारबिसगंज प्रखंड के खैरखां पंचायत में पंचायत स्तरीय राजद का अंबेडकर परिचर्चा अयोजित



**फारबिसगंज ।**राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्देशित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत फारबिसगंज प्रखंड के खैरखां पंचायत में गोपी दास के दरवाजे पर पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा का देशरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत अध्यक्ष गोपाल मंडल की अध्यक्षता में शुरू हुई।फारबिसगंज प्रखंड के खैरखां पंचायत में आयोजित अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजद अध्यक्ष मनीष यादव शामिल हुए।कार्यक्रम में परिचर्चा कार्यक्रम के लिए नियुक्त फारबिसगंज प्रखंड प्रभारी वरिष्ठ नेता एवं जिला के सम्मानित उपाध्यक्ष ज़नाब सरवर आलम साहब, राजद के जिला प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास जी, राजद के प्रखंड अध्यक्ष श्री प्रदीप मंडल जी, संगठन कार्यक्रम प्रभारी श्री अविनाश आनंद जी, शिक्षक प्रकोष्ठ के सम्मानित जिलाध्यक्ष ज़नाब प्रोफेसर साबिर इदरीश साहब, सोशल मीडिया प्रभारी ज़नाब बाबुल इनायत, राजद नेता श्री विवेक यादव, प्रवेश जी, प्रमोद जी आदि ने अम्बेडकर परिचर्चा के दौरान संविधान पर ज्यादा फोकस रहा।वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विदेशों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी जब वतन को लौटे तो देश की हालात को जमीन पर देखने के बाद अपने आपको समाज के लिए न्योछावर किया और संविधान के माध्यम से दलित और पिछड़ी समाज के लोगों को वाजिब हक दिलाने का काम किया और उसी संविधान के बल पर गरीबों के मसीहा बिहार के सच्चे लाल लालू यादव ने दलित और पिछड़ी की लड़ाई शुरू से लड़ी है, दलितों और पिछड़ों को हक दिलाने के लिए हमेशा आगे रहे है, आज देश में केंद्र की सरकार जातीय जनगणना न कराकर दलित और पिछड़ी समाज के लोगों का शोषण करना चाहती है उनके हक और हुकूक को लूटना चाहती है देश के संविधान को समाप्त करना चाहती है । संविधान पर उंगली उठाना देश के पिछड़ों, दलितों, शोषित, वंचितो के अधिकार पर उंगली उठाने के समान है। जो राजद कभी बर्दाश्त नहीं करेगा । देश गीता, बाइबल और कुरान से नहीं चलेगा , देश चलेगा बाबा साहब के संविधान से ।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे के द्वारा किया गया । जिला अध्यक्ष मनीष यादव तय कार्यक्रम को लेकर नरपतगंज प्रखंड के बबुआन पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने चले गए वहीं से शाम में अररिया प्रखंड के बसंतपुर पंचायत में आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में भी वे भाग लेने की बात कही।

## बी एन एम यू का सबसे बड़ा एग्जामिनेशन केंद्र मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में शुरू हुई कदाचार मुक्त माहौल में पार्ट थर्ड 2023 की परीक्षा

**मधेपुरा।**बुधवार 12 जुलाई 2023 को स्नातक तृतीय खंड की परीक्षा आरंभ हुई। यह परीक्षा वर्ष 2023 की है ,जो समय से आरंभ हो गई है।मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा परीक्षा केंद्र बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा का सबसे बड़ा केंद्र है, जहां टीपी कॉलेज मधेपुरा,पार्वती साइंस कॉलेज मधेपुरा, आरपीएम कॉलेज तुनियाही मधेपुरा तथा रामपुर मुरलीगंज कॉलेज का केंद्र बनाया गया है। इस बड़े केंद्र पर जंतु विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार को पर्यवेक्षक के रुप में विश्वविद्यालय ने प्रतिनियुक्त किया है। डॉ कुमार परीक्षा आरंभ से पूर्व केंद्र पर परीक्षार्थी के प्रवेश के समय मौजूद थे? ।परीक्षा आरंभ होने पर प्रधानाचार्य डॉक्टर पूनम यादव प्रो.गौतम कुमार के साथ सभी कक्षों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को हिदायत दी कि परीक्षार्थी को कोई असुविधा न हो ,अर्थात पानी वगैरह के साथ ही उन्होंने कहा सभी बच्चे यानी परीक्षार्थी अपने हैं। इसलिए परीक्षार्थियों से भी आग्रह है एक नए मधेपुरा का निर्माण हेतु शांति और अनुशासन बनाकर परीक्षा दें। अपनी परीक्षा में अगर कोई और सुविधा हो तो मैं भी केंद्र पर मौजूद हूं ,मुझसे भी अपनी बात कर सकते हैं इसके बाद उन्होंने परीक्षा नियंत्रक कक्ष का भी निरीक्षण किए और नियंत्रण कक्ष में लगे सहायक पर प्राचार्य को बेहतरीन परीक्षा समय पर उत्तर पुस्तिका का बंडल डिस्पैच मेमो आदि विश्वविद्यालय को जाए इसके लिए भी कुछ तकनीक युक्त उपाय बताएं ! प्रधानाचार्य डॉक्टर पूनम यादव ने विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रति कुलपति, एवं परीक्षा नियंत्रक के साथ-साथ कुलसचिव महोदय को साधुवाद दिया है कि उन्होंने अपने स्तर से इस महाविद्यालय को बड़ा केंद्र बनाकर एक चुनौती भरा कार्य दिया है, मैं पूरे विश्वास के साथ अपने सहयोगियों के भरोसे विश्वास दिलाता हूं कि कदम में कदम मिलाकर परीक्षा कार्य को बेहतरीन तरीका से संपन्न कराने का भरसक प्रयास करूंगी।

**चार कॉलेजों का सेंटर है, डॉ. अरुण कुमार को वि.वि.ने बनाया ऑबजर्बर- डा. पूनम यादव**

## ख़ास ख़बर

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने सोहा गांव पहुंच मृतक परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की





**सोनवर्षा राज (सहरसा)।** प्रखंड क्षेत्र के सोहा गाँव वार्ड नं 1 निवासी सत्येंद्र सिंह के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह गत 6 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मधेपुरा जिला अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह बुधवार को सतेंद्र सिंह के आवास पर पहुच मृतक राहुल के पिता और भाई से मिल कर ढांढस बांधा।डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि एक प्रतिभाशाली युवा के आत्महत्या से पूरे करणी सेना मर्माहत है।बढ़ती बेरोजगारी के कारण आज के युवा आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। अध्यक्ष कोशी प्रमंडल आभास कुमार सिंह ने कहा कि हम करणी सेना मृतक परिवार के साथ हर संभव खरा रहेंगे सहरसा पुलिस मृतक राहुल कुमार सिंह का मोबाइल कॉल डिटेल्स और निष्पक्ष जांच कर के मृतक परिवार को दें। श्री सिंह के साथ मधेपुरा प्रखंड अध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह,चंदन सिंह,मनीष सिंह,सोना सुधीर सिंह, सोनवर्षा प्रखंड युवा अध्यक्ष सौरभ राठौर,प्रखंड अध्यक्ष कुलो सिंह आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

# आशा कार्यकर्ताओं ने मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ



**बनमा ईटहरी (सहरसा)।**अनुमंडल के बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं ने अपने विभिन्न मांगों को समर्थन में बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनमा ईटहरी में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व अध्यक्षता आशा फेसीलेटर नीलम कुमारी सहनी एवं मधुलता कुमारी ने किया। इन्होंने कहा कि सरकार से राज्य कर्मियों को दर्जा के साथ कम से कम 18 हजार रुपए वेतन निर्धारित करने की मांग को लेकर हमलोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। सरकार जबतक हमारी मांगे नहीं मानती हैं जबतक हमलोग काम काज छोड़कर धरना पर बैठे रहेंगे। घर से लेकर अस्पताल तक हमलोगों ने काफी मेहनत कर सरकार की अन्तर्राष्ट्रीय अभियान पोलियो तक का काम किया करते हैं। फिर भी सरकार हमलोगों के साथ अनदेखी कर रही है। सरकार की यही तानाशाही रवैया के विरोध में हमलोगों को धरना पर बैठकर आवाज बुलंद करना पड़ा। मौके पर सुनीता देवी,आशा मंकी देवी बबीता कुमारी,रूबेदा खातून,सुनीता कुमारी,रुणा देवी, सुलेखा देवी,मंकी देवी,स्मॉल देवी,गीता कुमारी, पुनीत कुमारी,कुमोद कुमारी,चमेली कुमारी,कदमा खातन आदि उपस्थित थी।

# जनता दल (यू) कार्यकारिणी की बैठक 13 जुलाई को आयोजित



**सहरसा।**जदयू जिला प्रवक्ता डॉ.लुत्फुल्लाह ने प्रेस जारी कर कहा कि सभी जनता दल यूनाइटेड सहरसा के सम्मानित साथियों का दिनांक 13 जुलाई 2023 को दिन के 11 बजे से जिला परिषद के पूजा मैरेज परिसर में जिला कार्यकारणी कमिटी की एक बैठक बुलाई गई है।विदित हो कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का 16 जुलाई को संगठन की समीक्षा हेतु सहरसा आगमन है ।इस हेतु समीक्षा बैठक के पूर्व के तैयारी हेतु जिला कार्यकारणी और वरिष्ठ साथियों की बैठक बुलाई गई है।इसकी सफलता के लिये सभी प्रखंड अध्यक्ष,प्रकोष्टों के जिला अध्यक्ष,जिला कार्यकारणी पदाधिकारी,प्रदेश पदाधिकारी,वरिष्ठ पार्टी नेता से सादर आग्रह है कि 13 जुलाई की बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया

# रेल अधिकारी की लापरवाही से जाम में फंस कर कीमती समय गवां रहे आम जनता

**वे ट्रेन परिचालन के लिए लगातार रेलवे के बनाये नियमों का जमकर उल्लंघन कर रहे हैं।**





**सहरसा/** स्थानीय रेलवे अधिकारी आम जनता के प्रति लापरवाह है। उन्हें लोगों के समय की बर्बादी और परेशानी की कोई चिंता नहीं है। वे ट्रेन परिचालन के लिए लगातार रेलवे के बनाये नियमों का जमकर उल्लंघन कर रहे हैं। जिसके कारण बंगाली बाजार रेलवे ढाला और गंगजला चौक रेलवे ढाला को बुधवार की देर शाम डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया। जिसमें फंस कर जहां लोग परेशान हो रहे थे। वही गरीब रिक्शा चालक अपने परिवार के मुश्किल से चल पाने की बातें बता रहे थे।बुधवार की देर शाम लगभग 5.16 बजे पूर्णिया से पैसेंजर ट्रेन के आने की सूचना सहरसा रेलवे जंक्शन को मिलती है। जिसके बाद हटिया गाछी रेलवे ढाला जाम कर दी जाती है। वही बंगाली बाजार रेलवे ढाला भी गिरा दी जाती है। ऐसे में तिवारी टोला से शंकर चौक सवारी लेकर आ रहे रिक्सा चालक चलितर शर्मा का रिक्शा हटिया गाछी के ढाला जाम में फस गया। लगभग 20 मिनट बाद 5:36 के आसपास हटिया गाछी रेलवे ढाला जाम हटा। लेकिन जैसे ही वे बंगाली बाजार पहुंचे। वहां फिर से जाम में उनका रिक्शा फस गया। जो शाम के 6:36 बजे तक लगातार जाम में ही नहीं फसा रहा। इस दौरान शंकर चौक से आ रहे रिक्शा चालक मनोज शर्मा भी ढाला जाम में फंस गए थे। बुधवार की देर शाम जहां पूर्णिया से सहरसा पहुंचने वाली पैसेंजर ट्रेन को रेलवे स्टेशन पर रिसीव किया गया। इस दौरान गंगजला रेलवे ढाला और बंगाली बाजार रेलवे ढाला को पूरी तरह जाम कर दी गई थी। वही सुपौल से भी पैसेंजर ट्रेन को रिसीव किया जाता रहा। दोनों ही ट्रेन पहुंचने के बाद भी रेलवे ढाला नहीं उठाई गई। बल्कि इस दौरान 2-2 रेल इंजन का रिवर्सल भी किया जाता रहा। ऐसे में लगभग डेढ़ घंटे की जाम बंगाली बाजार और गंगजला ढाला पर लगी रही। जबकि रेलवे ने सख्त निर्देश जारी करते हुए अपने सभी संबंधित रेलवे स्टेशन मास्टर को आधे घंटे से अधिक रेलवे ढाला को जाम नहीं किए जाने की हिदायत दे रखी है। साथ ही जिला प्रशासन की अगुवाई में कई दफे रेल अधिकारियों की भी बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें भी एक बार अधिकतम में आधे घंटे तक ही रेल ढाला को जाम रखने पर सहमति बनी थी।लेकिन स्थानीय रेल अधिकारी न तो जिला प्रशासन के निर्देश का पालन कर रहे हैं और न ही रेलवे के अपने ही नियम के पालन करने की मनसा दिखा रहे हैं। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अधिकतम आधे घंटे तक ही रेलवे ढाला को जाम करने की हिदायत दी गई है। जांच कराई जाएगी। कार्रवाई होगी।

# अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासनिक उदासीनता से संचालित हैं दर्जनों अवैध नर्सिंग होम

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)/** अनुमंडल क्षेत्र में जगह-जगह खुले अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों की जिंदगी का लगातार सौदा हो रहा है। अनुमंडल क्षेत्र का नगर परिषद क्षेत्र एवं प्रखंड क्षेत्र का कोई ऐसा जगह नहीं है जहां फर्जी क्लिनिक व नर्सिंग होम नहीं खुले हों।




जिम्मेदार अधिकारी ऐसे अवैध नर्सिंग होम पर नकेल कसने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। बिना लाइसेंस के चल रहे ऐसे नर्सिंग होम में आए दिन मरीजों की मौत होती है।बिचौलिए व सरकारी अस्पतालों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी कमिशन एजेंट के रूप में काम करते हुए यहां मरीजों को पहुंचाते हैं।

जहां बेगूसराय एवं पटना, सहरसा के डॉक्टरों द्वारा इलाज व आपरेशन का झांसा दिया जाता है। जबकि वहां न तो कोई डिग्री वाले डॉक्टर होते हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ।

यहां न तो रजिस्टर्ड लैब की सुविधा होती है और न ही दवा भंडारण का लाइसेंस।

यहां बतातें चले कि चार दिन पूर्व नगर परिषद क्षेत्र के मधुबन शर्मा टोला निवासी 60 वर्षीय हरिनंदन शर्मा की मौत डाक बंगला चौराहा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान हो गई थी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को मोटी रकम देकर एक स्टांप पेपर पर मौत की अनापत्ति लिखा मामले को रफा दफा कर दिया। उसके बाद मंगलवार को भी अनुमंडलीय अस्पताल में दो संदिग्ध हालात में मिले निजी नर्सिंग होम के दलाल को अस्पताल उपाधीक्षक ने पकड़ कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी देते हुए छोड़ दिया।

यहां बतातें चले कि अनुमंडल क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र में करीब एक दर्जन निजी नर्सिंग होम संचालित है। कुकुरमुत्ते की तरह उग आए ऐसे नर्सिंग होम बिना मानक के संचालित हो रहे हैं।

लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से मरीज को मौत की कीमत चुकानी पड़ रही है।

# अभी नहीं मिलेंगी बरसात से राहत लगातार होगी हल्की और मध्यम दर्जे की बरसात





**सहरसा/**मानसून इस साल लगातार बरसात कर रही है। जिले में प्रतिदिन 24 घंटे के दौरान हल्की और मध्यम दर्जे की बरसात हो रही है। जिससे फिलहाल अभी कोई राहत नहीं मिलने जा रहा है। ऐसे में शहरी क्षेत्रों के लोगों को जहां परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं ग्रामीण इलाके में तेज मूसलाधार बरसात का किसान अभी भी इंतजार कर रहे हैं। हालांकि प्रतिदिन हो रहे हल्की और मध्यम दर्जे की बरसात से किसानों को काफी राहत मिल रही है। इस दौरान धान को रोपने की प्रक्रिया बिना पटवन के संभव नहीं हो पा रही है। लेकिन बिचरे के खेतों में हल्की बारिश से जहां बिचरा उन्नत और स्वस्थ नजर आ रहा है।स्थानीय अगवानपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अशोक पंडित ने बताया कि अगले पांच दिनों तक हल्की और मध्यम दर्जे की बरसात होगी। हालांकि कुछ जगहों पर भारी बरसात होने की भी संभावना दिख रही है। इस दौरान आसमान में घने बादल छाए रहेंगे। मध्यम से तेज गति की पुरवा हवा चलेगी।उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए बताया कि 20-25 दिन पुराने धान के बिचरे को तैयार खेतों में लगाने की प्रक्रिया करनी चाहिए। अगले कुछ दिनों में भारी बरसात होने की भी संभावना दिख रही है। ऐसे में धान रोपने की भी प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।उन्होंने बताया कि जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे दिख रहा है। जिनमें फिलहाल कोई सुधार नहीं होगी। 12 जुलाई- अधिकतम तापमान- 35 डिग्री, न्यूनतम तापमान - 25.4 डिग्री,13 जुलाई-अधिकतम तापमान- 36 डिग्री, न्यूनतम तापमान- 24.4 डिग्री,14 जुलाई-अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री, न्यूनतम तापमान- 23.3 डिग्री

# आरजेएम कालेज में कौशल प्रदर्शनी का प्राचार्य ने किया उद्घाटन





**सहरसा/**रमेश झा महिला महाविद्यालय में बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉक्टर राजीव सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त अवसर पर डॉक्टर सिन्हा ने कौशल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि कौशल विकास वर्तमान में समय की मांग है। जो युवाओं के आत्मनिर्भर बनाने की कुंजी है।उन्होने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ तकनीकि शिक्षा के माध्यम से रोजगार और आत्मनिर्भर में काफी सहायक सिद्ध होता है।इस अवसर पर अर्थ पाल डॉक्टर प्रतीक्षा राज, प्रभारी विभागाध्यक्ष संजीत कुमार सिंह, सहायक अध्यापक सरिता कुमारी, अभिषेक कुमार अभिषेक, शिखा कुमारी, बृजेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम वत्स, रंजन कुमार,शशि रंजन, कुमार देवबंद सिंह,सौरभ कुमार सौरभ,दिवाकर कुमार गौरव, जितेंद्र कुमार,सविता कुमारी, नारायण दत्त पांडेय,डॉक्टर सुधाकर कुमार, शिक्षकेतर कर्मी रोहिणी कुमारी, रंजन कुमार,अभिषेक कुमार, आकांक्षा कुमारी,रीता कुमारी, निर्भय झा, मंतोष कुमार एवं वंदना कुमारी उपस्थित रहे।



**सोनवर्षाराज (सहरसा)।** प्रखंड मुख्यालय के देहद चौक के समीप बुधवार को सामान खरीदने के दौरान उच्चक्के ने बाइक की डिक्की में रखे एक लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित जम्हरा गांव वार्ड नं 10 निवासी सेवनिर्मित शिक्षक कृष्ण देव यादव ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सोनवर्षा से ग्रामीण बैंक में जमा करने हेतु एक लाख रुपये की निकासी किया था।जिसे बाइक की डिक्की में रख कर देहद चौक स्थित एक हार्डवेयर की दुकान से पेंट खरीदने के लिए सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दुकान पर गया।इसी दौरान अपराधी ने डिक्की खोलकर उसमे रखे एक लाख रुपये निकाल फरार हो गये। जब वापस बाइक के पास पहुचा तो डिक्की खुली देख और उसमें से रुपये गायब देख हैरान हो गए।घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई।हार्डवेयर व आस पास के दुकान में लगे सीसी कैमरे के फुटेज में दिखाई दे रहा है कि पीड़ित के दुकान में जाते ही दो अपराधी बाइक को दोनों तरफ से घेर लेता है।उसके बाद डिक्की खोल के पैसे निकाल कर अपने जेब मे रख कर धीरे धीरे टहलते हुए फरार हो जाता है।थानाध्यक्ष प्रमोद झा ने कहा की आवेदन प्राप्त होते ही अग्रतर

# आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर नारे लगाये



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को समर्थन में बुधवार को अस्पताल के मुख्य द्वार पर रोषपूर्ण प्रदर्शन कर बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन के कारण करीब एक घंटे तक ओपीडी सेवा,दवा काउंटर सहित अन्य काम काज बाधित रहा।जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार से राज्य कर्मियों के दर्जा के साथ कम से कम 18 हजार रुपए वेतन निर्धारित करने की मांग को लेकर हमलोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। सरकार जबतक हमारी मांगे को नहीं मानती हैं तबतक हमलोग काम काज छोड़कर धरना पर बैठे रहेंगे। घर से लेकर अस्पताल तक हमलोगों ने काफी मेंहनत कर सरकार के अन्तर्राष्ट्रीय अभियान पोलियो तक का काम किया करते हैं। फिर भी सरकार हमलोगों के साथ अनदेखी कर रही है। सरकार के इन्हीं तानाशाही रवैया के विरुद्ध हमलोगों को धरना पर बैठ आवाज बुलंद करना पड़ा। मौके पर एक दर्जन से अधिक आशा कार्यकर्ता मौजूद रही। कार्रवाई की जाएगी।

**निर्देश** — पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# मासिक अपराध गोष्ठी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कई थाना अध्यक्ष हुए पुरस्कृत, लंबित कांडो को शीध्र निबटारा के निर्देश





**सहरसा/** जिले में विधि व्यवस्था को.बेहतर बनाए रखने के लिए मासिक समीक्षा की जाती है। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सभी थाना अध्यक्ष एवं ओपी अध्यक्ष मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा मिली जानकारी अनुसार सभी थानों में गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों की प्रगति की समीक्षा की गई। वही लंबित निष्पादित कांडों की समीक्षा कर वारंट कुर्की की समीक्षा भी की गई। इस बैठक के दौरान शराबबंदी अधिनियम की समीक्षा तथा जिला के टॉप 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

वही बैंक सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान रात्रि पैदल गश्ती,जनता दरबार एवं विभिन्न आयोग से प्राप्त लंबित पत्रों की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया गया।आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर जुलूस एवं मेला को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी एवं अन्य वादो का भौतिक सत्यापन की समीक्षा की गई।इस अवसर पर सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदर थाना अध्यक्ष एवं ओपी थाना अध्यक्ष को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही थाना अध्यक्ष महिषी एवं उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ता सविता कुमारी को उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही थाना अध्यक्ष सौर बाजार एवं ओपी अध्यक्ष पतरघट को अधिक कांडों के निष्पादन के लिए नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।इस माह में ससमय कार्यालय कार्यों का निष्पादन के लिए हिंदी शाखा प्रभारी समर कुमार को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। वही कार्य में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के लिए थाना अध्यक्ष सोनवर्षा कचहरी को एक निंदन की सजा दी गई है।

# महान समाजवादी नेता स्व परमेश्वर कुँवर की मूर्ति स्थापना का पूर्व सांसद ने किया समर्थन



**सहरसा/**शंकर चौक स्थित विवाह भवन सभागार में बुधवार को एक सर्वदलीय बैठक आयोजित हुई जिसमें पूर्व सांसद लवली आनंद भी शामिल हुई।पूर्व सांसद ने गंडौल चौक महिषी में समाजवादी धारा के महान समाजवादी स्व परमेश्वर कुँवर की मूर्ति स्थापना का समर्थन किया।श्री मति आनंद ने कहा कि स्व परमेश्वर कुँवर महान समाजवादी नेता थें।जिन्होंने जीवन पर्यंत समाजवाद के पद चिन्हो पर चलते रहें।उन्होने जो सामाजिक त्याग व समर्पण किया उसे देखते हुए उन्हें कोशी प्रमंडल का गांधी की उपाधि मिली।सभा की अध्यक्षता एवं संचालन पूर्व प्रमुख सियाराम सिंह कर रहे थे।सभा मे उपस्थित सभी वक्ताओं एवं श्रोताओ ने भी पूर्व सांसद के साथ समर्थन किया। सभा मे तेज नारायण यादव ,ललित कुमार यादव, गजेंद्र साह,बेचन शर्मा,घुनेश्वर सिंह,प्रो दिलीप सिंह, प्रो अशोक कुँवर,प्रो प्रांजल सिंह,मो फूल हसन,दिनेश यादव,राजेन्द्र यादव,जय नारायण शर्मा, दिवाकर साफी सहित अन्य मौजूद थें।

दैनिक शुभ भास्कर



E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
नई दिल्ली, गुरुवार, 13 जुलाई 2023
shubhbhaskar@gmail.com



## ख़ास ख़बर

### घर से फरार लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**संझौली (रोहतास)/** थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव से एक महादलित परिवार की लड़की, 2019 में अगरेड थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी एक महादलित लड़के के साथ घर से निकल फरार हो गई थी। जिसको लेकर लड़की के पिता ने बेलगांव निवासी लड़के के खिलाफ स्थानीय थाने में अपनी बेटी को अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। जिसे पुलिस ने काफी खोजबीन के बाद, बुधवार को अगरेड थाना क्षेत्र के बेलगांव से बरामद कर थाना लाई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 95/19 दर्ज है, जिसमें लड़की के पिता राजाडीह गांव निवासी द्वारा आवेदन दिया गया है कि मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर अगरेड थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी युवक ने अपहरण कर लिया है। काफी खोजबीन के बाद लड़का व लड़की को बेलगांव से बरामद कर लिया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा, कोर्ट के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ऋण बकायेदारों पर बैंक ने कसा शिकंजा, एक गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास)/** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सासाराम अंतर्गत, संझौली शाखा अंतर्गत केसीसी ऋण के हठी बकायेदारों के घर पर, थाना से एएसई जितेंद्र कुमार, बैंक के शाखा प्रबंधक अनुज कुमार, अधिकारी रंजन कुमार, बैंक के नीलाम पत्र अधिकारी रोहित कुमार व वरीय प्रबंधक विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तिलई, मिश्रौलिया गांवों में वसूली अभियान चलाया गया. बैंक प्रबंधक ने बताया कि हठी बकायेदारों पर पुलिस बल व बैंक अधिकारियों द्वारा बकाया ऋण चुकाने हेतु दबिश बनाया गया। जिस दौरान तिलई ग्राम निवासी बाबु लाल शर्मा, पिता स्व विश्वनाथ शर्मा के ऊपर केसीसी बकाया ऋण एक लाख,11हजार, 108 रुपए बकाया राशि नहीं लौट आने के कारण गिरफ्तार किया गया है।

### सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर आशा ने किया प्रदर्शन



**नोखा (रोहतास)/**बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ,गोप गुट के आह्वान पर नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे नोखा प्रखड के सभी आशा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी हुई है। तथा नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा पर ताला जड़ करके अपना प्रदर्शन विरोध जाहिर किया।आशा कार्यकर्ताओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही परेशानी। जानकारी देते हुए आशा कार्यकर्ता विधावती देवी ने बताया कि करोना काल में हम लोग अपनी जान हथेली पर रखकर लोगों की सेवा करते रहे। लेकिन आज तक करोना काल में कार्य किए हुए का पैसा सरकार के द्वारा भुगतान नहीं किया गया। सरकार से हमारी मांग है कि 1000 का प्रोत्साहन राशि हमें नहीं चाहिए कम से कम 10 हजार मानदेय के रूप में हमें मिलना चाहिए। साथ ही हम सभी आशा कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार राज्य कर्मी के रूप में सरकार जल्द स्वीकार करें। जो मांगों के साथ हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे। मौके पर आशा कार्यकर्ता सीमा कुमारी, ललीता देवी फुल कुमारी उषा कुंवर संजू देवी पुनम देवी अन्य आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### सर्प दंश से एक किशोरी की मौत,परिजनों में पसरा मातम



**कोचस (रोहतास)/** थाना क्षेत्र के हरनाथपुर गांव में सर्प दंश से एक बालिका की ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संदर्भ में बताया गया है कि टुनटुन मुसहर की पुत्री सरिता कुमारी अपने घर में बच्चों के साथ खेल रही थी की इसी क्रम में सांप ने डस लिया। सर्प के डसने के बाद बालिका जोर से चिल्लाई, तत्पश्चात परिजनों ने झाड़ फूंक के लिए बालिका को ओझा के पास ले गए जिसमें उसकी हालत गंभीर हो गई। झाड़ फूंक के बाद परिजनों ने दावा करने के लिए निजी क्लीनिक ले गए जहां चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ

**प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है**



**नासरीगंज(रोहतास)/** विश्व जनसंख्या दिवस पर आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को पीएचसी में जनसंख्या स्थिरता पखवारा का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0एन0के0आर्या, एचएम अनिल कुमार, बीएचएम रूपक कुमार व बीसीएम शकील अहमद ने फीता काटकर किया। एमओआईसी डॉ0आर्या ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष "परिवार नियोजन के अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय" को थीम के रूप में चुना गया है। इसके माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया जाएगा। 31 जुलाई तक पूरे प्रखण्ड में अभियान चलाया जाएगा और परिवार नियोजन के उपायों के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। परिवार नियोजन के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। डॉ0आर्या ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के लिए 11 से 31 जुलाई तक प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग्य और इच्छुक लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी सीएचसी व स्वास्थ्य उपकेंद्र में परिवार कल्याण आपरेशन किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक संस्थान को 100 महिला बंध्याकरण एवं 10 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसलिए जो लाभार्थी अस्थाई साधन को अपनाना चाहते हैं, वे अस्थाई साधन के रूप में कॉपर-टी, छाया, अंतरा, कंडोम समेत अन्य सुविधाओं को अपना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार नियोजन का साधन लोगों के बीच प्रत्येक दिन वितरण किया जाएगा। प्रत्येक शुक्रवार को महिला बंध्याकरण व पुरुष नशबंदी का ऑपरेशन किया जाएगा, प्रत्येक मंगलवार को सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कॉपर टी लगाया जाएगा। विश्व जनसंख्या दिवस पर लगभग 20 लोगों का महिला बंध्याकरण व पुरुष नशबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया और 10 लोगों का अंतरा इंजेक्शन लगाया गया। मौके पर परिवार नियोजन काउंसलर अंकु कुमारी, लेखापाल मो0शफीक, लिपिक सुरेश कुमार, एएनएम आरती, प्रमिला, चंद्रावती समेत सभी एएनएम, जीएनएम, आशा, स्वास्थ्य कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

## कृषि वैज्ञानिक ने धान सीधी बुवाई खेती का गुर सिखाया



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा धान की सीधी बुवाई दो विधियों के द्वारा कराया जा रहा है। जब बरसात नहीं हो रही थी, उस समय खेतों की जुताई करने के बाद लेवलर के माध्यम से लेवल किया गया। तत्पश्चात मल्टी क्राप मशीन के द्वारा धान की सीधी बुवाई की गई।

इस विधि में कदवा एवं रोपनी की आवश्यकता नहीं है, सीधे धान को खेतों में गिराया गया है। वर्तमान में इस विधि से कृषि विज्ञान केंद्र के धनगाई फार्म में धान लगाया गया है, जो अब 25- 30 दिनों का हो चुका है। इसके अवलोकन हेतु कृषक धनगाई फार्म का भ्रमण कर रहे हैं। वर्तमान में अधिक वर्षा वाली स्थिति के कारण नमी की अवस्था खेत में बनी हुई है , तो ड्रम सीडर के माध्यम से धान बीज की बुवाई की जा सकती है ।

इसमें कुछ किसान सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इस विधि में बीज को फुलाकर उपचारित किया जाता है फिर ड्रम सीडर में बीज को डालकर कादो किए हुए खेत में बीज को गिरा दिया जाता है। जिससे फसल सीधे लाइन से लग जाती है और धान रोपनी के लागत को इससे बचाया जा सकता है। प्रोफेसर एवं केंद्र प्रधान डॉ शोभा रानी ने बताया कि इस विधि से बुवाई करने पर पानी एवं पोषक तत्वों की उपयोग क्षमता में वृद्धि हो जाती है। अतः किसानों को लागत और समय बचाने हेतु दोनों विधियों से धान की बुवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से बुवाई हेतु कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से संपर्क किया जा सकता है।

## मांगों को लेकर आशा ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नासरीगंज (रोहतास)/** आशा संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सैंकड़ों आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं।

समिति की प्रखंड इकाई की अध्यक्ष अनिता देवी, सचिव गीता देवी और महामंत्री मालती देवी के नेतृत्व में लोगों ने पीएचसी सह रेफरल अस्पताल के मुख्य द्वार पर रोषपुर्ण प्रदर्शन भी किया। इस दौरान लोगों ने जमकर सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अस्पताल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी भी करेंगी। इनकी प्रमुख मांगों में आशा कार्यकर्ताओं व फैसिलिटेटरों को दस हजार रूपये मासिक वेतन, वित्तीय वर्ष 2019/20 की बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द करने, आशा कार्यकर्ताओं-आशा फैसिलिटेटरों को देय प्रोत्साहन-मासिक पारितोषिक का अद्यतन भुगतान आदि में एकरूपता व पारदर्शिता लाने, आशाओं के पोशाक में साड़ी के साथ ब्लाउज व ऊनी वस्त्र की राशि भी उपलब्ध कराने, इन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिये जाने और कोरोना से

पुष्ट/अपुष्ट मृत आशा कार्यकर्ताओं व फैसिलिटेटरों को राज्य योजना की चार लाख और केंद्रीय बीमा योजना की पच्चास लाख की राशि का भुगतान किये जाने

और जनवरी 2019 के समझौते के अनुसार मुकदमों की वापसी समेत अन्य अकार्यांवित बिंदुओं को शीघ्र लागू किया जाना इत्यादि शामिल हैं।

मौके पर सोनी देवी, रीना देवी, माया कुमारी, कुमारी पूनम शर्मा, आशा कुमारी, हाजरा खातून, सुनिता देवी, ऊषा देवी, कुसुम देवी, राजकुमारी देवी, रंजु देवी, कश्मीरा देवी, संगीता देवी, प्रेम कुमारी और इंदु बाला इत्यादि उपस्थित थीं।

## डीसीएलआर ने आरटीपीएस कार्यालय का निरीक्षण किया




**नासरीगंज(रोहतास)/**स्थानीय प्रखण्ड सह अंचल परिसर स्थित आरटीपीएस कार्यालय का डीसीएलआर अविनाश कुमार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने आरटीपीएस कार्यालय में कार्यरत कर्मियों से विशेष पूछताछ किया। उन्होंने ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी उक्त काउंटर पर नियामुकुल कार्य करें। आम लोगों के सभी कार्य आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र समेत विभिन्न प्रकार की पेंशन को ले ऑनलाइन विभाग के साइट पर करें। किसी भी लाभुक को असुविधा न हो उसका ध्यान रखें। इसके अलावा उक्त कार्यालय में नेटवर्क समेत अन्य तकनीकी जानकारी के विषय में कर्मियों से पुछताछ किया। उन्होंने ने कर्मियों से कहा कि किसी प्रकार की असुविधा कार्यालय में कार्य अवधी में हो तो इसकी तत्काल सूचना अधिकारियों को देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कर्मियों से कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही असहनीय होगी। शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई होगी। उक्त निरीक्षण को ले आरटीपीएस कर्मियों में हड़कंप मची रही। बताते चलें कि उक्त परिसर के मुख्य गेट के पास स्थित आरटीपीएस कार्यालय को मनरेगा कार्यालय के सामने व बीडीओ कक्ष के समीप के भवन में शिफ्ट किया गया है

### सीडीपीओ की विदाई समारोह आयोजित

**नोखा (रोहतास)/** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में नये सीडीपीओ आभा कुमारी ने पदभार ग्रहण किया। वही दूसरी तरफ पूर्व सीडीपीओ रुबी कुमारी की विदाई समारोह सम्मान पूर्वक की गई। इस मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रुक्मिणी देवी सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी



**दावथ (रोहतास)/** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट के आह्वान पर दावथ प्रखंड क्षेत्र के सभी आशा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई। साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा पर ताला जड़ करके अपना प्रदर्शन विरोध जाहिर किया। कार्यकर्ताओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही परेशानी। जानकारी देते हुए दावथ प्रखंड आशा कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष धर्मशिला कुमारी ने बताया कि करोना काल में हम लोग अपनी जान हथेली पर रखकर लोगों की सेवा करते रहे।लेकिन आज तक करोना काल में कार्य किए हुए का पैसा सरकार के द्वारा भुगतान नहीं किया गया। सरकार से हमारी मांग है कि 1000 का प्रोत्साहन राशि हमें नहीं चाहिए कम से कम 10 हजार मानदेय के रूप में हमें मिलना चाहिए और हम सभी आशा कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार राज्य कर्मी के रूप में सरकार जल्द घोषित करे। इन मांगों के साथ हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। मौके पर सचिव बबीता कुमारी आशा कार्यकर्ता शोभा देवी, गुड्डी कुमारी, गीता देवी फुल कुमारी सुनीता कुमारी नीतू कुमारी ,फूलवती देवी ,मालती देवी ,पूनम कुमारी, ललिता देवी, धर्मशिला देवी ,सुनीता कुमारी ,नीतू कुमारी ,मीना कुमारी के साथ कई आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### पीएचसी के सामने आशा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**करगहर (रोहतास)/** बुधवार को पीएचसी के सामने आशा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन का नेतृत्व रीना देवी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। 24 घंटे आम लोगों की सेवा में रहने के बावजूद भी उन्हें मजदूरी तक नहीं मिलती।जिसके कारण वे भूखमरी के कगार पर है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी राज्यव्यापी हड़ताल किया गया था। जिसमें सरकार और संघ से 17 बिंदुओं पर सहमति बनी थी। लेकिन आज तक को समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उन्हें प्रत्येक माह 1000 सर्वे रजिस्टर तैयार करने , दो हजार प्रतिमाह मानदेय, समय समय पर प्रोत्साहन राशि भुगतान करने सहित अन्य बिंदुओं पर सहमति हुई थी। लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बीत गया लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन राशि लेने में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार व्याप्त है। विरोध करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है । धरना प्रदर्शन के बाद भी सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती तो अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य संबंधी सारे कार्यों को ठप्प कर दिया जाएगा। उन्होंने 10 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन पीएचसी प्रभारी डॉ तुषार कुमार तथा करगहर में डॉक्टर अनिल कुमार को सौंपा। मौके पर संगीता देवी, कालिंदी देवी ,हिरामुनी देवी, धनवंती देवी, रूबी देवी, विनीता देवी ,दुर्गा देवी ,पूनम देवी, विमला देवी, कलावती देवी आदि शामिल थे।

### बाइक के धक्के से महिला की मौत

**करगहर (रोहतास)/** सासाराम चौसा पथ पर मंगलवार की देर शाम स्थानीय बाजार बस स्टैंड के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पोती के साथ सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिन्हें ग्रामीणों के मदद से पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए महिला को सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया । वही बच्ची को प्रथमिक उपचार के बाद मुक्त कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि करगहर थाना क्षेत्र के गर्भे निवासी शिव मुख यादव की 65 वर्षीया पत्नी सोना मति देवी अपनी 10 वर्षीया पोती आयुषी कुमारी के साथ सड़क पार कर रही थी की सासाराम की ओर से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमे वृद्ध महिला व बच्ची सड़क पर दुर जा गिरी जिन्हें गंभीर चोटें आई। पीएचसी में भर्ती 10 वर्षीय बच्ची को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुक्त कर दिया। जबकि महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला की देर रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि बाइक सवारों की पहचान हो चुकी है। मृतक के परिजनों से बात हुई है वह पोस्टमार्टम से लौटने के बाद एफआईआर दर्ज कराने की बात कही।

**कार्यक्रम** हम सभी अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए तथा अपनी रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाएं ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम संपन्न




**बिक्रमगंज (रोहतास)/** प्रत्येक वर्ष जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है। इसका तात्पर्य है कि हम सभी अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए तथा अपनी रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाएं । जिससे हमारे पर्यावरण सुंदर, स्वच्छ, और हरा भरा बना रहे तथा मानव जीवन भी बचा रहे ।

हम सभी देख रहे हैं कि आजकल लोग बहुत ही निर्दयता पूर्वक पेड़ पौधों को अपने स्वार्थ के लिए तेजी से काट रहे हैं। जिस मात्रा में पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं , उतनी मात्रा में पेड़ पौधा नहीं लग पा रहे हैं। जिससे हम सभी जलवायु परिवर्तन, अधिक तापमान, असमय वर्षा आदि समस्याओं से जूझना पड़ रहा है । इसलिए हम सभी को अपने पर्यावरण को बचाने के लिए निरंतर आगे रहना चाहिए , इसके लिए सरकार के द्वारा बहुत सारा कानून बनाए गए हैं । जिसे अगर कोई हरा भरा पेड़ पौधा काटता है तो उसको दंड दिया जाता है । इस कड़ी में विद्यालय परिवार द्वारा वन महोत्सव पिछले 1 सप्ताह से मनाया जा रहा था , मंगलवार को वन महोत्सव के समापन पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार, इमारती लकड़ी तथा औषधियां आदि अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए ।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्या कुमारी प्रिया ने पौधा लगाकर तथा उसका सिंचाई करके किया । तत्पश्चात प्रत्येक कक्षा के बच्चे विद्यालय परिसर में अपने द्वारा लाए गए पौधे को लगाए तथा उसकी देखभाल के लिए प्रतिज्ञा की । इसके पूर्व विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन वन महोत्सव के अवसर पर किया गया था ।

जैसे वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर बनाना, संगीत, क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए थे । अंत में विद्यालय के प्राचार्या कुमारी प्रिया ने सभी बच्चों, शिक्षकों तथा सभी गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें अगर इस धरती पर रहना है तो नियमित रूप से अपने पर्यावरण की रक्षा करनी होगी तथा हम सभी को यह प्रतिज्ञा करना होगा कि पेड़ पौधे को नहीं काटेंगे तथा काटने से बचाएंगे।

## ट्रक लूट कांड मामलें में तीन अपराधी गिरफ्तार, पुलिस ने ट्रक,मोबाइल सहित कार किया बरामद



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** पुलिस ने ट्रक लूट कांड के मामले में तीन अपराधकर्मियों को किया गिरफ्तार। पुलिस ने मामले में 10 चक्का का एक ट्रक , 4 मोबाइल एवं एक टाटा इंडिको कार को किया बरामद । रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 16 व 17 जून की रात्रि में आजमगढ़ से रोहतास जिला अंतर्गत नासरीगंज बालू घाट जाने के क्रम में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धारूपुर स्थित बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर अज्ञात अपराधियों ने 10 चक्का ट्रक के द्वारा एक 14 चक्का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर क्क50 सीटी 3030 को ओवरटेक करके रोका एवं उनमें सवार 4 अपराधकर्मियों के द्वारा यूपी 50 सीटी 3030 में घुसकर चालक एवं खलासी को बंधक बनाकर ट्रक को लूट लिया गया । जिस संदर्भ में बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 309/23 दिनांक 17 जून 2023 के आलोक में सुसंगत धारा 392 भादवी दर्ज की गई । कांड के उद्भेदन एवं अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक श्री कुमार के द्वारा त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए एक विशेष टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सतीश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अनिल ठाकुर साकिम सितुहारी थाना नारायणपुर जिला भोजपुर को गिरफ्तार किया गया । साथ ही साथ उनसे पूछताछ करने पर इनके द्वारा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की । गिरफ्तार अपराध कर्मी के निशानदेही पर मामले में संलिप्त अपराध कर्मियों में पप्पू कुमार उर्फ प्रदीप उम्र 20 वर्ष पिता वेद प्रकाश सिंह साकिम भलूनी एवं रंजय कुमार उम्र 23 वर्ष पिता राम शरण साह साकिम घासी दोनों थाना नारायणपुर जिला भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।

## ख़ास ख़बर



**कैमूर से संदिप कुमार की रिपोर्ट/कैमुर सोनहान/**कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाढी गांव के विद्यालय के पास जर्जर स्थिति में पड़े कुएं में गिर कर 8 वर्षीय बच्चा सनोज राम पिता छोटे राम बुरी तरह से जख्मी हो गया बच्चा गांव के ही विद्यालय में पढ़ने गया था । वहीं स्थानीय लोगों द्वारा बच्चे को काफी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाल कर सदर अस्पताल भभुआ लाया गया चिकित्सक के? द्वारा इलाज किया जा रहा है वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि कुएं में गिरने से इस प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन अब तक उसकी कोई सुरक्षा बंदोबस्त नहीं किया गया है



**कैमूर संवाददाता संदीप कुमार/कैमुर भभुआ/** कैमूर जिले के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के पटना भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में अचेत अवस्था में एक उम्र दराज व्यक्ति कृष्णा प्रसाद सिंह पिता स्वर्गीय कपिल देव सिंह रोहतास जिले के न्यू एरिया जोड़ा मंदिर डेहरी ऑन सोन के रूप में पहचान की गई जिसे भभुआ जीआरपी पुलिस के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां लाया गया जहां चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ के लिए रेफर किया वही सदर अस्पताल के चिकित्सक ने मृत घोषित किया जिसके बाद शव का अंत्य परीक्षण के बाद परिजनों को सौंपा गया।



**कैमूर संवाददाता संदिप कुमार/कैमुर अधौरा/** कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनी कला गांव के 40 वर्षीय महिला चंदा पति अमेरिका राम वर्तमान में सारंगपुर में रह रही थी जहां बारिश की शुरुआत होने के बाद घर के दरवाजे से बारिश की कयास लगा रही थी तब तक तेज गड़गड़ाहट के साथ ठनका गिर पड़ा जिसे परिजनों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया वही मौके पर अधौरा थाना सब इंस्पेक्टर आलोक बरनवाल ने शव को पंचनामा के बाद अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंपा गया ।

## अनुमंडल अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की की शुरुआत




**कैमुर मोहनिया/ शशिकांत शुक्ल/**शुभ भास्कर मोहनिया कैमूर।नौ सूत्री मांगों को लेकर आशा व फेसिलिटेटर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहें हैं। जिसकी सफलता को लेकर अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में आशा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया ।बिहार राज्य आशा -फैसिलिटेटर संघ के मोहनिया के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने बताया की बुधवार से टीका करण का डब्बा उठने नहीं देना है टीकाकरण मेरा काम है हम न करेंगे न करने देंगे।डीयू लिस्ट सर्वे रजिस्टर जो मेरा हैं नहीं देंगे।वही अनुमंडल अस्पताल का घेराव किया जाएगा।उन्होंने कहा इमरजेंसी सेवा को छोड़ कर पूरा अस्पताल ठप रहेगा।अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने के लिए पूर्व में बैठक भी आयोजित किया गया है।आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा अस्पताल में नारेबाजी करते हुए अपना शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल मजबूती के साथ रहेगा।इस मौके पर अध्यक्ष ने बताया पारितोषिक नहीं मानदेय चाहिए समेत 9 सूत्री मांगे हैं जब तक सरकार हमारी मांगों को नहीं मांन लेते तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

# विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने के कारण मुख्यमंत्री उद्यमी योजना




**शशिकांत शुक्ल/ कैमुर मोहनिया/** शुभ भास्कर मोहनिया कैमूर।मोहनिया में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री उद्यमी योजना फ्लॉप साबित हो रही है।यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना पर विद्युत विभाग ने ग्रहण लगा दिया है।मोहनिया थाना क्षेत्र के शुक्ल पिपरा निवासी सनोज चौधरी ने उद्यमी योजना के सहारे आत्मनिर्भर बनने का सपना देखे थे।लेकिन उनके सपना पर विद्युत विभाग ने पानी फेर दिया है। विद्युत कनेक्शन के अभाव में उनका उद्योग चालू नहीं हो पा रहा है।उद्यमी तीन-चार माह से विद्युत कनेक्शन के लिए विभाग के दफ्तर का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारियों ने दो माह बाद भी कनेक्शन देने का आश्वासन नहीं दे रहे हैं। कई उद्यमियों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने यह कहकर लौटा रहे हैं कि उनके पास थ्री फेज का तार और खंभे नहीं हैं।ऐसी परिस्थिति में उद्यमी काफी निराश हैं।बताया जाता है कि जब तक विद्युत कनेक्शन नहीं होगा तब तक किसी तरह का उद्योग के चालू होने की संभावना नहीं है।मोहनिया प्रखंड के शुक्ल पिपरा निवासी सनोज चौधरी ने बताया कि उन्हें दाल मिल पर उद्योग लगाने की स्वीकृति मिली है।सभी किस्त की राशि का भुगतान होने के बाद वे मशीन की खरीदारी भी कर चुके हैं ।लेकिन विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने के कारण उनका दाल मिल चालू नहीं हो पा रहा है। इसके लिए वे अनुमंडल लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत भी शिकायत दर्ज कराएं है। लेकिन विद्युत कनेक्शन देने में विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई से भी मिले लेकिन वे एस्टीमेट बनाने की बात कह कर पल्ला झाड़ दिये।उद्यमी ने बताया कि जेई की ओर से यह भी बात कही जा रही है कि अपने स्तर से तीन फेज का तार और खंभे की व्यवस्था करें अन्यथा विभाग को एस्टीमेट बनाकर भेजने के बाद स्वीकृति मिलने पर काम की शुरुआत होगी।

## डीसीएम ट्रक से 2645 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद दो धंधेबाज गिरफ्तार





**दुर्गावती कैमुर/**कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के पंजाबी होटल के पास ह्२ से एंटी लिकर एवं दुर्गावती पुलिस के द्वारा एक डिसिएम ट्रक को भारी मात्रा में शराब के साथ बरामद किया गया। वही शराब को लेकर जा रहे चालक और धंधेबाज को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस को सूचना मिली कि एक डिसीएम ट्रक नंबर ह्वश्च 15श्वञ्ज 4212शराब लेकर जा रहा है जिसपर कारवाई करते हुए एंटी लिकर और दुर्गावती पुलिस के संयुक्त कारवाई में ट्रक को पकड़ लिया गया और थाने लाया गया। जहां गिनती किया गया तो 8999 बोतल मे कुल मिलाकर 2645.250 लीटर शराब बरामद किया गया।पुलिस गाड़ी से चालक और धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया और थाने लाई।गिरफ्तार व्यक्ति रविकुमार वर्मा पिता दया वर्मा ग्राम शंकरपुर छावनी थाना मोहमदी जिला लखीमपुर यूपी दुसरा राहुल कुमार पिता नंदकिशोर राय ग्राम हारपुर बखरी जिला मुजफ्फरपुर बिहार का निवासी बताए जाते हैं।पुलिस ने बताया की रवि वर्मा दूसरी बार दुर्गावती थाने में पकड़ा गया है इसके ऊपर केश नंबर 273/021 तारीख11.12.021 दर्ज है । पुलिस इस मामले में दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूछ ताछ के बाद जेल भेज दिया और आगे की करवाई में जुट गई।

## प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के डायरेक्टर व फ़ाउंडर डॉ. पीयूष शाह और कविता पंजवानी को सम्मानित किया



**दैनिक शुभ भास्कर /रामकृष्ण पायलट / राजस्थान /जयपुर/** परशुराम भवन विद्याधर नगर में राजस्थान गौरव श्री सम्मान का भव्य आयोजन किया गया। जिंसमे अलग अलग क्षेत्रों में समाज मे अच्छे कार्य करने वालो को राजस्थान गौरव श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजक सुभाष शर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा ये पहला आयोजन किया गया है। जिंसमे उन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिन्होंने देश और राजस्थान का अपने- अपने क्षेत्रों में विशेष कार्य करके राजस्थान को गौरान्वित किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य संयोजक व प्रमुख उद्योगपति मनीष शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में हाथोज धाम के महंत स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज, नरेंद्र महाराज किशनपोल, विष्णु दत्त महाराज, उद्योगपति राज खान, सुभाष पराशर समाजसेवी, समाजसेवी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पॉल्यूशन चेकिंग बढ़ाने का निर्देश,प्रतिदिन एक घंटा हेलमेट चेकिंग का निर्देश



**भभुआ कैमुर/** आज जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई और निम्न दिशा निर्देश दिया।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ एवं अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सभी आवश्यक उपाय करने का निदेश दिया गया।

परिवहन पदाधिकारी को हेलमेट चेकिंग एवं पॉल्यूशन चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायतों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक कराने का निर्देश दिया गया। छोटा छोटा वीडियो बनाकर चौराहों पर प्रदर्शित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। प्रतिदिन एक घंटा हेलमेट चेकिंग का निर्देश दिया गया।यातायात नियम के बारे में समय-समय पर स्कूलों में बताने का निर्देश दिया गया।

## महुआरी में 11000 के बिजली के शार्ट सर्किट से दो युवक घायल विभाग के कर्मियों का तार जोड़ने में कर रहे थे सहयोग



**चंदन सिंह रामगढ़/कैमुर रामगढ़/**रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुआरी में 11000 के तार की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन का इलाज रामगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है वहीं घटना के बारे में बताया जाता है कि महुआरी गांव के समीप पांच नंबर फीटर का 11000 का तार टूट कर गिर गया था जिसकी सूचना पर कलानी ग्रिड के लाइनमैन तार जोड़ने के लिए आए थे और सहयोग के लिए उन्होंने माहवारी के दो युवक विवेक सिंह यादव और हनुमान सिंह यादव को बुलाया था जहां पर तार टूटकर गिरा हुआ था उसी खंभे पर चार नंबर फीटर का तार भी पास किया गया है जिसमें काम करने के वक्त बिजली प्रवाहित था वही जब पांच नंबर फीटर का टूटा हुआ तार खींचकर टाइट किया गया तो ऊपर से गुजर रहे चार नंबर सीटर के तार से जा लगा जिससे उक्त टूटे तार में भी अचानक बिजली प्रवाहित हो गया जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए कहा कि अगर दोनों सीटों का बिजली काट कर काम किया गया होता तो यह दुर्घटना नहीं होती फिलहाल दोनों की स्थिति नियंत्रण में है वही अस्पताल में आई वास पंचायत की मुखिया पार्वती देवी और उप मुखिया बम भोला सिंह ने पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया

## ड्राइवर की लापरवाही से पलटी स्कूली बच्चों से भरी आटो, 5 बच्चे घायल



**शशिकांत शुक्ल/**मोहनिया कैमूर। मोहनिया थाना क्षेत्र के दादर के समीप संजीवनी पब्लिक स्कूल का ऑटो पलट गया.आटो में करीब 10 से12 बच्चे सवार थे. इसमें से 5 बच्चे हादसे में घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि आटो ड्राइवर की लापरवाही से यह हादसा हुआ है.घटना के बाद ड्राईवर मौके से फरार हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को संजीवनी पब्लिक स्कूल घेंघिया से दादर जाने के क्रम में स्कूल बच्चों से भरा एक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया हादसा उस वक्त हुआ जब चालक गाना बजा रहा था इसी दौरान ऑटो सड़क के डायवर्सन से अनियंत्रित होकर टकरा गई और इस हादसे में ऑटो पलट गई घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की सहायता से ऑटो को सीधा कर उसमें दबे सभी बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया वहीं घटना के बाद बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए एवं चालक की लापरवाही बताया घायलों में गोलू कुमार विनीत कुमार विवेक कुमार अनुज कुमार पीयूष कुमार एवं परी कुमारी बताई जाती हैं जो सभी बच्चे मोहनिया थाना क्षेत्र के दादर गांव के रहने वाले बताए जाते हैं फिलहाल खबर लिखे जाने तक सभी बच्चों का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी था

## चोरी का सामान हुआ बरामद एक व्यक्ति गिरफ्तार



**कैमूर-** जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया जेल। थानाध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र अंतर्गत भदौला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिगाऊ पांडेय का थाना क्षेत्र अंतर्गत ससना पंचायत के मतबरपुर गांव में ई रिक्शा का एजेंसी है। विगत 3 दिन पहले चोरों द्वारा ई रिक्शा के एजेंसी से बैटरी, चार्जर एवं चक्का चोरी कर लिया गया था। जिस संदर्भ में बिगाऊ पांडेय के द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। थाना प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर जांच किया जा रहा था। जिस क्रम में गुप्तचरों के निशानदेही पर मतबरपुर निवासी प्रिंस चौधरी पिता रामाकांत चौधरी के यहां मंगलवार के दिन छापेमारी कर चोरी का सामान बरामद करते हुए, चोरी में संलिप्त प्रिंस चौधरी को गिरफ्तार किया गया। जिसे बुधवार को स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

घायल | दो पक्षों में हुआ विवाद, गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

# भूमि पर स्वामित्व की लड़ाई को लेकर दो पक्षों में विवाद गोली लगने से एक गंभीर रूप से घायल



**कैमूर-** जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ससना पंचायत के मधुबनी गांव में भूमि पर स्वामित्व को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी गांव में भूमि पर स्वामित्व को लेकर दो पक्षों में विवाद इस कदर बढ़ गया कि गोलीबारी भी चलने लगा। जिस क्रम में मधुबनी ग्रामवासी प्रिंस कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष पिता कमलेश सिंह को गोली लग गया, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति के परिजन राकेश कुमार सिंह पिता उमाशंकर सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, भूमि पर स्वामित्व को लेकर ग्रामवासी श्री भगवान सिंह, गिरीश नारायण सिंह एवं शिव शंकर सिंह के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। भूमि पर स्वामित्व को लेकर दोनों पक्षों विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों में, गोलीबारी चलने लगा। जिस क्रम में प्रिंस कुमार पिता कमलेश सिंह उक्त रास्ते से अपने खेत से घर आ रहे थे, की उनके उपर श्री भगवान सिंह के पक्षकारों द्वारा मारो मारो की आवाज के साथ गिरीश नारायण सिंह द्वारा कट्टे से गोली मार दिया गया,जो कि प्रिंस सिंह के बाएं पैर के जांघ में लग गया जिससे कि वह स्थल पर अचेत हो गया। शोर-शराबा सुनने के बाद घायल के परिजनों द्वारा स्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को मोहनियां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति के परिजनों का आरोप है कि श्री भगवान सिंह व गिरीश नारायण सिंह से पैसे की लेन देन को लेकर प्रिंस सिंह के परिजनों के बीच 4 वर्ष पहले से ही मनमुटाव चल रहा था इसी वजह से उनके द्वारा प्रिंस सिंह पर गोली चलाया गया। घायल के परिजनों द्वारा कुदरा थाना अध्यक्ष को आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाया गया है, जिसमें कुल 7 लोगों को आरोपी बनाया गया है। संदर्भ में थाना अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मामले को संज्ञान में आने के बाद स्थल का निरीक्षण किया गया। जांचोपरांत अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक घायल व्यक्ति का इलाज मोहनिया एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सोनपुरी नष्ट की कई लोगों के चालान बनाए



**दैनिक शुभ भास्कर /सुनील कुमार मिश्रा/ राजस्थान /उदयपुर/**शुद्ध के लिए युद्ध अभियान जारी, करीब 13 किलोग्राम सोहनपापडी नष्ट ( 800 ग्राम के 17 जार), घी व बादाम के लिए नमूने- जिला कलक्टर एवं सीएमएचओ डां शंकर एच बामनिया के निर्देश अनुसार आज खाध सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने कृषि मण्डी स्थिति मैसर्स हीरालाल चतर लाल से बादाम एवं मैसर्स लाल चन्द खेमचंद से घी का नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई नियमानुसार की जावेगी।

टौबैको फ्री युथ कैम्पेन के तहत के तहत 1120 रूपये के 10 चालान बनाये- अशोक कुमार गुप्ता खाध सुरक्षा अधिकारी उदयपुर ने कोटपा एक्ट--2003 के तहत 10 चालान धारा 6 व 4 के तहत बनाये। बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है का बोर्ड नंही लगाने पर 6 व्यापारियों के खिलाफ कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत 1100 रूपये के चालान बनाये गये साथ ही सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर धारा 4 के तहत 4 व्यक्तियो के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

साथ ही अपने प्रतिष्ठानों के बाहर 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है का बोर्ड डिस्प्ले करने, तम्बाकू उत्पाद को लटकाकर बेचने हेतु प्रदर्शित नहीं करने, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने तथा बिना सचित्र वैधानिक चेतावनी वाली विदेशी सिगरेट की बिक्री नहीं करने हेतु जागरुक किया।

## ख़ास ख़बर

# 7 स्टार क्लब दुल्ले पहाड़ के पहाड़िया युवाओं को उपायुक्त ने वितरीत किया खेल कीट एवं खेल सामग्री



**साहिबगंज–** पर्यटन कला संस्कृति एवं खेलकूद एवं कार्य विभाग द्वारा जारी झारखंड के नीति 2022 के आलोक में ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से एवं ग्रामीण युवाओं को सामाजिक सांस्कृतिक, साहित्य, कला, खेल कौशल विभाग एवं अन्य लोक कल्याणकारी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब से अधिक से अधिक जिले के युवाओं को जोड़ने विशेषकर पहाड़ पर रह रहे पहाड़िया युवाओं में खेल संस्कृति विकसित करने व सरकार की विभिन्न योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है। इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव ने 7 स्टार दुल्ले क्लब के पहाड़िया युवाओं को समाहरणालय परिसर में फुटबॉल जर्सी, बूट, फुटबॉल इत्यादि प्रदान किया। साथ ही पहाड़िया युवाओं को सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के अस्थाई समिति के गठन हेतु प्रेरित भी किया। साथ ही युवाओं से अनुरोध किया की आप जल्द से जल्द विशेषकर पहाड़िया ग्रामों में अधिक से अधिक सिद्धो कान्हु युवा खेल क्लब का गठन कराने में अपनी सहभागिता दें। इस अवसर पर उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता विनय मिश्र, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल एवं सदर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, खेल प्रशिक्षक योगेश यादव समेत अन्य मौजूद थे।

# 20 जुलाई को कोर्ट के आदेश पर गवाही देने हाज़िर होंगे अरशद



**साहिबगंज–** पर्यावरण प्रेमी सह जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर को अभियोजन कार्यालय रांची से सहायक लोक अभियोजक सदर कोर्ट रांची के हस्ताक्षर से रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को पत्र निर्गत हुआ है कि अरशद नसर को 20 जुलाई को किशोर न्याय बोर्ड डुमरदगा रांची के न्यायालय में हाज़िर किया जाए। जहां बुधवार को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के माध्यम से नसर को जीआर नं. 117/20, अरगोड़ा थाना कांड संख्या 90/19 में हाजिर होने के लिए नोटिस तमिला कराया गया है। उधर नोटिस मिलने के बाद नसर ने मामला बहुत पुराना होने के चलते अपने अधिवक्ता से राय मशविरा कर अगला कदम उठाने की बात कही है।

# मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित निशुल्क दांत जांच शिविर में 80 लोगो ने करवाया जांच



**साहिबगंज–** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और स्टार डेंटल क्लिनिक के सौजन्य से निशुल्क दांत जांच शिविर आयोजन शहर के चौक बाजार स्थित बड़ी मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित की गई। जहां शहर के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जहां निशुल्क दांत जांच के साथ साथ जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाइया भी मुहैया कराई गई। इस शिविर में जांच की महत्वपूर्ण सुविधा डॉ. सर्जन अमन कुमार, डॉ. रमन कुमार और डॉ. तान्या अग्रवाल की ओर से प्राप्त हुआ। वही इस शिविर में मुख्य रूप से चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महासचिव अंकित केजरीवाल, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, सह कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता, पेट्रोन सुनील भरतिया, मनीष पोद्दार, शंकर खंडेलवाल, गोपाल चोखानी, दीपक कनोडिया,? अभिदिप्ष प्रशांत सागर आदि उपस्थित रहे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक हुई आयोजित



**साहिबगंज–** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के साथ बेहतर समन्वय हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

जहां बैठक के दौरान आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म पंजीकरण से संबंधित चलने वाले अभियान की तैयारियों से संबंधित जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करने को कहा। वही बैठक के दौरान बाढ़ की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ज़िले में चारा की उपलब्धता, नाव, शिविर की स्थापना एवं वहां मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया तथा कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड में रहें एवं सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें ताकि बाढ़ के दौरान बाढ़ प्रभावित इलाओं में लोगों को सभी सुविधाएं समय पर मिल सके। वही शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वितीय वर्ष 2023-24 में छात्रवृति से संबंधित आवेदन तथा पंजीकरण की जानकारी ली। जहां सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में आवेदन, योजना अंतर्गत भुगतान आदि की जानकारी ली एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को समन्यवय बना कर विद्यालय वार शिविर लगाकर आवेदन लेना एवं 15 दिनों के भीतर शत प्रतिशत फॉर्म जेनरेट कराने का निर्देश दिया। उधर बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा करते हुए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बीच सर्वजन पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि अपने अपने प्रखंडों में कोई भी 60 वर्ष से ऊपर का वृद्ध व्यक्ति सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत योग्य है एवं लाभ से वंचित नहीं है इससे संबंधित प्रमाण पत्र सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उपलब्ध कराएं।

वही बैठक में नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु जमीन चिन्हितीकरण, ग्राम सभा कराना आदि की समीक्षा साथ ही वैसे आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली की व्यवस्था नहीं है वहां तत्काल बिजली कनेक्शन लेने का निर्देश दिया। वही कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में बीज़ वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने पहाड़िया ग्राम में अगले 2 दिनों में बीज़ वितरण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस समन्वय समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। वही उन्होंने भूमि संरक्षण पदाधिकारी को समन्वय बनाकर 25 जुलाई से पूर्व जल संरक्षण प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। वही खेल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बताया कि ग्रामीण स्तर पर सिध्दो कान्हू युवा खेल क्लब की स्थापना की जानी है। इसी संबंध में अस्थायी समिति का गठन हेतु संबंधित पदाधिकारी को ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

इस बीच जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में संबंधित योजनाओं की निगरानी करने का निर्देश दिया।इस बीच विभिन्न तकनीकी विभाग विशेष प्रमंडल, एनआरईपी, पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, गंगा पंप नहर आदि द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा एवं पथ निर्माण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा आदि भी की गई। इसी विषय मे उपायुक्त ने लघु सिंचाई द्वारा बताया गया कि 10 योजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, जहां उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को पूर्ण योजना का फ़ोटो, जीपीएस लोकेशन एवं वर्तमान स्थिति से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस क्रम में उपायुक्त ने विभिन विभागों को राजस्व का लक्ष्य इसके विरुद्ध वसूले गए राजस्व की समीक्षा भी की गई।

इस बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता विनय मिश्र, डीसीएलआर जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राहुल जी आनंद जी, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल रौशन साह, नजर नजारत उप समाहर्ता अमर प्रसाद, डीएस डॉ. मोहन पासवान, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारीगण, सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य उपस्थित थे।

# सिमड़ा पंचायत के झिमोली गांव में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



**बरहेट–** प्रखंड अंतर्गत सिमड़ा पंचायत के झिमोली कमार टोला के ग्रामीणों के द्वारा माननीय विधायक सह मुख्यमंत्री आदरनीय हेमंत सोरेन जी को गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने को लेकर एक आवेदन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी को दिया गया। वही प्रखंड अध्यक्ष ने इसकी सूचना बिजली विभाग के पदाधिकारियों को दी और बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 63 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। वही आज नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन के लिए झामुमो के कार्यकर्ता झिमोली गांव पहुँचे और ग्रामीणों के द्वारा सभी क ो आदिवासी रिती रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। वही नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो प्रखंड सह बीस सुत्री अध्यक्ष राजाराम मरांडी के द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। वही ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक सह माननीय मुख्यमंत्री आदरनीय हेमंत सोरेन जी का आभार व्यक्त किया गया है। वही मौके पर मौजूद समदा सोरेन, जिसू मरांडी, सुनिल किस्कू बाबूलाल सोरेन, सूरय हांसदा सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्तागण और ग्रामीण मौजूद थे।

# बंग्लादेशी युवक का मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा कर नाम चढ़ाने का मामला प्रकाशित




**उधवा–** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रीधर दियारा पंचायत के अमृत मंडल नामक युवक वर्तमान में प्रखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर है। एक महीना से अमृत मंडल का नागरिकता प्रमाण पत्र का मामला हाट बाजारों में खूब सुर्खियां बटोर रही है। वही ऐसे में फिर से एक नया मामला का खुलासा हुआ है।

वही अमृत मंडल के द्वारा मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है और मतदाता सूची में उनका मकान संख्या 235 है। जिसमें अमृत मंडल पिता मनोरंजन मंडल क्रम संख्या 275 है। वही ग्राम पंचायत चुनाव 2022 के श्रीधर दियारा पंचायत की मतदाता सूची में साफ साफ अंकित है की अमृत मंडल का इपिक संख्या MWBz832241 है और मकान संख्या 235 में मनोरंजन मंडल का पिता देव मंडल है जबकि अमृत मंडल का दादा का नाम महादेव मंडल है।

वही सूची में मकान संख्या 235 में मनोरंजन मंडल का छः पुत्र का वोटर कार्ड बना है। जबकि मनोरंजन मंडल का चार पुत्र हैं और माणिक मंडल, मिथुन मंडल, रतन मंडल तथा बच्चन मंडल है। वही लेकिन सूची के अनुसार मनोरंजन मंडल पिता देव मंडल के ही छः पुत्र है। इसमें अमृत मंडल तथ उनका भाई पवित्र मंडल दोनों भाई का नाम उल्लेख है,इस प्रकार अमृत मंडल वोटर कार्ड में भी फर्जीवाड़ा किया है। वही लगातार खबर प्रकाशित के बावजूद वरिय पदाधिकारी अब तक मामला को संयम में नहीं लिया है।

# गांव गांव घूमकर किया जा रहा है परिवार नियोजन जागरूकता



**तालझारी–** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एचडब्ल्युसी वृंदावन में बुधवार को कार्य आकलन के आधार पर गोल्डन बैच सिल्वरबैक एवं राउंड बैच के द्वारा लगातार सहिया दिदि ने गांव गांव परिवार नियोजन विधि के फायदे के बारे में लोगों को जागरूक किया है। वही उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा परिवार नियोजन सामग्री का वितरण किया गया है। वही प्रभार प्रभारी डॉ रंजन कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए परिवार नियोजन पखवारा 31 जुलाई तक निरंतर चलता रहेगा। वही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाली महिलाओं और घर घर जाकर नवदंपत्तियों और अन्य विवाहित महिलाओं और पुरषों को परिवार नियोजन के महत्व और आवश्यकता के बारे में बताया जा रहा है। वही साथ ही ई रिक्शा के माध्यम से माइकिग कर प्रचार प्रसार जारी है। वही उन्होंने कहा की परिवार नियोजन की राह में अभी भी कई बाधाएं है इसके अंतर्गत लड़की का कम उम्र में शादी होना, दंपत्तियों द्वारा परिवार नियोजन के अस्थाई मेथड का कम उपयोग करना और लोगों के मन में परिवार नियोजन के प्रति कई प्रकार की भ्रांतियों का होना मुख्य कारण है। वही ई रिक्शा के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन की आवश्यकता के बारे में बताते हुए महिलाओं को दो बच्चों में अंतराल के लिए अस्थाई विधि के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, इसके अलावा परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता को बढ़ाना, सही उम्र में शादी और फिर उसके बाद सोच समझ कर बच्चे की प्लानिग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वही महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग करने के साथ यह भी बताना है की परिवार नियोजन बिलकुल सुरक्षित है। वही इमें फिक्स डे सर्विसेज, आदर्श दंपत्ति योजना, गर्भ निरोधक साधन का वितरण, नई पहल किट का वितरण सहित कई कार्यक्रम संचालित हैं। वही मौके पर स्वास्थ्य पदाधिकारी एस्तर हेंब्रम, संगीता कुमारी, अंधेरी निशा मुर्मू, सहिया साथी सलोनी मुर्मू, बीकेटी अवधेश कुमार ठाकुर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सदर एसडीपीओ ने मनिहारी एसडीपीओ के साथ अंतर्राज्यीय सीमा पर बरती जाने वाली चौकसी को लेकर की बैठक




**साहिबगंज–** सकरोगढ़ स्थित अनुमंडल कार्यालय में स्थित सदर एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र कुमार दुबे ने पड़ोसी सीमावर्ती राज्य बिहार के मनिहारी एसडीपीओ मनोज कुमार एवं एसएचओ रामविलास सिंह के नेतृत्व में नगर प्रभाग इंस्पेक्टर, नगर थाना प्रभारी, जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बरती जाने वाली चौकसी समेत अन्य कई मुद्दों पर बैठक की गई। जहां बैठक के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर शराब तस्करी, वाहनों की चोरी समेत अन्य कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जहां दोनों ही जिलों के एसडीपीओ ने एक दूसरे को भरपूर सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर कई थाना प्रभारी मौजूद थे।

# राजमहल में पांचवा महीना का पोषाहार किट का वितरण किया गया



**राजमहल–** अनुमंडल अस्पताल परिसर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुदीन शेख ने प्रधानमंत्री के आवाहन पर टीवी मुक्त अभियान को लेकर दो टीवी मरीजों को गोद लिए गए थे। वही जिसे प्रत्येक महीना पोषाहार की कीट नगद रुपैया प्रत्येक महीना मरीजों को दिया गया है। वही बुधवार को पांचवा महीना का पोषाहार कीट वितरण किया गया और मौके पर डॉक्टर गुफरान आलम, डॉक्टर सादिक अंसारी, शंकर सिंह, अमित कुमार, रविंद्र तुरी, राम कुमार, राहुल शेख, सहित अन्य उपस्थित थे।

**सड़क जर्जर** साहिबगंज एनएच 80 मुख्य सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर पड़ी है।

# जर्जर सड़क पर फंसी एंबुलेंस ग्रामीणों ने बाहर निकाला, सड़क पर है बड़े बड़े गड्ढे, गड्ढे में तब्दील राजमहल साहेबगंज मुख्य सड़क



**राजमहल–** साहिबगंज एनएच 80 मुख्य सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर पड़ी है। वही इसका सुद लेने वाला कोई नहीं है, और सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है की इसपर पैदल चलना? भी मुश्किल हो गया है। वही इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की मंगलहाट से राजमहल की दुरी महज़ सात किलोमीटर है, और इसे मोटर साइकिल से सफर तय करने में आधा घंटे का वक्त लग जाता है। वही सड़क इतना उबड़ खाबड़ है की इसपर पैदल चलने वाले यात्री भी परेशान हैं। वही साल में लगभग 3 से 4 बार डस्ट, गिट्टी डाल कर रिपेयर किया जाता है। वही फिर भी इसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होती है। वही रिपेयरिंग कार्य होने के कुछ दिनों तक तो सड़क पर गाड़ीयां ठीक ठाक चलतीं है और फिर सड़क रिपेयर में डस्ट इस्तेमाल होने के कारण वाहनों के आवागमन करने पर काफी धुल उड़ती है। वही जिससे राहगीर तथा सड़क किनारे बसे घर धुल से भर जातें हैं, और इसके बाद जब बारिश होती है तो बारिश के पानी में डस्ट बह जाती है और बड़ी बड़ी गिट्टी बाहर निकल आती जिससे सड़क गढ्ढे में तब्दील तो होता ही है। वही इसके अलावा गिट्टी निकलने के बाद जब बड़ी वाहन चलती है तो टायर से गिट्टी छिटक कर राहगीरों को लगती है, जिससे की यात्री चोटिल हो जातें हैं और जर्जर सड़क का खामियाजा सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों को होती है। वही सड़क पर पानी जमा रहने के कारण चालक गढ्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं और गड्ढे में गिर जाते हैं। वही आए दिन बाइक सवार और साइकिल सवार गड्ढे की वजह से गिरकर घायल हो जा रहे हैं और यह ही नहीं राजमहल से लेकर नवगच्छी, सैयदबाजार, रायबाजार, कसवा, मंगलहाट,मलाहीटोला,डेढ़गामा, कन्हैयास्थान, चंडीपुर, मसकलैया, सुकसेना गांव तक सड़क पर बड़े बड़े गड्ढा हो चुके है सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिसपर चलना अब दुभर हो गया है। वही राहगीरों का कहना है की काफी वर्षों से सड़क की स्थिति जर्जर है और सरकारी अधिकारी हो या राजनेताओं का इसी सड़क से आवागमन होता है लेकिन इसे अच्छी तरह से पिचींग कर बनाने में कोई ध्यान नहीं दे रहा है, और आखिर कब तक डस्ट और गिट्टी से रिपेयरिंग होता रहेगा।

# जाल में फंसा हुआ मिला मगरमच्छ का शव, डीएफओ ने की छानबीन



**साहिबगंज–** पिछले कई महीनों से गंगा में अठखेलियां कर रहे मगरमच्छ की हुई मौत। वही बुधवार को इसकी सूचना मिलते ही डीएफओ मनीष तिवारी ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन करते हुए मगरमच्छ के शव का पोस्टमार्टम करने का निर्देश दिया गया है। वही मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह मवेशी पालक मिठू यादव मवेशी चराने रामपुर दियारा के मुहाने की तरफ गया था। वही उसकी नजर तट के जाल में फंसा हुआ मगरमच्छ पर पड़ा और उसने करीब जा कर देखा तो वहां बदबू आ रही थी और वही मगरमच्छ को मराय हुआ पाया गया। वही उसने इसकी सूचना अपने गांव वालों को दीया, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना डीएफओ मनीष तिवारी को दी। वही सूचना मिलते ही डीएफओ मनीष तिवारी दलबल के साथ मोटर बोट से वहां पहुंचे। वही उन्होंने पाया की गंगा तट पर मगरमच्छ बुरी तरह जाल में उलझा हुआ था, और प्रथम दृष्टया जाल में उलझने से उसकी मृत्यु हुई होगी। वही उन्होंने ग्रामीणों से भी इस संबंध में जानकारी लिया और साथ ही उन्हें जागरूक करते हुए कहा की ऐसी किसी घटना की जानकारी उन्हें तत्काल दिया करें। वही उन्होंने मछुआरों से अपील करते हुए कहा की जाल में मगरमच्छ या डॉल्फिन के फंस जाने पर उन्हें फंसा हुआ नहीं छोड़ें, बल्कि उसे बाहर निकालें और पानी मे छोड़ दें या वन विभाग को इसकी सूचना दें ताकि जाल में फंसे जलीय जीव की रेस्क्यू की जा सके और कहा की गंगा में अब मगरमच्छ दिख रहे हैं। वही ऐसे में लोग सावधान भी रहें और बेवजह गंगा में तैरने की कोशिश ना करें। वही स्नान के दौरान सावधानी बरतें। वही डीएफओ ने बताया की मगरमच्छ के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद यूडी केस दर्ज की जाएगी

## ख़ास ख़बर

### जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से संबंधित कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन



**लिट्टीपाड़ा,(पाकुड़)-** प्रखंड सभागार कक्ष में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित।कार्यशाला में बाल विकास परियोजना कार्यालय, स्वास्थ , समाज कल्याण, शिक्षा, सांख्यिकी, पंचायती राज सहित सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, पर्यवेक्षक एवं सूचक के रूप में सभी आँगनबाड़ी सेविका,ए.एन.एम. ,सहिया, पंचायत सचिव, मुखिया एवं स्कुल के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।कार्यशाला में मास्ट ट्रेनर महिला पर्यवेक्षिका चंदना सिंह एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के.सी. दास द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।जिसमे बताया कि जिस बच्चों का जन्म - मृत्यु पंजीकरण नहीं हो सका हो ऐसे सभी बच्चों को चिन्हित कर उनके नाम को 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक अभियान की अवधि में शत-प्रतिशत राज्य की औपचारिक प्रणाली में नामांकित करायें।आँगन बाड़ी केंद्र, स्वास्थ केंद्र, पंचायत सचिवालय एवं विद्यालय के स्तर पर अपंजीकृत बच्चों की पहचान कर लंबित बच्चों को अभियान प्रारंभ होने के 15 दिनों में सूची तैयार कर जन्म - मृत्यु से संबंधित निबंधक को सुपुर्द करने तदुपरांत निबंधक द्वारा पंजीकृत कर लिया जाय। विशेष अभियान में 21 दिनों से लेकर एक वर्ष के विलंब मामले में आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम. पंचायत सचिव एवं स्कुल के प्रधानाध्यापक जो घोषित सूचक है,उनके द्वारा जन्म - मृत्यु रिपोर्ट फार्म–1 भर कर तथा संबंधित लाभुक के अभिभावक से स्व-घोषित शपथ-पत्र एवं आधर कार्ड ,वोटर कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस की छाया प्रति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### शहर के सभी घरों में पहुंचेगा गंगाजल- कांग्रेस जिला महासचिव



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/**पाकुड़्कांग्रेस जिला महासचिव-सह-पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अर्धेन्दु गांगुली ने नगर परिषद क्षेत्र की आम जनता को जानकारी देते हुए कहा कि,शहरी जलापूर्ति योजना की सही जानकारी देना समाजिक कर्तव्य है।जलापूर्ति योजना में ढलाई हो गया है,इसके बाद बिजली के लिए ट्रांसफॉर्मर लगेगा इसे किसी को असहज होने की आवश्यकता नहीं है।

शहरी क्षेत्र की जनता को शहरी जलापूर्ति योजना आवश्यक रूप से झारखंड सरकार की प्रतिबद्धता होना चाहिए कार्य प्रगति पर है।हमारी दायित्व सील सरकार इसके लिए वचनबद्ध है।चांदपुर पूठीमारी स्थल जांच के क्रम में कहा कि पाकुड शहरी क्षेत्र में शीघ्रता शीघ्र घर-घर जल की उपलब्धता कराई जाए।पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनावश्यक रूप से सत्य विहीन बातें कह कर इस क्षेत्र के लोगों को गुमराह कर रही है। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सह जिला कांग्रेस महासचिव गांगुली ने कहा कि मेरे कार्यकाल में नगर क्षेत्र में विकास काफी तेजी से हुआ था। इस योजना के प्रगति पर मेरी नजर है,मैं स्थानीय विधायक-सह-ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का ध्यान भी आकृष्ट कराया है।और इस योजना के अतिशीघ्र क्रियानवन हेतु माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराता रहूंगा।

### देसी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नासरीगंज (रोहतास)/**कछ्वां थाना क्षेत्र के भड़कुड़िया गाँव से स्थानीय पुलिस के द्वारा दो लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त शराब कारोबारी भड़कुड़िया गांव के निवासी मुन्ना रजवार बताया जाता है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भड़कुड़िया गांव से दो लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। संबंधित मामला दर्ज करते हुए शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## महिलाओं के हित संरक्षण कानून विषय पर हुई बैठक




**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली के निर्देशन में अपर जनपद न्यायाधीश तृतीय/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में महिलाओं के हित संरक्षण कानून विषय पर एक बैठक आहूत की गयी जो कि उप जिलाधिकारी नौगढ आलोक कुमार,खण्ड विकास अधिकारी सकलडीहा अरूण कुमार पाण्डेय,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जया त्रिपाठी, श्रम प्रर्वतन अधिकारी दिलीप कुमार मौर्या,तहसीलदार सकलडीहा विकास धर, पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्दौली आशुतोष,बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा व महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री दीक्षा अग्रहरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त बैठक में सचिव द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को मा0नालसा,सालसा व राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा चलाये जा रहे अभियान,महिलाओं के हित संरक्षण कानून विधिक जागरूकता शिविर संबंधी समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गयी।वह उनके द्वारा माननीय नालसा व सालसा द्वारा दिये गये माड्यूल में निम्न बिंदुओं पर निर्देश दिया गया महिलाओं के अधिकार संबंधी कानून, विवाह और विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, महिलाओं को सम्पत्ति में अधिकार, घरेलू हिंसा,यौन उत्पीड़न, क्रूरता, बच्चों के यौन शोषण से बचाव अधिनियम 2012, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव अधिनियम 2013, मातृत्व लाभ अधिनियिम 1961, समान पारिश्रमिक का अधिकार, गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति अधिनियम 1971, प्रसव पूर्व निदान तकनीक तथा सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त समस्त बिंदुओं को प्रत्येक जागरूकता शिविर में उपस्थित महिलाओं व 15 वर्ष से उपर की बालिकाओं को विशेषज्ञों द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया जायेगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष द्वारा यह बताया गया कि उनके विभाग द्वारा 15 जून से ही महिलाओं के हित कानून संबंधी तहसील,ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर पर महिला पुलिस कर्मियों व पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूकता शिविर का लगातार आयोजन किया जा रहा है।अन्त में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली द्वारा समस्त शासकीय एवं गैर सरकारी संगठनों से पूर्ण सहभागिता की अपेक्षा रखते हुए

## मिशन इंद्रधनुष योजना को लेकर सहियाओं के साथ की गई बैठक



**उधवा-** प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा परिसर में बुधवार को मिशन इंद्रधनुष की तैयारी हेतु सहियाओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। वही जिसमें सभी सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया। वही इस दौरान बी टी टी सिंधु राजक ने बताया की मिशन इंद्रधनुष योजना का मुख्य लक्ष्य दो साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सम्?पूर्ण टीकाकरण कराना है। यह मिशन, टीकाकरण के काम में तेज़ी लाने और देश के सभी बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करने के लिए शुरू किया गया है। वही यह कार्यक्रम 7 अगस्त से 15 नवंबर तक चलेगा और क्षेत्र को संपूर्ण रुप से टीकाकरण करने हेतु तीन फेज में विभाजित कर टीकाकरण किया जाएगा। वही प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया की पहला फेज से अंतिम फेज तक सहिया डोर टु डोर छुटे हुए बच्चे को टीकाकरण करेंगे। वही मौके पर बी पी एम अनिल पोल, भी बी डी सद्दाम हुसैन, जसमीन खातून, जयंती देवी, असनारा बीबी, रुबीना बीबी, नायना खातून, मनतसा खातून, अम्बारा खातून सहित अन्य मौजूद थे।

## अंबाडीहा खेत में मिली पटना दानापुर के युवक की लाश, शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया सदर अस्पताल



**साहिबगंज-** ओपी थाना क्षेत्र के अंबाडीहा खेत में पटना नर्सरी गंज दानापुर के रहने वाले युवक छठी राय का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जहां खेत में शव को पड़ा देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी जहां गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त युवक की पहचान की। वही बताया जा रहा है कि उक्त युवक अपने मौसीया सास के घर शोभनपुर मठिया मंगलवार को आया हुआ था जहां बुधवार को उसका शव खेत में पड़ा मिला। उधर खेत में शव मिलने की जानकारी मिलने के बाद ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। फ़िलहाल ओपी पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। उधर मृतक अपने पीछे पत्नी ललिता देवी एवं 2 पुत्र को अकेला छोड़ कर इस दुनिया से चल बसा है। उधर इस घटना के बाद से मृतक के ससुराल वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पलासी प्रखंड के दिघली पंचायत में संपन्न हुई राजद के पंचायत स्तरीय "अम्बेडकर परिचर्चा"



**पलासी।**बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित पंचायत स्तरीय ÷अम्बेडकर परिचर्चा÷ कार्यक्रम का आयोजन पलासी प्रखंड के दिघली पंचायत में पंचायत अध्यक्ष श्री दीनदयाल माझी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राजद पलासी के प्रखंड अध्यक्ष श्री हेम नारायण यादव जी एवं जिला प्रवक्ता राम नारायण विश्वास बतौर प्रभारी मौजुद रहे। जिला प्रवक्ता रामनारायण विश्वास ने कहा की बाबासाहेब द्वारा दिए गए संविधान की रक्षा के लिए राजद परिवार अंतिम सांस तक लड़ेगा। राजद का एक-एक सिपाही संविधान की रक्षा एवं आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के संघर्षों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी के संघर्ष और मेहनत से सामंतवादी भाजपा की नींद हराम हो गई है। जिस तरह से श्री तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में राजद का कारवां तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है ठीक उसी तरह राजद अररिया के जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी के नेतृत्व में संपूर्ण अररिया जिला में हर घर लालटेन,घर-घर लालटेन का कारवां तीव्र गति से गांव-गांव जन जन तक पहुंच रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रुप से पलासी के प्रखंड उपाध्यक्ष श्री मणिलाल मंडल , महिला प्रखंड अध्यक्षा श्रीमती राजकुमारी देवी, बलवा कलियागंज पंचायत अध्यक्ष मोड अखलाक, दिघली पंचायत के मुखिया मोड समद अली, श्री राम प्रसाद यादव, नागेश्वर माझी, जगदीश माझी, रामकृष्ण माझी, मिथुन कुमार माझी, महेन्द्र माझी, चन्देश्वर माझी, मांगन माझी, पिंकी देवी, सरिता देवी, पार्वती देवी, संगीता देवी, फुलो देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, रुबन देवी, सुशिला देवी, गौरा देवी, मोड मोकीम, दुखनलाला माझी सहित दर्जनों राजद के क्रांतिकारी साथी मौजूद रहे।

## कॉमर्स कॉलेज में चल रही स्नातक तृतीय खंड की परीक्षा का पर्यवेक्षक डा. अशोक कुमार ने लिया जायजा



**मधेपुरा।**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा की अंगीभूत ईकाई बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक थर्ड पार्ट की परीक्षा शुरू हुई। कॉलेज के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है।विश्वविद्यालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक डा. अशोक कुमार ने चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर परीक्षा हॉल में उनके साथ प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार अध्यक्ष शिक्षक संघ, परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार मौजूद रहे।

## राजद ने किया बबुआन पंचायत में "अम्बेडकर परिचर्चा"



**नरपतगंज ।**नरपतगंज प्रखंड के बबुआन पंचायत में आयोजित अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहब के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अबदुल हकीम साहब ने तथा मंच संचालन मोहम्मद तकीउद्दीन साहब ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजद अध्यक्ष ने बाबा साहब के विचारधाराओं से सभा को अवगत कराया। अपने अभिभाषण में राजद की विचारधाराओं से लोगों को जानकारी दी गई। मौक़े पर कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष श्री धनंजय यादव, श्री बाबुल इनायत, श्री तुलानंद राम, भाई सरफ़राज सिद्दिकी, श्री दीपेश पासवान, श्री अरुण पासवान, पंचायत उपाध्यक्ष श्री पवन यादव, श्री विवेक यादव, अबुल हसन साहब सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीईओ ने विभिन्न विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**काराकाट (रोहतास)/** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट मो.कलीमउद्दीन के द्वारा बुधवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिसमे मध्य विद्यालय कुरुर, और प्राथमिक विद्यालय कुरूर था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट के द्वारा सोमवार को अपना योगदान दिए इसके उपरांत विद्यालय की गुणवत्ता हेतू आज से निरीक्षण शुरु कर दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में सभी शिक्षक, शिक्षिका समय से विद्यालय पहूंचकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे साथ ही मध्याह्न भोजन की भी गुणवत्ता के साथ विद्यालय में साफ-सफाई बच्चों की उपस्थित के साथ वर्ग कक्ष में शिक्षक के द्वारा पढाने कि शैली को भी जाँच किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट के द्वारा खुद वर्ग-8 में गणित की क्लास लिया गया और बच्चों को गणित की जानकारी दी गई। जाँच के क्रम विद्यालय की विधी व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। एंव अंत में सख्त निर्देश दिया गया कि विधालय में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधालय मे उपस्थित शिक्षक मो.आविद, सरोज कुमार पासवान,प्रमिला कुमारी,ददन कुमार सभी शिक्षक, शिक्षिका एवं रसोईया उपस्थित पाई गई।

## आशा कार्यकर्ताओं ने पीएचसी में ताला बंद कर किया धरना प्रदर्शन



**बिक्रमगंज(रोहतास)/** विभिन्न मांगों को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के पीएचसी बिक्रमगंज , काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोराड़ी एवं पीएचसी राजपुर में आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ताला बंदी कर धरना प्रदर्शन किया । जिससे पीएचसी में उपचार कराने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी । बिक्रमगंज पीएचसी पर शशि यादव बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट/ऐक्टू , सुधा सुमन बिहार राज्य आशा फैसिलिटेटर संघ के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ता पुष्पांजलि कुमारी ,रीता देवी,अनिता देवी तो वही दूसरी ओर राजपुर पीएचसी पर विद्यावती देवी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ता पीएचसी पहुंच मुख्य द्वार पर ताला बंद कर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गई ।ताला बंदी के चलते स्वास्थ्य विभाग का ओपीडी पूर्णतः बंद रहा । अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक व कर्मियों को आशा कार्यकर्ताओं ने अन्दर जाने दिया लेकिन मरीजों को रोक दिया । अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकर्ताओं ने एक हजार में दम नहीं,दस हजार से कम नहीं का नारे भी लगा रहे थे । फैसिलीटेटर सबिता कुमारी,सरोज देवी,लालती कुमारी सहित अन्य ने कहा कि हम सभी आशा सरकार का नियमित तौर पर काम कर रहे हैं । बदले में हमें पारितोषिक के रूप में जो राशि दी जा रही है, उससे घर परिवार चलना मुश्किल हो गया है । जब हम सब नियमित रूप से स्वास्थ्य विभाग में सेवा दे रहे हैं, तो हम सभी को भी सरकार हमे भी स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी घोषित करे नहीं तो हमारी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। पीएचसी के बीसीएम मुकेश कुमार ने कहा कि पीएचसी में चिकित्सक समेत सभी कर्मी तैनात रहे

**सर्वे** | कालाजार की तर्ज पर बहुत जल्द फाइलेरिया से भी मुक्त होने की राह पर अररिया

## नाइट ब्लड सर्वे- सात हजार लोगों की जांच में मिले महज दो फाइलेरिया मरीज



**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**जिले में फइलेरिया के संभावित मरीजों की खोज को लेकर संचालित नाइट ब्लड सर्वे पूरी तरह सफल साबित हुआ। बीते 15 जून से 03 जुलाई के बीच जिले के सभी नौ प्रखंडों में संचालित अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में अधिक लोगों का रक्त सैंपल जरूरी जांच के लिये संग्रह किया गया। रक्त नमूनों की जांच में रानीगंज प्रखंड के धामा पंचायत से फाइलेरिया के दो मरीज मिले हैं। गौरतलब है कि सर्वे को लेकर अररिया व फारबिसंज नगर परिषद क्षेत्र सहित जिले के सभी प्रखंडों में दो-दो सत्र स्थल का चयन किया गया था। सत्र वार जांच के लिये 300 लोगों के रक्त नमूनों के संग्रह का लक्ष्य था। इस तरह अभियान के क्रम में जांच के लिये 6600 लोगों का रक्त संग्रह किया जाना था। इस क्रम में 6823 लोगों को रक्त सैंपल जांच के लिये संग्रह किया गया। सर्वे के लिये कुल 22 स्थानों पर बनाये गये थे सत्र-फाइलेरिया के संभावित मरीजों को चिह्नित करने के उद्देश्य से जिले में कुल 22 सेशन सत्र बनाये गये थे। जहां प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन व वीबीडीसी सहित अन्य विभागीय कर्मियों की देखरेख में रात साढ़े आठ बजे से लेकर 12 बजे के बीच जांच के लिये लोगों का रक्त संग्रह किया गया। जानकारी देते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी रात के समय ज्यादा सक्रिय होते हैं। इसलिये फाइलेरिया रोग की पहचान के लिहाज से नाइट ब्लड सर्वे खासा महत्व रखता है। जिले में संचालित अभियान बेहद सफल साबित हुआ। सर्वे के नतीजे भी संतोषप्रद हैं। इसके लिये अभियान से जुड़े तमाम अधिकारी व कर्मी बधाई के पात्र हैं। कालाजार की तरह जल्द फाइलेरिया से मुक्त होगा अररिया-जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने सर्वे के नतीजों पर संतोष जाहिर करते हुए बताया कि सर्वे के क्रम में निर्धारित किसी भी साइट पर जांच के क्रम में 01 प्रतिशत भी फाइलेरिया के मरीज मिलते तो ये माना जाता कि उस इलाके में फाइलेरिया का प्रसार है। जिले के सभी 22 सेशन साइट में महज रानीगंज के धामा पंचायत में ही फाइलेरिया के दो मरीज मिले जो निर्धारित एक फीसदी से कम है। लिहाजा अररिया को वैसे जिलों की सूची में शामिल किया जा सकता जो फाइलेरिया मुक्त किये जाने के तहत प्रक्रियारत हैं। इसमें अभी दो से तीन साल का वक्त लग सकता है। फिलहाल रैंडम जांच के लिये स्लाइड पटना भेजा जा रहा है। सर्वे के नतीजे से जाहिर है कि अब तक जिले में संचालित एमडीए कार्यक्रम बेहद सफल साबित हुआ है। आगामी अगस्त माह में संचालित होने वाले इस अभियान की सफलता के प्रयासों में हम अभी से जुटे हैं।

## ललमटिया आदिवासी के घर में बम धमाका



**बोआरीजोर-** क्षेत्र अंतर्गत ललमटिया में आज सुबह एक आदिवासी के घर पर बम धमाका हुआ। वही बताया जा रहा है की जब महिला करीब सुबह चार बजे घर से बाहर निकलते वक्त ये घटना घटी है और महिला निकलते वक्त अकेले थी।

वही घटना के वक्त सभी परिवार के लोग घर के अंदर थे। वहा कोई मौजूद नही था और जब धमाका हुआ उस समय में घर से ग्रामीण दौड़ने लगे माहौल में अफरा तफरी मच गया। वही जब महिला को देखा महिला खून से लतपत थी और महिला का बायां पैर पूरी तरह धमाके के चपेट में आने से जख्मी हो गया था।

वही तब कुछ लोगो की मदद से मंझली मरांडी को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल महागमा भेजा गया है। वहां से भी महिला को रेफर कर अस्पताल गोड्डा भेजा गया है। वही थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की हमे कोई ऐसा अभी तक सबूत सामने नहीं आया है की धमाका कैसे हुआ। वही अगर बम ब्लास्ट होता तो जगह पर गड्ढा होना चाहिए था पर ऐसा नहीं है फिर भी अभी खोजबीन जारी है।

# ख़ास ख़बर

## उपत्नी की हत्या मामले में आरोपित पति को पुलिस ने पसिया से गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/** मधुपुर थाना की पुलिस ने बुधवार को पत्नी की हत्या मामले के आरोपित पति को मधुपुर थाना अंतर्गत पसिया गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । पति मनजीत कुमार दास अपनी पत्नी की हत्याकर डेढ़ महीने से फरार था। 2 माह पूर्व 21 मई को विवाहिता मधु उर्फ फुलकुमारी का शव उसके ससुराल में पुलिस को फंदे से झुलता मिला था। इस मामले मे मृतका के मायके वालो ने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज के खातिर उसकी पुत्री की हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को कोविड-19 के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में सीडीपीओ ने की सेविकाओं के साथ बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/** नाला बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में सीडीपीओ सविता कुमारी ने सेविकाओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी सेविकाओं को विभागीय निर्देश के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इस क्रम में पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से संबंधित आवेदन का इंट्री करने का निर्देश दिया गया एवं शेष की प्रगति समीक्षा की गई। वहीं कन्यादान योजना से संबंधित प्रतिवेदन के बारे में बताया गया ।इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 18 से 19 वर्ष के बच्चियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा केंद्र संचालन को लेकर विभिन्न गतिविधियों के बारे में समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर पर्यवेक्षिका विभा रानी सिन्हा, पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी, सेविका अनीता महतो, चंदना सिंह, सुशीला दां, महीना मंडल मीरा मंडल, सांता दास, मीना मिर्धा, शोभा गण आदि सभी काहे मौजूद थी।

## पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर लगाया गया शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/**अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को कुंडहित प्रखंड के बाबुपुर एंव अमलादही पंचायत भवन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुको के साथ आधार सीडिंग एंव ई-केवाईसी को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीटीएम सुजित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा आईपीपी (इंडिया पोस्ट पेमेंट) के तहत लाभुकों का बैंक खाता खुलवाया गया। बैंक खाता खोलने के पश्चात आधार सीडिंग की समस्या देखा जा रहा है। इसे दुर करने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत में शिविर लगाकर पीएम लाभुकों का खाता ठीक करना है। ताकि लाभुको को समय समय पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया पंचायत स्थित प्रज्ञा केन्द्र में लाभुक अपना बैंक खाता के आधार एंव ई केवाईसी करा लेना हैं । जबकि अंचल कार्यालय में लेंड सीडिंग कार्य पुरा कर लेना है। कार्य पुरा होने पर लाभुकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने पर किसी तरह की परेशानी नही होगी। उन्होंने बताया 13 जुलाई को बागडेहरी पंचायत, 14 को बनकाटी

# जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर नाला प्रखंड सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

### कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने की।



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी। नाला (जामताड़ा)/** जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर नाला प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने की। कार्यशाला सीडीपीओ सविता कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर सभी प्रधानाध्यापक, मुखिया, सहिया, सेविका आदि कर्मियों को जन्म मृत्यु पंजीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने कहा कि बच्चे का जीवन की शुरुआत और उसकी पहचान सुनिश्चित करना सबसे पहले और प्रमुख आवश्यकता है । कहा कि जन्म का निबंधन पहला कानूनी दस्तावेज है ।जिसमें बच्चा अपने विवरणों के साथ पंजीकृत हो जाता है। सीडीपीओ सविता कुमारी ने जन्म निबंधन से संबंधित विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक सर्वेक्षण किया जाना है। शत-प्रतिशत निबंधन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी कर्मियों को समर्पित होकर कार्य करना है। कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के तहत देश भर में शत-प्रतिशत निबंधन का लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यक्ति परिवार समाज देश हर स्तर पर महती प्रयास की आवश्यकता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप लोगों की अहम भूमिका और दायित्व होगी।इस दौरान उन्होंने जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं झारखंड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2009 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को भी जन्म मृत्यु एवं मृत्यु जन्म की घटना की सूचना संबंधित रजिस्ट्रार को देने की बात कही गई कि अस्पतालों मातृत्व केंद्रों नर्सिंग होम जेल हॉस्टल धर्मशाला आदि में होने वाली जन्म मृत्यु की घटनाओं की सूचना संबंधित संस्था के प्रभारी द्वारा उनके क्षेत्र के रजिस्ट्रार को विहित प्रपत्र में भरकर दी जानी है। इसके अलावे कार्यशाला में जन्म मृत्यु का पंजीकरण कहां करना है क्यों करना है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र जन्म की तारीख एवं स्थान का एक प्रमाणिक दस्तावेज है। बताया गया कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिनों के पश्चात किंतु 30 दिनों के भीतर उसकी सूचना रजिस्टार को दी जाती है। जन्म या मृत्यु की सूचना रजिस्टर को उसके होने के 30 दिनों के पश्चात परंतु 1 वर्ष के भीतर दी जाती है तो उसका रजिस्ट्रीकरण ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार एवं शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शहर जिला रजिस्ट्रार से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात किया जाता है। इस दौरान कार्यशाला में सभी कर्मियों को जन्म-मृत्यु निबंधन सर्वेक्षण के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी निमाई चंद्र देवांशी प्रोफेसर अनूप कुमार चक्रवर्ती, प्रोफेसर उदित

## मधुपुर स्टेशन से सैकड़ों कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए हुआ रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** बुधवार को मधुपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में मधुपुर स्टेशन से सुल्तानगंज के लिए कांवरियों का जत्था हुआ रवाना। झारखंड के देवघर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक है बाबा बैजनाथ धाम। इसे मनोकामना लिंग भी कहते हैं। भगवान भोलेनाथ सभी के मुराद पूरी करते हैं। देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करने आते हैं।

इस वर्ष मलमास के कारण श्रावणी मेला 2 माह का है। बाबा धाम की तरह दुमका स्थित बासकीनाथ मंदिर भी प्रसिद्ध है। देवघर आने वाले श्रद्धालु बासकी नाथ जरूर जाते हैं। बासकीनाथ को फौजदारी बाबा भी कहा जाता है। कहते हैं कि बाबा धाम आने वाले भक्तों की सभी मन्नते जरूरत पूरी होती है। यहां मनोकामनाएं पूरी होने के कारण मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंग भी कहा जाता है। सावन के महीने में बिहार के भागलपुर जिला में स्थित सुल्तानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा से गंगा जल लेकर कांवर उठाते हैं और बोल बम बोल बम करते हुए पैदल देवघर तक 107 किलोमीटर की कावड़ यात्रा करके देवघर स्थित बाबा धाम में बाबा बैजनाथ धाम का जलाभिषेक करते हैं। जिससे देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं बाबा का जलाभिषेक करने आते हैं । अधिकमास या मलमास होने पर श्रावणी मेला 2 महीने का हो जाता है। इस वर्ष भी मलमास के कारण श्रावणी मेला 2 महीने तक चलेगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जामताड़ा कॉलेज में वन महोत्सव का किया आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जामताड़ा कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में आज वन महोत्सव का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया द्य इस कार्यक्रम में दो प्रकार की प्रतियोगिताओं को रखा गया। जिसमें प्रथम प्रतियोगिता पौधा प्रतियोगिता था।

जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने-अपने घरों से पौधों को गमलों सहित लाया गया तथा जजों के सामने उस पौधे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। दूसरा प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रमों का था जिनमें नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक करने का प्रयास किया गया

इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय राज खलखो के द्वारा की गई तथा पौधा प्रतियोगिता में जज के रूप में प्रोफेसर नीलम कुजुर , डॉक्टर मालती माझी , प्रोफ़ेसर महादेव, कौशल के द्वारा निभाया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जज की भूमिका में. डॉ प्रीति, प्रोफ़ेसर महादेव चंद्र यादव, डॉ राम स्नेही, एवं प्रोफ़ेसर कौशल के द्वारा निर्णय लिया गया। इसमें पौधा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राज पात्र, द्वितीय स्थान अभिषेक झा तथा तृतीय स्थान पर रितिका शर्मा रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर आकाश पांडे, द्वितीय स्थान पर गोविंद तथा तृतीय स्थान पर देवीलाल के द्वारा जागरूकता के गीत प्रस्तुत किए गए।

आकाश पांडे एंड ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा सभी को जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों के पश्चात प्राचार्य खलखो के द्वारा संबोधन किया गया। जिसमें उन्होंने सभी को जागरूक होने की बात कही। वर्तमान परिस्थिति में पेड़ पौधों की उपयोगिता और आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर उसके संरक्षण की बात कही गई। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ काकुली गोराई के द्वारा पर्यावरण संबंधी शपथ ग्रहण भी कराया गया। कॉलेज परिसर में स्वयंसेवकों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा औषधीय बगीचे में हर्रे और बहरा का पौधा लगाया गया

## रेलवे सुरक्षा बल ने नो पार्किंग जोन में खड़े दोपहिया वाहन के खिलाफ की कार्रवाई




**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल ने श्रावणी मेला को लेकर स्टेशन परिसर में जहां-तहां खड़े वाहन को जब्त कर जुर्माना वसूलने का अभियान शुरू कर दिया है । बुधवार को वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर आरपीएफ ने विशेष अभियान चलाकर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया नो एंट्री जोन से करीब 17 मोटरसाइकिल जब्त किया । जब्त सभी मोटरसाइकिल सवार के विरुद्ध रेलवे एक्ट तहत कार्रवाई करते हुए रेलवे न्यायालय में दस्तावेज प्रस्तुत किया । जहां सभी जुर्माना देकर मोटरसाइकिल मुक्त कराया । आरपीएफ ने बताया कि श्रावणी मेला को लेकर स्टेशन में यात्रियों की भीड़ बढ़ी है । मोटरसाइकिल नो एंट्री सर्कुलेटिंग एरिया में जहां लोग खड़ा कर देते हैं । जिससे यात्रियों को स्टेशन आवाजाही में परेशानी हो रही हैं । इसी के आलोक में आरपीएफ में कार्रवाई प्रारंभ कर दिया है । मोटरसाइकिल चालकों को हिदायत दी जा रही है । वह अपनी मोटरसाइकिल रेलवे स्टैंड में लगाएं । रेलवे एक्ट का अनुपालन करें ।

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले पूर्व सांसद फुरकान अंसारी



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/**गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर झारखंड के संगठन एवं आगामी लोकसभा के सम्बंध में लंबी चर्चा की एवं उनके द्वारा माँगे गए झारखंड के 14 लोकसभा सीटों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। आगे पूर्व सांसद ने कांग्रेस अध्यक्ष को मधुपुर में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन मे आने का आमंत्रण दिया और कहा की आपके आने से पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नया जोश एवं ताकत का संचार होगा। आपके कांग्रेस अध्यक्ष बनने से पार्टी को एक नई दिशा और आपके अनुभव का लाभ मिल रहा है जिसका नतीजा है कि आज कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला /जामताड़ा/**शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में नाला पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बुधवार को नाला थाना पुलिस ने नाला प्रखंड के बिंदापाथर थाना क्षेत्र अंतर्गत गूलुडूमरिया गांव के सुनील टुडू को गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में थाना प्रभारी महेश मुंडा ने बताया कि नाला थाना क्षेत्र के पिड़ीता ने थाना में एक आवेदन दी है। जिसके तहत थाना में एक मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि आरोपी व्यक्ति एवं पिड़ीता दोनों पश्चिम बंगाल के फेक्ट्री में काम करते थे। इसी दौरान शादी का प्रलोभन देकर यौन शौषण करते थे । आरोपी व्यक्ति ने पिड़ीता के साथ करीब साल भर से शादी का प्रलोभन देकर यौन शौषण किया।

**बयान** इस देश में कई धर्मों के लोग बसे हुए हैं- मोहम्मद जिया उल हक उर्फ (टार्जन)

## भाजपा की गलत रवैया से मुल्क को होगी बड़ी नुकसान, देश की जनता भाजपा की फैसले का करें विरोध



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**इस देश में बराबरी कानून सिविल कोड से मुसलमानों को ही नुकसान नहीं बल के इस देश में बसने वाले तमाम हिंदू भाई को भी भारी नुकसान है। यह बातें मधुपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी भावी प्रत्याशी मोहम्मद जिया उल हक उर्फ (टार्जन) ने पत्रकारों को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर इस देश में बसने वाले तमाम लोगों को कानून में आजादी के साथ अपने तौर तरीके से जीने का हक दिया है। जब से इस देश में भाजपा के नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है। भाजपा की सरकार ने इस देश में अपने मुताबिक कानून बनाने और लागू करने की प्लान बना रहे हैं। भाजपा सरकार यहां के जनता को बराबरी सिविल कोड लागू कर मजबूर नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा जनसंघ और आर एस एस वाले आजादी के बाद से ही इस देश में अपनी साजिशें रचती आ रही है और भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार को अपने इशारे पर नचा रही है। इस देश में कई धर्मों के लोग बसे हुए हैं और इस देश में अल्पसंख्यकों की निशानदेही मिटाने के लिए भाजपा अपने खेल में मशरूफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की गलत रवैया के कारण इस देश की हालत बिगड़ती जा रही है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी हुई है। इस मुद्दे से भाजपा इस देश के लोगों का ध्यान भटकाने के लिए गलत कानून लागू करना चाहती है। इसलिए इस देश की जनता से अपील है के सरकार की गलत कानून का पुरजोर तरीके से विरोध करें और ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकें।

## प्रवासी मजदूरों के सुरक्षित पलायन को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** शहर के पथरचपटी स्थित प्रेरणा भारती सभागार आसरा में बुधवार को संस्था द्वारा झारखंड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क के तहत प्रवासी मजदूरों के सुरक्षित पलायन को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी,समाजसेवी सह पर्यावरणविद घनश्याम,संस्था सचिव कल्याणी मीणा, समाजसेवी ललिता, प्रवेशिका निवेदिता नताराजन व माइग्रेंट फोरम की सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि रोजी रोटी के लिए पलायन एक सर्वव्यापी समस्या है जिसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन हां पलायन कर्ताओ के बीच का फायदा कर उन्हें इससे संबंधित तथ्यों की जानकारी देकर उनके पलायन को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

समाजसेवी श्याम ने कहा कि हमारे राज्य की बड़ी आबादी प्रचुरता में निर्धनता का शिकार होकर का आभाव में गुजर-बसर करती है।ऐसे में पलायन उनकी नियति बन चुकी है। लेकिन पलायन की त्रासदी को कोरोना काल की त्रासदी ने बड़े ही भयावह तरीके से उजागर किया है। ऐसे में प्रेरणा भारती धन्यवाद की पात्र है जो माइग्रेन्ट फोरम बनाकर प्रवासी श्रमिकों के बीच जागरूकता फैलाने व उनके पलायन को सुरक्षित बनाने हेतु पंजीयन कराने की दिशा में कार्य कर रही है।

इससे पूर्व संस्था सचिव कल्याणी मीणा ने जतन और प्रेरणा भारती के संपर्कों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रेरणा भारती स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सेविका, सहायिका, सहिया व प्रबुद्ध जनों के सहयोग से प्रवासी मजदूरों व उनके परिजनों के बीच पलायन को सुरक्षित बनाने तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। अरुण निर्झर ने संस्था के प्रयासों को श्रमिक सूचना केंद्र के माध्यम से धरातल पर उतारने की बात कही। विषय प्रवेश कार्यक्रम समन्वयक रिबिका मुर्मू द्वारा कराया गया था।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### मोटर साईकिल और टेम्पू के आमने-सामने में टक्कर दो व्यक्ति हुआ घायल



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वी कोशी तटबंध खखई के निकट एक मोटर सायकिल और टेंपू के आमने सामने टक्कर हो जाने से मोटर सायकिल पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी अनुसार मरोना थाना क्षेत्र के लालदेव साह अपने पुत्र ओमप्रकाश कुमार के साथ सुपौल से अपने घर मरौना जा रहे थे जैसे ही खखई के निकट आया तो विपरीत दिसा से तेज रफ्तार में एक टेंपू आ रही थी जो मोटर सायकिल में धक्का मारकर भागने में सफल रहा हालांकि मोटर सायकिल पर सवार पिता पुत्र दोनो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों के मदद से प्राथमिक उपचार हेतु उपस्वास्थ केंद्र किशनपुर लाया गया। पिता लालदेव साह की गंभीर स्थिति देख इलाज हेतु अन्यत्र भेज दिया गया। इस बाबत किसनपुर थानाध्यक्ष महबूब आलम ने बताया की इस बात की जानकारी मुझे नहीं मिली हे जानकारी अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### करजाईन पंचायत में कचरा प्लांट निर्माण लटका अधर में




**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन पंचायत के वार्ड नंबर 07 में बन रहे कचड़ा प्लांट अब तक नहीं बना है। तकरीबन 6 माह पूर्व में ही कचड़ा प्लांट का निर्माण चालू हुआ, मगर बदनसीबी से आज तक बन कर तैयार नहीं हो पाया है। प्लांट के निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही पंचायत के हर वार्ड में कचड़ा उठाव कार्य जारी कर दिया। मगर यह सब महीने भर में ही फुस हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार तो लोगों के सुविधा के लिए बहुत कुछ सोचती है। मगर विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि के जुगल बंदी का शिकार बन कर रह जाती है। जिसके चलते क्षेत्र में सही तरीक़े से विकास कार्य नहीं हो पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से योजना की शुरुआत हुई थी तो लोगों को लग रहा था कि इससे लोगों को सुविधा मिलेंगे। लेकिन लोगों के मंसूबों पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है। वहीं सफाई कर्मचारियों ने बताया कि कचड़े का उठाव कर रखने का जगह नहीं होने के चलते कचड़े का उठाव करना बंद करना पड़ा। वहीं ग्रामीणों ने परेशानी बताते हुए कहा कि सुखा कचड़ा व गीला कचड़ा के उठाव के लिए कुड़ा दान तो दे दिया गया। मगर सफाई कर्मी के द्वारा कचड़ा उठाव नहीं करने से बरसात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चारों तरफ बारिश का पानी लगे रहने से कचड़ा फेकने में परेशानियां हो रही है। इतने लंबे समय से करजाईन पंचायत में कचड़ा उठाने का कार्य बंद है। मगर इससे विभाग अधिकारी व जनप्रतिनिधि बेपरवाह बने बैठें हैं। लोगों ने सरकार की इस योजना को फिसड्डी योजना बताया है। इस बारे में राघोपुर प्रखंड के बीडीओ ओमप्रकाश से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में विलंब हुई है। मगर जल्द ही कचड़ा भवन का निर्माण कार्य सप्ताह भर में पूर्ण कर लिया जाएगा।

### देसी महुआ शराब पुलिस ने किया बरामद, धंधेबाज फरार

**बिक्रमगंज (रोहतास)/** पुलिस ने पांच लीटर देसी महुआ शराब किया बरामद ,धंधेबाज फरार ,मामला दर्ज। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के आमापोखर गांव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर चिन्हित स्थलों से पुलिस ने 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर लिया । उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही शराब धंधेबाज भाग निकला। उक्त मामले में स्थानीय थाना के पुलिस अधिकारी महादेव प्रसाद के द्वारा उक्त गांव के रहने वाले शराब धंधेबाज शिवजी पासवान के विरूद्ध थाना में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त मामले में संलिप्त शराब धंधेबाज को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा ।

# सिवनारानेस्वर मन्दिर में नन्दनी प्रतिमा को पानी पिलाने को लेकर पहुँचा हुजूम





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/**जिले में किशनपुर प्रखंड क्षेत्र के शिवपुरी पंचायत के थरबिट्टा पुनर्वास में बने शिवनारानेश्वर मंदिर में बुधवार को नंदनी की प्रतिमा को पानी पिलाने लोगों का हुजूम आ पहुंचा। जानकारी अनुसार दिन के लगभग 11 बजे मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश राय प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार मंच को आभास हुआ की मंदिर में बने नंदनी की प्रतिमा पानी पी रहा है और जब पानी पिलाने गया तो पानी पी रहा था। यह पानी पीने की जानकारी अगल - बगल के गांवों में फैल गया, जिसके कारण इस मंदिर में श्रद्धालु का हुजूम आ पहुंचा मौके पर श्रद्धालु कल्याण मंडल,पवन मंडल, सतेंद्र मंडल, ललिता देवी, तुलिया देवी,शुशील कुमार,अशोक मुखिया आदि लोगों ने बताया की लगभग 12 बजे हमलोग को जानकारी मिला की शिवनारानेश्वर मंदिर में बने नंदी की प्रतिमा पानी पी रहा है जिसके कारण हमलोग भी अपने हाथ से नंदनी को पानी पिलाने पहुंचे है और पानी भी अपने हाथ से पिलाए अपने हाथ से पानी पिलाने के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालु काफी खुश दिखे वही मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश राय ने बताया की इस मंदिर का निर्माण आज से लगभग 10 वर्ष पहले हुआ है। लोग इस मंदिर से जो भी मन्नते मांगते है उसे यह पूरा करते है। वही मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश राय ने बताया की हिंदू धर्म में सभी देवताओं का कोई न कोई वाहन होता है। भगवान शिव के वाहन नंदी है नंदी कैलाश के द्वार पालक भी हैं जो शिव का निवास है। संस्कृत में नंदी का अर्थ प्रसन्नता या आनंद है। नंदी को शक्ति संपन्नता और कर्मठता का प्रतीक माना जाता है। शिव की मूर्ति के सामने शिव मंदिर के बाहर शिव के वाहन नंदी की मूर्ति स्थापित होती है। नंदी को महादेव का सबसे प्रिय गन माना जाता है। नंदी कौन था और कैसे हुए वह इतने प्रिय पौराणिक कथा के अनुसार शिलाद ऋषि ने



शिव की घोर तपस्या के बाद नंदी को पुत्र रूप में पाया था। शिलाद ऋषि ने अपने पुत्र नंदी को संपूर्ण वेदों का ज्ञान प्रदान किया। शिलाद ऋषि के आश्रम में एक दिन मित्र और वरुण नाम के दो दिव्य ऋषि पधारे नंदी ने इन ऋषियों की सेवा की जब ऋषि जाने लगे तो उन्होंने शिलाज ऋषि को लंबे और खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया। लेकिन नंदी को उन्होंने आशीर्वाद नहीं दिया। शिलाद ऋषि ने दोनों से यह कारण पूछा कि उन्होंने नंदी को आशीर्वाद क्यों नहीं दिया इस पर ऋषि ने कहा नंदी अल्पायु है यह सुनकर शिलाद ऋषि चिंतित हो गए नंदी को जब पिता की चिंता का कारण पता चला तो उन्होंने पिता से कहा कि आपने भगवान शिव की कृपा से मुझे पाया है । तो मेरी उम्र की रक्षा भी वही करेंगे इसके बाद नंदी शिव की घोर तपस्या की नंदी की तपस्या से खुश होकर एक दिन भगवान शिव नंदी के सामने प्रकट हुए शिव ने नंदी से वरदान मांगने को कहा तो नदी ने कहा कि मैं उम्र भर आपके सानिध्य में रहना चाहता हूं। इस पर भगवान शिव ने उनको बैल का चेहरा देखकर उनको अपने वाहन और गमों से सर्वश्रेष्ठ गण के रूप में स्वीकार कर लिया। इसलिए हम जैसे मनुष्य को भी चाहिए कि शिव और नंदी के प्रति आस्था रखें यह हम लोगों की मनोकामना पूर्ण करेंगे।

# मिथिलांचल का लोक पर्व मधुश्रावणी को लेकर छातापुर के नवविवाहिताओं में उत्साह

**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड में सावन महीने के कृष्ण पक्ष पंचमी से आरंभ एवं शुक्ल पक्ष तृतीया को सम्पन्न होने वाली मिथिला संस्कृति व भक्ति का पर्व मधुश्रावणी पूजा प्रारम्भ होते ही प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल व्याप्त है। नव विवाहित महिलाओं के द्वारा किये जाने वाले इस पूजा का विशेष महत्व है। नव विवाहित महिलायें प्रात˜ ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र गंगा स्नान करने के पश्चात अरवा भोजन ग्रहण कर नहाय खाय के साथ पूजन आरंभ हो गई है। जिसको लेकर काफी चहल पहल है। यह पूजा 44 दिनों तक चलेगीद्य इस बार मधुश्रावणी पूजा कुल 44 दिनों तक चलेगी। नहाय खाय के बाद विधिवत इस पूजा का आरंभ हो चुका है ,जो कि 44 दिनों तक चलने के बाद इसका समापन होगाद्य इस बार ऐसा योग बना है कि 44 दिनों तक यह पूजा चलेगी। इससे पूर्व के वर्षों में यह 14 या 15 दिनों तक चलता था। क्या कहती हैं नव विवाहिताएँ ˜ प्रखंड की नवविवाहित महिलाओं रविन्दा कुमारी, सोनी झा, पुष्पा झा, पुष्पांजलि ,निक्की



कुमारी,बिंदा कुमारी, ब्यूटी कुमारी आदि ने बताया कि यह पूजा एक तपस्या के समान है। इस पूजा में लगातार 44 दिनों तक नव विवाहित महिलायें प्रतिदिन एक बार अरवा भोजन करती हैं। इसके साथ ही नाग-नागिन ,हाथी ,गौरी ,शिव आदि की प्रतिमा बनाकर प्रतिदिन कई प्रकार के फूलों,मिठाईयों एवं फलों से पूजन किया जाता है। सुवह-शाम नाग देवता को दूध लावा का भोग लगाया जाता है।क्या है पूजा का है महत्व ˜ मधुश्रावणी पूजन का जीवन में काफी महत्व माना जाता है। इसके महत्व को बताते हुए पंडित कुलानंद झा, राज किशोर गोस्वामी, श्याम नारायण गिरी, गोपाल गोस्वामी आदि कहते कि महिलाओं के द्वारा किया जानेवाला यह पूजा पति के दीर्घायु तथा सुख शांति के लिये की जाती है। पूजन के दौरान मैना पंचमी, मंगला गौरी ,पृथ्वी जन्म ,पतिव्रता ,महादेव कथा ,गौरी तपस्या ,शिव विवाह ,गंगा कथा,बिहुला कथा तथा बाल वसंत कथा सहित 14 खंडों में कथा का श्रवण किया जाता है। गांव समाज की बुजुर्ग महिला कथा वाचिकाओं के द्वारा नव विवाहिताओं को समूह में बिठाकर कथा सुनायी जाती है।पूजन के सातवें, आठवें तथा नौवें दिन प्रसाद के रुप में घर जोड़,खीर एवं गुलगुला का भोग लगाया जाता है। प्रतिदिन संध्याकाल में महिलायें आरती,सुहाग गीत तथा कोहवर गाकर भोले शंकर को प्रसन्न करने का प्रयत्न करती हैं। इस पूजन में मायका तथा ससुराल दोनों पक्षों की भागीदारी आवश्यक होती है। पूजन करने वाली नव विवाहिताएँ ससुराल पक्ष से प्राप्त नये वस्त्र धारण करती हैं।

### विद्यालय भवन बना खंडहर, हादसे की बनी रहती है आशंका



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड में करजाईन बाजार के बौराहा पंचायत के पदुमनगर प्राथमिक विद्यालय खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। इस इमारत को स्थानीय मुखिया अनिता देवी ने तोड़ कर हटाने की मांग की है। वहीं इस बारे में विद्यालय के प्रधान शिक्षक ने बताया कि आज से 50 वर्ष पूर्व में बने इस विद्यालय के दो कमरे का भवन खंडहर में तब्दील हो गई है। जिससे विद्यालय परिसर में हर वक्त किसी बड़े हादसे की घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। हालांकि बच्चों के पठन पाठन का कार्य विद्यालय के नए भवन में किया जाता है। मगर हादसे की आशंका हर वक्त बनी रहती है। पुराना भवन इतना जर्जर हालत में है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वहीं इस बारे में समाजसेवी दिनेश कुमार मेहता ने बताया कि बार-बार इस समस्या से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। मगर इसके बावजूद भी विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। हालात यह है कि अगर गलती से भी कोई बच्चा इस विद्यालय भवन की तरफ गए तो उसके ऊपर मलबा टूट कर गिर सकते हैं। कई बार यहां के शिक्षक व बच्चे हादसे का शिकार होते होते बचे हैं। इस समस्या को लेकर स्थानीय मुखिया व ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए अविलंब इस भवन को तोड़ कर हटवाने की मांग की है।

### मारपीट में घायल गर्भवती महिला ने इलाज के क्रम में 14 वे दिन तोड़ा दम, पेट में पल रहे 8 माह के बच्चे की भी चार दिन पहले ही हो चुकी है मौत





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर छातापुर सुपौल/**जिले में छातापुर थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पिछले 28 तारीख को हुए मारपीट में घायल एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान 10 जुलाई को मौत हो गई है। बताया जाता है की गर्भवती महिला कंचन देवी के पेट में पल रहे 8 माह के बच्चे की भी इलाज के दौरान ही 6 जुलाई को मौत हो चुकी है। जिसे ऑपरेशन करके बाहर निकाला गया था। बताया गया कि पेट में पल रहे बच्चे के सिर में भी चोट के जख्म थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। दरअसल पिछले जून माह के 28 तारीख को छातापुर के झखाड़गढ़ वार्ड न 5 भट्टाबारी में चूल्हा बनाने को लेकर बैजनाथ साह को पड़ोसी से विवाद हुआ था। जिसके बाद पड़ोसी रामदेव साह, ब्रह्मदेव साह और उनके परिजनों द्वारा बैजनाथ साह के पूरे परिवार को बेरहमी से मारपीट किया गया। मारपीट में बैजनाथ साह, उनकी पत्नी बेटा और गर्भवती बेटी जो माइके से आई हुई थी सभी घायल हो गया। आरोप है की मारपीट के बाद आरोपियों ने सबको घर में बंद कर दिया था। जिसके बाद 112 पर डायल करके पुलिस बुलाई गई। तब जाकर सभी घायलों को पीएचसी छातापुर इलाज के लिए भेजा गया। आरोप है की पीड़ित परिवार की गर्भवती बेटी कंचन कुमारी की हालत काफी गंभीर बनी हुई थी, लिहाजा उसे बाहर डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उसके पेट में पल रहे बच्चे जो गहरे चोट के कारण पेट में ही मर चुका था उसे ऑपरेशन करके 6 जुलाई को निकाला गया। तब से पीड़ित महिला की हालत काफी नाजुक बन गई थी। और इलाज के दौरान ही कंचन की 10 जुलाई को मौत हो गई। घटना के बाद मृतक कंचन के शव को उनके ससुराल वीरपुर लाया गया। जहां शव पहुंचते ही कोहराम मच गया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार के लोग गहरे सदमे में है। मृतक कंचन के भाई का आरोप है की इतनी बड़ी घटना के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई नहीं कर रही है। जानकारी मिली है कि घटना के बाद पीड़ित बैजनाथ साह द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। जिसपर छातापुर थाना में मामला भी दर्ज किया गया है।

**हड़ताल** आशा कार्यकर्ताओं को देय प्रोत्साहन मासिक पारितोषिक राशि का अद्यतन भुगतान किया जाय।

### भीमनगर स्थित बसंतपुर पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल

**अभिषेक आनन्द/ दैनिक शुभ भास्कर ,बीरपुर ,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भीमनगर स्थित बसंतपुर पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं ने 9 सूत्री मांगों के लिए आशा संयुक्त संघर्ष मंच के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पीएचसी के आगे धरना पर बैठ कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।और नीतीश सरकार के खिलाफ में नारे भी लगाया। आशा कार्यकर्ता के प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि जब तक बिहार सरकार हमलोगों की मांगो को पूरा नही करता हैं। तबतक हमलोग हड़ताल पर रहेंगे। हमारी 9 मांगों हैं।जो इस प्रकार हैं।कार्यकर्ता फैसिलिटेटरों को राज्य विधि से देय 1000 0 मासिक संबंधी सरकारी संकल्प में अंकित को बदलकर अन्य राज्यों की तरह नियत मासिक




मानदेय किया जाय और इसे बढ़ाकर 10 हजार किया जाय। सरकारी संकल्प के अनुरूप का वित्तीय वर्ष 19-20 (अप्रैल, 19 से नवंबर,20 तक का 1900 रु0 का बकाया राशि का जल्द से जल्द भुगतान किया जाया। असविंन पोर्टल से भगतान शुरू होने के पहले के सभी बकाया राशि का भुगतान किया जाय।

आशा कार्यकर्ताओं-फैसिलिटेटरों को देय प्रोत्साहन मासिक पारितोषिक राशि का अद्यतन भुगतान किया जाय। भुगतान में पारदर्शिता लाई जाय। आशाओं के भुगतान में व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशनखोरी पर सख्ती से रोक लगाई जाय।

कोरोना काल की डियूटी के लिए सभी आशाओं-फैसिलिटेटरों को 10 हजार रुपया कोरोना भत्ता भुगतान किया।आशा को देय पोशाक (सिर्फ साड़ी) के साथ ब्लाउज, पेटीकोट तथा ऊनी कोट की व्यवस्था की जाय और एदेय राशि का अद्यतन भुगतान किया जाय।फेसिलेटर के लिए भी पोशाक का निर्धारण और उसकी राशि भुगतान की शीघ्र व्यवस्था किया जाय।फैसिलिटेटरों को 20 दिन की जगह पूरे माह का भ्रमण अन्य दैनिक 500/-रु. की दर से भुगतान किया।पूर्व विभिन्न कार्यों के लिए निर्धारित प्रोत्साहन राशि की दरों में समुचित बृद्धि हेतु केन्द्र सरकार को एवं अनुशंसा प्रेषित किया जाय। आशा फैसिलिटेटरों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय।कोरोना से पुष्ट अपुष्ट मृत आशाओं को राज्य योजना का 4 लाख और केंद्रीय बीमा योजना का 50 लाख की राशि भुगतान किया जाय।आशा कार्यकर्ता फैसिलिटेटर को भी सामाजिक सुरक्षा योजना-पेंशन योजना का लाभ दिया जाय। जब तक नही किया जाता हैं तब तक रिटायरमेंट पैकेज के रूप में एकमुश्त 10 लाख का भुगतान किया जाया।जनवरी 19 के समझौते के अनुरूप मुकदमों की वापसी सहित अन्य अकार्यान्वित बिन्दुओं को शीघ्र लागू किया जाय।वही मौके पर आशा कार्यकर्ताओं में मंजू भारती, बबिता झा,मंजू यादव, सुनीता, सुधा, सपना,नीतू देवी,डेजी,रीता देवी,मिना देवी,रेखा देवी,अनारी देवी,किरण देवी,लक्ष्मी देवी,जुबेदा, गुलशन, मुन्नी खातून,संगीता देवी आदि मैजूद थी।

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता पिपरा के दीनापट्टी में घटित दोहरे हत्या कांड का खुलासा कर चार अपराधी को किया गिरफ्तार



**मो0 नजीर/ शुभ भास्कर सुपौल/** जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पिपरा के दीनापट्टी गांव के समीप 17 जून को घटित दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर लिया है।

जिसमे चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से एक देशी पिस्टल, दो कारतूस और एक बाइक भी बरामद किया है। अपराधियों ने भाड़े पर पिस्टल लेकर दो लोगों का मर्डर किया था।एसपी सुपौल शैशव यादव पीसी में यह जानकारी देते हुए कहा कि पिपरा थाना क्षेत्र के दीनापट्टी गांव के समीप पिछले 17 जून की रात दो लोगों की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मृतको में मो नुरुल्ला जो एक शिक्षक थे जबकि दूसरा सिकंदर दास था जो वहां घटना स्थल के पास ही एक दुकान करता था। घटना को लेकर पिपरा थाना में कांड दर्ज किया गया। जिसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ कुमार इंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान और संकलित सूचनाओं के आधार पर सर्व प्रथम एक अपराध कर्मी दशरथ कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके निशान देही पर अन्य अपराध कर्मी विपत दास, प्रिंस कुमार और चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया।अपराधकर्मियों ने घटना में संलिप्ता को स्वीकार किया है। सभी अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। एसपी सुपौल शैशव यादव ने कहा की अपराधियों ने पांच हजार में भाड़े पर पिस्टल लेकर इस दोहरे हत्या कांड की घटना को अंजाम दिया था। कहा कि चंदन कुमार ने पांच हजार लेकर दशरथ कुमार को किराया पर पिस्टल दिया था।इस अपराध में सभी अपराधी अपना संलिप्त होने की बात स्वीकार किया

ख़ास ख़बर

## कटिहार के नया टोला से 5620 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार, एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कटिहार में नारकोटिक्स ड्रग्स एवं नशीले पदार्थ को लेकर विशेष छापेमारी अभियान का आयोजन किया गया था इस अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ ओमप्रकाश कर रहे थे। इसी क्रम में थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि नया टोला निवासी विशाल मंडल अपने घर में चोरी छुपे भारी मात्रा में इसमें का फैसला कर घर से बिक्री कर रहा है प्राप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर विशाल कुमार के घर से 5620 ग्राम स्मैक बरामद किया गया उक्त बातों की जानकारी नगर थाना में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने दिया है।

## आईएएस बनने पर गोयल का किया अभिनंदन



**लक्ष्मणगढ़।**जयपुर विकास प्राधिकरण मे उपायुक्त बाबूलाल गोयल के भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत होने पर अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आरटिया राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु भूत के नेतृत्व में स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर आरटिया प्रदेश महामंत्री अनिल सिंघल भी साथ थे। शेखावाटी क्षेत्र के मांवडा खूर्द नीमकाथाना के निवासी गोयल को हाल ही मे विभागीय पदोन्नति में आईएएस बनाया गया है।गोयल के आईएएस बनने पर भूत व सिंघल ने बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण पहुंच कर सालासर बालाजी महाराज का दुपट्टा पहनाकर व बालाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाई।इस अवसर पर शेखावाटी की भौगोलिक स्थिति व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की।

## रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन क्या हुआ कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश कुमार जैन/ राजस्थान/** उदयपुर रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन द्वारा आगामी कार्यक्रम के लिए एजुकेटिव मेंबर्स की एक मीटिंग रखी गई जिसमें संरक्षक श्री भूरा लाल जी एवं अध्यक्ष श्री राजमल जी सचिव श्री अक्षय जी एवं उपाध्यक्ष श्री ललित जी लोड़ा साहब आगामी कार्यक्रमों के बारे में दिशा निर्देश दिए गए एवं सभी मेंबर्स द्वारा रेडीमेड होजरी एसोसिएशन की स्मारिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं सालाना व्यापार मंडल की पिकनिक का आयोजन रखने का अभी निश्चय किया व्यापारियों के सो जाओ पर भी चर्चा की गई इसी श्रंखला में हमारे व्यापार मंडल के युवा पत्रकार का सम्मान किया गया और भी काफी मुद्दों पर चर्चा की गई एवं सभी की सहमति से आगे के कार्य को सुचारू बनाने के लिए संकल्प लिया गया एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री ललित जी लोठा ने स्वरुचि भोज के बाद सबका आभार व्यक्त किया

# समर डांस चैंपियनशिप के विजेता बनी निहारका व आन्या





**दैनिक शुभ भास्कर,/ रामकृष्ण पायलट/ जयपुर राजस्थान/**म्याऊ इवेंट्स की तरफ से समर डांस चैंपियनशिप फाइनल का आयोजन किया गया। इसमें अडिशन से चयनित जयपुर के 28 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल में समर डांस चैंपियनशिप-2023 आन्या शर्मा, निहारिका जांगिड़ विनर बने। बच्चों का टैलेंट देखकर निर्णायक भी प्रभावित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि व निर्णायक इंडिया बेस्ट डांसर राहुल सैन और कोरियोग्राफर शाहरुख, रवि बीदावत ने सरस्वती मां के मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। समर डांस चैंपियनशिप प्रतियोगिता को दो वर्गों (जूनियर एवं सीनियर) में बांटा गया था ग्रेंड फिनाले में 28 प्रतिभागियों ने परफार्म दी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दीं। छोटे बच्चों ने डांस का ऐसा जलवा दिखाया कि हर कोई ताली बजाने को मजबूर हो गया। इसके बाद विजेताओं का चयन किया गया। ये रहे विजेता जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान आन्या शर्मा, द्वितीय स्थान यशास व तृतीय स्थान साँची ने हासिल किया। सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान निहारिका जांगिड़, द्वितीय स्थान रेखा व तृतीय स्थान हर्षिता स्वामी ने हासिल किया। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रतियोगिता किया। म्याऊ इवेंट्स के फाउंडर अरुण चिरानिया ने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने का कार्यभार दीपक कुमावत, मनीष सैनी, सचिन, कामाक्षी आदि ने संभाला।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सोनपुरी नष्ट की कई लोगों के चालान बनाए





**दैनिक शुभ भास्कर /सुनील कुमार मिश्रा/ राजस्थान /उदयपुर/**शुद्ध के लिए युद्ध अभियान जारी, करीब 13 किलोग्राम सोहनपापडी नष्ट ( 800 ग्राम के 17 जार), घी व बादाम के लिए नमूने- जिला कलक्टर एवं सीएमएचओ डां शंकर एच बामनिया के निर्देश अनुसार आज खाध सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने कृषि मण्डी स्थिति मैसर्स हीरालाल चतर लाल से बादाम एवं मैसर्स लाल चन्द खेमचंद से घी( खुशाली) का नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई नियमानुसार की जावेगी।

टौबैको फ्री युथ कैम्पेन के तहत के तहत 1120 रूपये के 10 चालान बनाये-अशोक कुमार गुप्ता खाध सुरक्षा अधिकारी उदयपुर ने कोटपा एक्ट--2003 के तहत 10 चालान धारा 6 व 4 के तहत बनाये। बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है का बोर्ड नंही लगाने पर 6 व्यापारियों के खिलाफ कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत 1100 रूपये के चालान बनाये गये साथ ही सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर धारा 4 के तहत 4 व्यक्तियो के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही अपने प्रतिष्ठानों के बाहर 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है का बोर्ड डिस्प्ले करने, तम्बाकू उत्पाद को लटकाकर बेचने हेतु प्रदर्शित नहीं करने, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने तथा बिना सचित्र वैधानिक चेतावनी वाली विदेशी सिगरेट की बिक्री नहीं करने हेतु जागरुक किया।

## जेएलएनएमसीएच अस्पताल का हाल खस्ता, घायल मरीज को फस्टएड करने के बाद भी बेड नहीं हुआ नसीब





**भागलपुर, रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/** भागलपुर,बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार मुख्यमंत्री हो या फिर स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं। लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल सुधरने के बजाय लगातार खराब होता नजर आ रहा है। पूर्वी क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में देर रात नवगछिया के विजय घाट पुल पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में जहां पूर्णिया के रहने वाले मुकेश यादव की मौत हो गई। वही व्यास यादव घायल हो गए हैं। जिन्हें देर रात बेहतर इलाज के लिए नवगछिया रेफरल अस्पताल से जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन यहां घायल का फर्स्ट एड करने के बाद मरीज को बेड तक नहीं दिया गया और घायल मरीज को अस्पताल बिल्डिंग के बाहर एक पेड़ के नीचे परिजन तीन घंटे से स्ट्रेचर पर लिटा कर बाहर ही पड़े हुए हैं। लेकिन उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। सरकार की बेहतर व्यवस्था करने को किए जाने वाले दावे किस प्रकार से खोखले साबित हो रहे हैं देखकर समझा जा सकता है।

वही युवा राजद के राज्य महासचिव का कहना है कि हालात ठीक नहीं है और इसके लिए वह स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करेंगे।

## राजमहल में बाल विवाह और डायन प्रथा को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**राजमहल-** थाना क्षेत्र अंतर्गत के गदाई दियारा में थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के नेतृत्व में बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। वही मौके पर उन्होंने बाल विवाह, डायन प्रथा मॉब लिंचिंग सड़क सुरक्षा एवं मानव तस्करी जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक करते हुए इन सभी विषयों को बारीकी से लोगों को समझाया और इसका अनुपालन करने की बात कही गई और यदि बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो पुलिस जनप्रतिनिधि, बाल संरक्षण केंद्र को सूचित करें बच्चों के पढ़ने लिखने के समय में उनकी शादी ना करें डायन बिसाही कुप्रथा एक अभिशाप है वही डायन नाम का कुछ नहीं होता है और यह एक शक की बीमारी है और इस पर विश्वास ना करें, वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें। वही शराब पीकर कभी वाहन ना चलाएं भीड़ द्वारा किए जा रहे हिंसा में शामिल ना हो और उपस्थित लोगों को जागरूक किया और कहा की डायन का आरोप लगाना मारपीट करना अपराध है। वही मौके पर एसआई प्रवेश कुमार, एसआई सुनील कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थिति थे।

## पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग की नाली अतिक्रमण किए जाने से केदार यादव ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी को किया





**सकलडीहा चंदौली** क्षेत्र के पचपेड़वा गांव के समीप नेशनल हाईवे किनारे पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग की नाली अतिक्रमण किया जा रहा था जिसकी शिकायत किसान नेता केदार यादव ने जिलाधिकारी से करने के बाद एसडीएम अविनाश कुमार व नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने का काम किया पचपेड़वा नेशनल हाईवे किनारे पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग की नाली को कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था कि जिस से आलमपुर वर्षा के किसानों का सैकड़ों बीघा जमीन होने से वंचित हो रही थी जिसकी शिकायत किसान नेता केदार यादव ने पिछले दिनों जिलाधिकारी से कर अतिक्रमण हटवाने की मांग की जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम अविनाश कुमार नायक तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी द्वारा अतिक्रमण जेसीबी मशीन से पुलिस बल के साथ हटाने का काम किया जिससे अब किसानों को सिंचाई में अवरोध पैदा नहीं होगा

## देवेन्द्र सिंह राव का सम्मान हुआ कवियों की चौपाल कार्यक्रम मे काव्यपाठ किया



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन /राजस्थान/**उदयपुर के कवि गीतकार देवेन्द्र सिंह राव धौली बावड़ी ने नोएडा स्थित साधना चैनल क सतमोला कवियों की चोपाल कार्यक्रम मे शामिल होकर काव्यपाठ किया तेरे कदमों के साथ ही मेरी परछाई चलती- उमंगो के हसीं मेले मे बगैर तेरे अकेले है-मेरी नींदो मे जाने कबसे हसीन सपने पल रहे- नेह निमंत्रण से जब भी पुकारे तुम्हे रचनाएं प्रस्तुत की कार्यक्रम मे राव के साथ कवयित्री वीना सिंह राष्ट्रीय कवि गिरीश विद्रोही नाथद्वारा पूनम जी भी शामिल रही संचालन प्रवर प्रताप सिंह ने किया जो साधना चैनल पर शीघ्र प्रसारित होगा।

विदाई समारोह नियामताबाद ब्लाक में विभाग की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

## नम आंखों से दी गई नियमताबाद ब्लाक की विदाई, चंदौली के मिट्टी को नहीं भूलेंगे, राहुल सागर



**चंदौली/** नियामताबाद ब्लाक में विभाग की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ राहुल सागर को विदाई दी गई।

अधिकारी व कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र सहित कई तरह के उपहार भेट कर सम्मानित किया। बताया जा रहा है कि बीडीओ राहुल सागर की ट्रेनिंग से लेकर पहली पोस्टिंग चंदौली जिले में हुई थी। फिर सदर ब्लॉक व बरहनी ब्लॉक के बीडीओ बनाया गया था। बरहनी ब्लॉक से नियमताबाद ब्लॉक का खंड विकास अधिकारी बनाया गया। एक साल से नियमताबाद ब्लाक के बीडीओ रहे। वही तीन साल से जिले में रह रहे राहुल सागर का महाराजगंज में ट्रांसफर होने पर नियमताबाद ब्लॉक में विभाग की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कर्मचारियों की आंखों में आंसू देखे गए।वही एडीओ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खंड विकास अधिकारी राहुल सागर से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला उनकी कार्यशैली से ब्लाक ऊंचाइयों पर पहुंचा है।इस दौरान खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों के मिले सम्मान से मैं अभिभूत हूं। आप सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए विभाग को अपनी कार्यशैली से आगे बढ़ाएं और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य करें ।क्योंकि अच्छे कार्य करने वाले को हमेशा प्रशंसा मिलती है,। उन्होंने कहा कि चंदौली की मिट्टी को वह कभी नहीं भूलेंगे। विदाई समारोह के दौरान प्रमुख पति बाबूलाल यादव ,जिला विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, डी सी मनरेगा आर के चतुर्वेदी, बीडीओ प्रिया यादव, रवि चंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार सिंह, मनोज सिंह, अभिमन्यु कुमार, राम सिंह, संजय शर्मा, आर बी यादव, शमीम,सहित क्षेत्र के प्रधान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रदीप व खुशबू बने कॉमनवेल्थ भारोत्तोलन प्रतियोगिता में निर्णायक




**चंदौली/**पीडीडीयू नगर ग्रेटर नोएडा स्थित 11 से 16 जुलाई तक होने वाले कॉमनवेल्थ भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चंदौली जनपद के प्रदीप यादव और खुशबू यादव ऑफिशियल निर्णायक भूमिका में चयन हुआ है। स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंदौली एवं जिला खेलजगत फाउंडेशन के जिला महासचिव कुमार नन्दजी ने बताया कि इसके पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक भूमिका निभाने वाले प्रदीप यादव का यह पहला अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता हैं।भारतीय भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव व अन्य सभी पदाधिकारियों ने प्रदीप व खुशबू के अनुशासित ब्यवहार के चलते यह जिम्मेदारी देते हुए शुभकामनाएं दी।

## सात लाख का गांजा बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** विगत काफी दिनों से उड़ीसा प्रांत से अन्तर्राजीय गिरोह द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में गांजा तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना सैयदराजा पुलिस टीम को तस्करों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा संतोष कुमार सिंह को सूचना मिली कि उड़ीसा प्रांत से कुछ गांजा तस्कर गांजा लेकर प्रयागराज जा रहे हैं जिसकी सूचना पर सैयदराजा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान बिहार की तरफ से आ रही एक टाटा टिगोर कार को चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास किया गया तभी कार में सवार लोगों द्वारा पुलिस को चेकिंग करता देख भागने का प्रयास किया गया वही पुलिस टीम द्वारा कुछ मशक्कत के बाद उक्त कार को रोक लिया गया और चेकिंग की गई तो उसमें से 46.250 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रु 7 लाख बताई जाती है।

वहीं पुलिस ने मौके से 3 तस्करों को भी गिरफ्तार किया पकड़े गए तस्करों में अनुज वाजपेयी, अमन सिंह व अनुरोध कुमार श्रीवास्तव बताए जाते हैं।

## ख़ास ख़बर

### प्राचीन शिव मंदिर बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम (घुइसरनाथ )

**प्रतापगढ़**/यह मंदिर उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के अंतर्गत लालगंज तहसील से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है यह मंदिर भगवान भोलेनाथ का अति प्राचीन मंदिर है। जो कि सई नदी के किनारे स्थित है। अपनी आध्यात्मिक एवं पौराणिक विशिष्टता के कारण यह शिव मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग के रूप में बाबा घुइसरनाथ धाम की प्रसिद्धि पूरे अवध में है। बाबा घुइसरनाथ नाथ धाम में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं भोले बाबा अनादि अनंत अविनाशी है यहां हर सोमवार को परंपरागत रूप से बाबा का जलाभिषेक किया जाता है। मलमास के दिनों में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ देखने लायक होती है। कहा जाता है राम जब वनवास के लिए निकले थे। तो यही विश्राम किए थे उनकी पसीने से एक वृक्ष उत्पन्न हुआ था जिसे करील कहते हैं। प्रत्येक वर्ष सावन में यहां पूरे उत्तर प्रदेश से लोग कांवर लेकर आते हैं। शिवरात्रि के पावन अवसर पर यहां करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। भीड़ इतनी होती है कि प्रशासन के पसीने छूट जाते हैं। वैसे तो यहां पूजा पाठ का सिलसिला सुबह से शुरू होकर दोपहर तक चलता है लेकिन सूर्योदय से पहले और प्रदोष काल में पूजन का विशेष महत्व होता है। यहां शिवरात्रि पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यहां लाखों करोड़ों की संख्या में जनसैलाब उमड़ता है। यहां कांवड़ियों की संख्या भी दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। यह बहुत प्राचीन शिव मंदिर है। जो कि सनातन धर्म की आस्था और विश्वास का केंद्र है।

### शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रोकने हेतु विद्यार्थियों ने दिया आवेदन



**गावां-** गावां प्रखंड अंतर्गत प्लस टू हाई स्कूल गावां मैं शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति को रोकने के लिए विद्यार्थियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया एवं शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रोकने की मांग की विद्यार्थियों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षक की कमी है उसके बावजूद भी 2 शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की जा रही है शिक्षक विनय कुमार राय एवं महादेव महतो की प्रतिनियुक्ति की जा रही है अगर विद्यालय मैं शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हो जाती है तो विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा सिलेबस कंप्लीट नहीं हो पाएंगे और हमारी शिक्षा परिपूर्ण नहीं हो पाएगी अतः आवेदन देते हुए छात्र छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा कि अगर प्रतिनियुक्ति नहीं रोकी गई तो हम लोग विद्यालय जाना बंद कर देंगे एवं आंदोलन करने हेतु विवश हो जाएंगे मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यार्थियों से बातचीत कर आश्वासन दिया

### प्रबंधक समिति व शिक्षकों ने डायरेक्ट की उपाधि से सम्मानित जयप्रकाश को किया गया सम्मानित



**धराव** इंटर कॉलेज सभागार में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित जय प्रकाश दुबे को अंग वस्त्र व पुष्पमाला से सम्मानित करते प्रबंधक अवनीश कुमार सिंह व शिक्षक गण धानापुर चंदौली विगत दिनों इंडिया हैबिटेट सेंटर लोधी रोड नई दिल्ली में मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका के तत्वधान मैं नेशनल समित का आयोजन में धराव इंटर कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य जयप्रकाश दुबे को चांसलर लुई वेडले सेक्रेटरी और एजुकेशन लीडर यूके डॉ कांडे पैटरसन द्वारा डायरेक्ट एजुकेशन विद गोल्ड मेडलिस्ट की उपस्थिति मिलने के उपलब्ध में विद्यालय परिसर में जयप्रकाश दुबे को प्रबंधक मनीष कुमार पांडे व शिक्षक ने माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए खुशी जाहिर की इस दौरान प्रबंधन ने कहा कि दुबे विद्यालय प्रबंधक समिति के साधारण सभासद का मेंबर होने के नाते बीच-बीच में विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते रहते हैं पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से डॉक्टर जय प्रकाश दुबे को बधाई देता हूं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं

# इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन की अध्यक्ष बनी कुमारी अमृता 12वां इंस्टालेशन सेरेमनी धूमधाम से मनाया गया





**मोतिहारी 12 जुलाई अशोक वर्मा**/इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन का 12 वां इंस्टॉलेशन सेरेमनी शहर के आवासीय होटल वीके गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति गुप्ता मेयर मोतिहारी इनरव्हील की नई अध्यक्ष कुमारी अमृता, आई.पीपी राखी शाह, चार्टर्ड प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश, संरक्षिका शीला गुप्ता, एवं राजकुमारी गुप्ता ने सम्मिलित रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।मंच संचालन पीपी नूतनबाला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत इनर व्हील प्रार्थना आई.एस.ओ चन्द्रलता वर्मा द्वारा किया गया। वही गणेश स्तुति संरक्षिका शीला गुप्ता, एडिटर नीलम वर्मा, पीपी निशा देव ने मिलकर किया।पीपी आशा सिंह ने सावन गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में राखी शाह ने वर्ष 2022-23 में सदस्यों के सहयोग से अच्छे कार्य किए गए। बेहतर कार्य में मेगा हेल्थ कैंप, वाटर कूलर मंदिर प्रोजेक्ट, टाई साइकिल डोनेशन, कैंसर जागरुकता, सोलर लाइट, पौढ़ शिक्षा, आई सर्जरी, प्रोजेक्ट इत्यादि अवार्ड डिस्ट्रिक्ट एवं क्लब द्वारा सदस्यों को मोमेंट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राखी शाह ने नई अध्यक्ष कुमारी अमृता को कॉलर पहनाकर 2023-24 की अध्यक्ष पद की घोषणा की। नई अध्यक्ष अमृता कुमारी ने अपनी नई टीम में वॉइस प्रेसिडेंट मीरा सिंह, सचिव पुतुल सिन्हा, कोषाध्यक्ष चन्द्रलता वर्मा, आई एस ओ नीलम वर्मा, एवं एडिटर आबिदा शमीम को पिन लगाकर घोषणा की, एवं नई टीम को शुभकामनाएं दिया। अध्यक्ष कुमारी अमृता ने 2023-24 के कार्यों को बताते हुए कहा, कि इस साल एसोसिएशन से मिले गोल टेलब्लेजर के तहत क्लब कार्य करेगी, जिसमें महिलाओं एवं लड़कियों के लिए कई कार्य होंगे जैसे -शिक्षा, घरेलू हिंसा, कैंसर जागरुकता, बाग बगीचों का विकास, विद्यालय गोद लेना इत्यादि कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में क्लब की सीजीआर रुपा सिन्हा भी शामिल हुई। चार्टर्ड प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया भाइयों को उनके सहयोग एवं समाज में हो रहे घटनाओं को लोगो तक पहुंचाने के लिए क्लब द्वारा उनका सम्मान किया। क्लब अवार्ड की जानकारी पीपी रंजिता गुप्ता के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मेयर प्रीति गुप्ता ने क्लब के कार्यों की सराहना किया तथा सभी सदस्यों और नई टीम को शुभकामनाएं दिया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न समाजिक संगठनों के अतिथि देव प्रिय मुखर्जी, डॉ विनोद कुमार, राकेश गुप्ता, नवनीत रंजन, डॉक्टर आलोक कुमार, डॉक्टर अतुल कुमार, राम भजन, डॉ एस एन पटेल, केशव कृष्णा, ओम शांति से पूनम कुमारी, रिंकी जयसवाल, बिन्टी शर्मा, डॉ प्रिया प्रसाद, आदि ने क्लब को एवं नई टीम को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में क्लब की लोकिता, पीपी रजनी कौशल,मीनू श्रीवास्तव, उषा कमल, शीला सचदेव, प्रियंका सिंह, प्रीति जायसवाल, प्रियंका गुप्ता, अलका, रंभा, पूनम गुप्ता, सरिता जयसवाल, नंदिनी, पल्लवी, बिंदु, तृप्ति, सरोज, दीपा, वनीता, आदि उपस्थित थे।

## धावा दल ने दो बाल मजदूरों को मुक्त कराया

**दरभंगा,12 जुलाई अशोक कुमार/**श्रम अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु दरभंगा सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रभारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बहेड़ी शुभम कुमार के नेतृत्व में बहेड़ी प्रखंड के विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में धावा दल की टीम के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया ।जांच के क्रम में बहेड़ी बाज़ार स्थित संत टी स्टॉल, झझरी चौक से दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया ।विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, दरभंगा के समक्ष उपस्थापित कर निर्देशानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है ।बाल एवं किशोर श्रम ( प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है ।श्रम अधीक्षक ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है तथा बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20000 से 50000 तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है ।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार 1996 में दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से ?20000 प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी जो जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा ।इस राशि को जमा नहीं कराने वाले नियोजक के विरुद्ध एक सर्टिफिकेट केस या नीलाम पत्र वाद अलग से दायर किया जाएगा ।आज की इस धावा दल टीम के सदस्य के रूप में शुभम श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कुशेश्वरस्थान सह प्रभारी बहेड़ी, मोहन कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दरभंगा सदर, बमबम कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी घनश्यामपुर, कार्यालय कर्मी आदित्य गौरव एवं अफरोज जमाल , आश्रय ट्रस्ट स्वयंसेवी संस्था के सदस्य निवेश कुमार, प्रयास संस्था से नारद मंडल एवं संदीप कुमार झा, काष्ठ संस्था से नारायण कुमार मजमुदार, एवं अजय कुमार प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, तहसीन आलम सपोर्ट पर्सन, और पुलिस केंद्र दरभंगा से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के 2 पुलिसकर्मी शामिल थे । धावा दल की टीम के द्वारा लोहिया चौक से पंडासराय से होते हुए बहेड़ी बाजार स्थित सभी दुकान एवं प्रतिष्ठान में सघन जांच की गई तथा सभी नियोजको से किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने हेतु एक शपथ पत्र भरवाया गया ।श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि धावा दल नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह संचालित होगा

## प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के अभाव से बच्चों का भविष्य अंधेरे में



**गावां/गिरिडीह-** गावाँ प्रखंड क्षेत्र स्थित सेरूवा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सेरूवा सिमर में शिक्षक के अभाव से स्कूली बच्चों के भविष्य से दिनदहाड़े खिलवाड़ किया जा रहा है.बता दे. सेरूवा ग्राम पंचायत मुखिया गुरूसहाय रविदास दिन बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र गावाँ में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गावाँ तीतू लाल मंडल को विद्यालय में बच्चों की शिक्षा को लेकर हो रहे खिलवाड़ से लिखित आवेदन देकर शिक्षक की स्थाई मांग की है.उन्होंने कहा की विद्यालय में चार महीनों से एक ही शिक्षिका विद्यालय में उपस्थित रह रहीं है जबकि इस विद्यालय में सौ बच्चे से अधिक वर्तमान में अध्यनरत है फिर भी शिक्षा विभाग मौन हैं . ऐसे लापरवाही से शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल उठता है कि अखिर कब तक इन बच्चों का करियर से खिलवाड़ होता रहेगा गौरतलब है कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तीतू लाल मंडल कहे कि पारा शिक्षकों का हस्तांतरण मेरे अंतर्गत नहीं आता.यह जिला का मामला है गावां प्रखंड में ऐसे कई विद्यालय है जो अब इसी तरह संचालित किया जा रहा है.हालांकि ऐसे समस्या को लेकर जिला में चर्चा किया गया फिलहाल वर्तमान में इस पर कोई पहल नहीं हो सका जहाँ जो शिक्षक है उसी विद्यालय में रहकर बच्चों को शिक्षा प्रदान करते रहे .

## प्रमुख ने युवाओं को किया खेलकूद सामग्री का वितरण



**चहनियां।चंदौली/**चहनिया स्थित क्षेत्र पंचायत सभागार में बुधवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा युवक-महिला मंगल दलो को युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने ग्राम पंचायतों में गठित युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों को खेलकूद सामग्री का वितरण किया।इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा कि खेल कूद से स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा तीन चीजें प्रदान होती है। खेलकूद से मन मस्तिष्क और शरीर में ऊर्जा मिलती है। खेलने से हमारे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं । हमारा उर्जा स्तर बढ़ता है। खेल हमारे मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जो हमारे जीवन का हिस्सा है। स्वास्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । आज बेटे और बेटियां खेल कूद के दौरान पूरे विश्व में परचम लहराया है। वहीं युवाओं व महिलाओं को सक्रिय रहने एवं गाव के समस्त बालक एवं बालिकाओं से खेलकूद में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि ग्राम सभा में उपस्थित होकर सहयोग के लिए आश्वासन भी दिया । क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनीश सिंह ने सभी मंगल दलों को अपने ग्राम सभा में सक्रिय रहते हुए सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवम् ग्राम सभा में खेलो का आयोजन कराते हुए ज्यादा से ज्यादा उसमे युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। खेल सामग्री के रूप में वॉलीबॉल, फुटबॉल, नेट इत्यादि का वितरण सैफपुर, बैराठ, सलेमपुर, खंडवारी, पकड़ी, मारूफपुर के युवक मंगल दलों को एवं महिला मंगल दल गुरेरा, सरौली, रामगढ़ मोलनापुर को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता, सन्तोष कुमार मिश्र, संजीव कुमार सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य रविकांत चौहान, नरेंद्र गुप्ता, सौरभ सिंह, रामअवतार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## गंज बसनी गांव में अकाशी बिजली गिरने से पचासी भेड़ों की मौत हो गई



**सकलडीहा चंदौली** क्षेत्र के गंज बसनी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से पचासी भेड़ों की मौत हो गई साथ ही कुछ भेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी पशु चिकित्सा अधिकारी नहीं पहुंचे मामला गंज बसनी गांव का है जहां राम अवध राम जन्म पेड़ के नीचे रात्रि में भीड़ के साथ बैठे थे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पचासी भेड़ों की मौत हो गई जिससे राम अवध राम जन्म बाल बाल बच गए बताया जाता है कि करीब ढाई सौ पेड़ लेकर राम अवध रामजन्म रात्रि में पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे इसी वक्त या घटना घटी है

**आयोजन** सहभागिता करने वाले लोगों का पंजीकरण निःशुल्क। प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा

## आजादी की लड़ाई में भोजपुरी समाज का योगदान विषयक संगोष्ठी का होगा आयोजन, तीन सत्रों में विमर्श के सत्र और कवि गोष्ठी होगी आयोजित



**मोतिहारी 12 जुलाई, अशोक वर्मा**/ संस्कार भारती बिहार द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 29 जुलाई, 2023 को एम एस कॉलेज, मोतिहारी के सभागार में संगोष्ठी और कवि गोष्ठी का आयोजन होगा। संगोष्ठी का विषय आजादी की लड़ाई में भोजपुरी भाषी क्षेत्र का योगदान पर केंदित है। आयोजन की तैयारी को लेकर शहर के उप-मेयर डॉ. लाल बाबू के निवास पर एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. कुमार ने कहा कि भोजपुरी समाज के लोगों का आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान है। इस योगदान को आज की युवा पीढ़ी और समाज के सामने लाना महत्वपूर्ण है। ज्ञातव्य हो कि आजादी की लड़ाई में भोजपुरी क्षेत्र का योगदान उल्लेखनीय और प्रशंसनीय रहा है।

बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में हुई लड़ाई का वर्णन करते हुए बाबू तोफा राय ने लिखा था-खप्प करि असि घुसे लोथि गिरे भूमि धप्प/गोरा सिक्ख कटत देखि आयर दहलल नू/ भूखल बाघ अस वीर भोजपुरी दल/पड़त ललकारत हर बम बम करत नू। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव की समाप्ति पर है और इसको यादगार बनाने के लिए भोजपुरीभाषी क्षेत्र के योगदान का स्मरण करने और विमर्श करने हेतु ही 29 जुलाई को एम0एस0 कॉलेज के सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित होगा । कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रसिद्ध लेखक और नाट्यकर्मी दिवाकर राय ने कहा कि यह कार्यक्रम तीन सत्रों में सम्पन्न होगा। प्रथम और द्वितीय सत्र क्रमशः उद्धघाटन सत्र एवं विमर्श सत्र होगा। जिसमें भोजपुरी समाज के लोगों का भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में योगदान पर केंद्रित होगा। तृतीय सत्र कविगोष्ठी की होगी। संगोष्ठी में शामिल शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक में मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अरुण कुमार, उपमेयर डॉ0 लाल बाबू प्रसाद , कार्यक्रम संयोजक दिवाकर राय, डॉ0 परमात्मा कुमार मिश्र, जिला महामंत्री ,आलोक चंद्र (एडवोकेट), डॉ0 विनय कुमार सिंह सहित अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे।

## नहर नीचे तक खोदे जाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**चहनियां।चंदौली/**क्षेत्र के महुअरकला स्थित नहर को ज्यादा खोदे जाने से डेढ़ सौ बीघा खेतो में पानी नही पहुच पायेगा । इस बार किसान धान की खेती भी प्रभावित हो जायेगी । जिसे लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दिया। महुअरकला गांव में नहर की साफ सफाई जेसीबी मशीन से कराया गया है। जो सीताराम यादव के घर से ठाकुर बाड़ी तक नहर की खुदाई ज्यादा मात्रा में किया गया है।जिससे दर्जनों किसानों का करीब डेढ़ सौ बीघा खेत मे पानी नही पहुच पायेगा।किसान धान की खेती से वंचित रह जायेंगे। जेसीबी से खुदाई के दौरान कुछ किसान जाकर मना भी किये किन्तु कर्मियों ने नही सुना ।किसान प्यारे यादव,रामप्रवेश सिंह, कन्हाई विश्वकर्मा, रामसरे तिवारी, अमित सिंह, रणजीत सिंह,राम प्रसाद सिंह, बलवंत सिंह, जसवंत सिंह, बृजलाल सिंह, जयशंकर सिंह, काशी सिंह छकड़ यादव, रामेशर यादव,धनु यादव आदि का कहना है कि एक तो समय रहते नहर की खुदाई नही होती है,जब धान की खेती का समय आता है तो नहर साफ कराया जाता है। हम लोगो का खेत ऊँचाई पर है।नहर ज्यादा नीचे खोद देने से पानी खेतो में नही पहुच पायेगा।हम लोग धान की खेती से वंचित रह जाएंगे।नहर को और ऊंचा करने की मांग की है।

## खंड शिक्षाअधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पीडीडीयू/चंदौली।**खंड शिक्षा अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपर मुख्य सचिव कार्मिक व अपर मुख्य सचिव बेसिक के नाम संबोधित पत्रक एडीएम को सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 17 जुलाई को लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि विगत 25 जून को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि मांगों का निस्तारण न होने पर आगामी 17 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश संगठन के आह्वान पर जनपद के खंड शिक्षा अधिकारी धरना प्रदर्शन में सम्मिलित रहेंगे।इस मौके पर अवधेश राय, लालमणि राम कनौजिया, अजय कुमार चौधरी, मनोज कुमार यादव, अजीत पाल, रामआसरे, रामटहल, नागेंद्र कुमार, राजेश चतुर्वेदी, अवधेश नारायण सिंह, सुरेंद्र प्रताप सहाय आदि उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### मालदा डिवीजन के आरपीएफ द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम



**बरहरवा/**11.07.23 को मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बरहरवा स्टेशन पर नशाखोरी, अलार्म चेन पुलिंग, मानव तस्करी और यात्रियों के सामान की चोरी, पथराव, गंदगी और 139 के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाया।यात्रियों को जागरूक करने के लिए बैनर और पोस्टर का उपयोग किया जा रहा था। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के बीच जागरूकता सुनिश्चित करना था और इस प्रकार का अभियान मालदा डिवीजन में जारी रहेगा।



**भागलपुर/**पर्यावरण प्रोजेक्ट सप्ताह के तहत स्कूल राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मैं पौधारोपण का कार्यक्रम आज किया गया जिसमें जीएसटी लाइन डॉक्टर पंकज टेंडर केबिनेट सेक्रेट्री गोपाल खेत्रीवाल जी, आरसी संजय लाल जी लायन शंभू शंकर जी, गेट लीडर एवं एडमिनिस्ट्रेटर लायन सुमित जैन जी लायंस क्लब ऑफ भागलपुर प्राइम के नव अध्यक्ष ला. सुधांशु शेखर महासचिव अभिषेक डोकानिया एवं शिखा डोकानिया तृप्ति शर्मा अंबिका डालमिया शेखर आदि लोग स्कूल के बच्चों के साथ मौजूद थे!! चेयरपर्सन ला. प्रज्ञा कुमार ने बताया की स्कूल में 10 पौधों को अच्छी तरह रोपित किया गया है और जिसकी देखभाल एवं ख्याल स्कूल के प्रधानाचार्य रखेंगे ऐसा उन्होंने आश्वासन दिया! अंत में अध्यक्ष सुधांशु शेखर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और बताया हर व्यक्ति को कम से कम अपने जन्मदिन अपने परिवारजनों के जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए!!

### कल13 जुलाई को मुंगेर में खो-खो खिलाड़ियों का लीग के लिए होगा सेलेक्शन ट्रायल



**भागलपुर/** भारतीय पारंपरिक खो-खो खेल को बढ़ावा देने के लिए पहली बार प्रदेश स्तर पर खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा बिहार में पुरुष खो-खो लीग (लीग कम नॉकआउट खो-खो फॉर मेन्स ) का आयोजन होने जा रहा है , जिसके लिए सेलेक्शन ट्रायल गोपालगंज में आयोजित होना है । इस सेलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए मुंगेर के खो-खो खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल 13 जुलाई को मुंगेर जिला खो-खो संघ के द्वारा इंडोर स्टेडियम मुंगेर के प्रांगण में शाम के 3 बजे से आयोजित किया जाएगा । ये जानकारी मुंगेर जिला खो-खो संघ के सेक्रेट्री हरिमोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल-कॉलेज के सभी उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।(लीग कम नॉकआउट खो-खो फॉर मेन्स का आयोजन बिहार में पहली बार होने जा रहा है, इसमें बिहार के 150 प्रतिभाशाली खो-खो खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा , जिनकी 5 दिनों की मैट पर पहली बार नाइट मैच आयोजित की जाएगी साथ ही प्रतिभा को निखारने में हर मदद की जाएगी । जो भी खिलाड़ी इस ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं , वो अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी और पासपोर्ट साइज का दो फोटो लेकर आयोजन स्थल पर 13 जुलाई को शाम 3 बजे रिपोर्ट करेंगें। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9123142461 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आगामी योजनाओं को लेकर एबीवीपी की बैठक





**भागलपुर/**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर सुंदरवती महिला कॉलेज एवं सबौर कॉलेज में बैठक की गई।बैठक में कॉलेज स्तर पर इकाई गठन,कॉलेज में व्याप्त समस्याओं,आगामी कार्यक्रम योजनाओं जैसे विभिन्न मुद्दे पर चर्चा की गई।बैठक को विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर एवं हैप्पी आनंद संबोधित कर रहे थे।एसएम कॉलेज में चंचल,स्मृति, प्रियंका,स्नेहा,नूपुर ,स्वीटी, महिमा,खुशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थी।वहीं सबौर कॉलेज में बैठक के दौरान रितेश कुमार,बिट्टू कुमार,राजेश,रौशन,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की गहन समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निदेश दिये गये

**भागलपुर/** आज दिनांक-12.07.2023. को जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की गहन समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निदेश दिये गये। आवास योजना समीक्षा के क्रम में बिहपुर, शाहकुण्ड, कहलगांव, सन्हौला, पीरपैंती, रंगराचौक, नारायणपुर, गोपालपुर, सबौर, ईस्माईलपुर में आवास पूर्णतः की स्थिति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई है। निदेश दिया गया कि आवास पूर्णतः में तेजी लाने हेतु अविलंब यथोचित कार्रवाई की जाय।प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास नियमित रूप से भौगालिक परिक्षेत्र का भ्रमण कर आवास निर्माण की समीक्षा करे एवं लंबित आवास निर्माण में तेजी लाने हेतु ठोस कारवाई करे।समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि वर्तमान में निर्मित पंचायत सरकार भवनों की संख्या 37 है। निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों की संख्या 25 है। 85 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु सीमांकन कार्य प्रगति पर है, जिसे एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। सभी बी.पी.आर.ओ. को निर्मित पंचायत सरकार भवनों के निरीक्षण निदेश दिया गया है।

निरीक्षण क्रम में पंचायत पंचायती राज पदाधिकारी इस बिन्दु पर गहन समीक्षा करेंगे कि पंचायत सरकार भवनों का संचालन पंचायती राज के तहत वर्णित प्रावधानों के अनुसार हो रहा है कि नहीं। प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी पंचायत सरकार भवनों की सुचारू कार्यशीलता की दिशा में ठोस कारवाई करना सुनिश्चित करेंगे। संभाव्य बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु की गई पूर्व तैयारी समीक्षा के क्रम में निदेशित किया गया कि स्थानीय गोताखोरों का सत्यापन कार्य अविलंब पूर्ण कर लिया जाय। तटबंधों की सतत् निगरानी की जाए।समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि आपदा प्रबंधन विभाग के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार स्वास्थ्य, पशुपालन, लोक स्वाथ्य अभियंत्रण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियाण द्वितीय चरण अन्तर्गत 51 अवशिष्ट प्रसंकरण इकाई का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। लक्ष्य के अनुसार अन्य ग्राम पंचायतों में डब्लू.पी.यू. के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई प्रगति पर है। राजस्व कार्यालय से संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में अवगत कराया गया कि म्यूटेशन से संबंधित मामलों के निष्पादन में गोराडीह, सुलतानगंज, शाहकुण्ड, इस्माईलपुर नाथनगर, जगदीशपपुर , साबौर, बिहपुर नवगछिया, पीरपैंती, सन्हौला, गोपालपुर अंचलों की प्रगति धीमी है। उक्त अंचलों को लंम्बित मामलों के अविलम्ब निष्पादन हेत निदेशित किया गया है। सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को इसकी नियमित समीक्षा का निदेश दिया गया है। सभी अंचलों को जिला लोक शिकायत निवारण से संबंधित अतिक्रमनवाद संबंधित मामलों के अविलम्ब निष्पादन हेतु निदेशित किया गया है। बैठक में लोक सेवा केन्द्रों के वर्तमान संचालन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में कोई लोक सेवा केन्द्र अक्रियाशील न हो। स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा लोक सेवा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण एवं किये जा रहे कार्यो की समीक्षा सुनिश्चित की जाय। सभी राजस्व पदाधिकारियों को अंचल से संबंधित लंबित कार्यो को 25 जुलाई तक निष्पादित करने का सख्त निदेश दिया गया है साथ ही सभी अंचलों को मापी संबंधी आवेदनों एवं अन्य राजस्व संबंधित निर्धारित दायित्व को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश दिया गया। उक्त बैठक से पूर्व निर्वाचन विषयक महत्वपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निदेश दिये गये।

समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन ई.आर.ओ. को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 15 जुलाई से 29 जुलाई 2023 तक मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर लिया जाना है। 21 जुलाई 2023 से बी.एल.ओ. घर-घर जाकर सभी मतदाताओं का अपने मोबाईल एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ERONET:2.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी ई.आर.ओ. को स्वीप अन्तर्गत इ.एल.सी. को कार्यशील करने का निदेश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## पति के द्वारा प्रताड़ित व दहेज की मांग करने को लेकर पीड़ित महिला पहुंची डीएसपी वन के कार्यालय





**रिपोर्ट- शैलेन्द्र कुमार गुप्ता भागलपुर/**भागलपुर के मिरजानहाट मोहल्ले की रहने वाली डोली कुमारी पति के द्वारा मारपीट कर दहेज की मांग करने को लेकर पिछले तीन दिनों से बांका के बेलहर थाना और भागलपुर के मोजाहिदपुर थाना की चक्कर काट कर परेशान हो गई। लेकिन कोई कार्रवाई पुलिस के द्वारा जब नहीं की गई, तो पीड़िता डीएसपी वन प्रकाश कुमार से अपनी गुहार लगाने पहुंची। जहां उन्होंने डीएसपी से मिलकर उसके साथ हुई मारपीट और दहेज की मांग को लेकर शिकायत की। जिस पर डीएसपी ने महिला थाने में केस करने के लिए पीड़िता को भेजा है। दरअसल डॉली की शादी बांका के बेलहर थाना क्षेत्र के रहने वाले बिट्टू कुमार से पिछले साल मई महीने में हुई थी, और उसके बाद से ही दहेज की मांग को लेकर पति के द्वारा उसकी पिटाई की जाती थी। जिसके बाद 5 दिन पहले पीड़िता की पति के द्वारा एक बार फिर पिटाई की। जिसके बाद पीड़िता के माता-पिता के द्वारा 112 को फोन किया गया और ससुराल से बेटी और उसकी एक मासूम बच्ची को भागलपुर ले आए हैं, और अब महिला थाने में पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

## बिहार सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ भागलपुर जिले से विधानसभा मार्च में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता- संतोष





**भागलपुर/**इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।बिहार प्रदेश द्वारा आयोजित आगामी 13 जुलाई को विधान सभा आक्रोश रैली में जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।सभी विधान सभा से सैकड़ों छोटी बड़ी चार चक्का वाहन से कार्यकर्ता गांधी मैदान पहुंचे। यह मार्च पटना गांधी मैदान से शुरू होकर विधान सभा पहुंचेगा।विधानसभा मार्च में भागलपुर ज़िलें से विधायक,विधान पार्षद, जिला पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगे।इस मार्च के जरिए बिहार सरकार से 10 लाख लोगों को नौकरी नहीं देने पर जबाब भी मांगा जाएगा।साथ ही राज्य सरकार से यह भी पूछेगी की सीटीईटी, एसटीईटी पास अभ्यार्थियों को बिना परीक्षा लिए नियुक्ति करने और नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा कब तब देगी। बिहार सरकार के गलत नीति के निर्णय का विरोध हो सके और सरकार भी सोचने पर मजबूर हो जाए। बिहार के उपमुख्यमंत्री पर भी चार्जशीट दाखिल हो गया है और नीतीश कुमार ने उनको हटाना तो दूर अभी तक उनके विषय पर कुछ बोलने से भी परहेज कर रहे हैं। यह सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रतीक है।

## जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर दिनांक 12 जूलाई 2023 दिन बुधवार को





**भागलपुर/** छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री गगन कुमार जी के भागलपुर आगमन पर संगठनात्मक समीक्षा बैठक एवं नई शिक्षा नीति के विरोध में छात्र राजद का एक दिवसीय बैठक हथ कटोरा पीर बाबा के समीप एक निजी भवन में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा -छात्रों को केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया नई शिक्षा नीति निजी करण व पूंजी वाद को बढ़ावा देती है,नई शिक्षा नीति आर एस एस एवं मनुवाद के सिद्धांतों पर आधारित है,नई शिक्षा नीति दलित विरोधी है यह शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करने के लिए बनाया गया है इसका पूरजोर विरोध होना चाहिए, इसके विरोध में छात्रों को आंदोलन करना चाहिए।आने वाले समय में जो छात्र संघ का चुनाव हो रहा है , उसमें राष्ट्रीय जनता दल का अधिक से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने की रणनीति पर कार्य करने की आवश्यकता है, छात्र संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है।आज केन्द्र की राजनीतिक हो या बिहार की राजनीतिक सभी बड़े नेता छात्र आंदोलन के ही उपज है, छात्रों को ऊर्जावान होना चाहिए।आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री गगन कुमार जी थे।आज के कार्यक्रम में युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी अरुण यादव, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दिलीप यादव, जिला प्रवक्ता सह उपमहापौर भागलपुर प्रो सलाउद्दीन अहसन, युवा प्रदेश महासचिव डॉ आनंद आजाद, छात्र राजद जिलाध्यक्ष राजा राधिका रमण, छात्र राजद प्रदेश महासचिव अनुराग केशरी, कीड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमर ताज, गुंजन यादव एवं छात्र राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता गण मौजूद थे।चंद्रशेखर प्रसाद यादव,जिला अध्यक्ष,राष्ट्रीय जनता दल, भागलपुर।

## एसएसपी आनंद कुमार ने लिया भोलेनाथ से आशीर्वाद ,किया जलाभिषेक



**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/** भागलपुर, सुल्तानगंज अजगैवीनाथ धाम उत्तरवाहिनी गंगा का एक अलग ही महत्व है यहां से कावरिया पूरे सावन गंगाजल भरकर झारखंड देवघर बाबाधाम में जलाभिषेक करते हैं काफी संख्या में सुल्तानगंज से कांवरिया देवघर के लिए रवाना होते हैं

वही अजगैवीनाथ धाम में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने भी भोलेनाथ का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया एवं जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया

साथ ही पर्यटन विभाग के द्वारा सुल्तानगंज में प्रत्येक शाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाता है जिसमें एसएसपी अनंत कुमार ने भक्ति संगीत का भी आनंद लिया।

**कार्यालय** पीड़ित महिला आज वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के कार्यालय पहुंची

## मुखिया व उसके गुंडों से तंग आकर पीड़ित परिवार पहुंची एसएसपी कार्यालय



**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/** पीड़ित महिला व लड़कियों ने कहा कि मुखिया और उसके गुंडे करने कहते हैं जबरन गंदा काम, बात नहीं मानने पर करदी सबों की पिटाई भागलपुर में अभी पार्षद की दबंगई का किस्सा शांत भी नहीं हुआ था की खीरी बांध रिक्शा डिह के मुखिया और उसके कुछ गुंडों की दबंगई फिर से सामने आ गई

भागलपुर के जगदीशपुर बाईपास थाना अंतर्गत खीरीबांध रिक्शाडीह से एक अजीबोगरीब घटना सामने आ रही है, जहां रिक्शाडीह खीरीबांध के मुखिया अजय राय और उसके चचेरे भाई गोविंद के साथ तीन चार लोग मिलकर एक गरीब व लाचार परिवार के घर घुसकर गंदा काम करने को विवश करने लगे यह घटना कोई एक बार नहीं कई बार उन लोगों ने किया है जिसकी शिकायतें पीड़ित परिवार ने बायपास थाने में रपट भी लिखवाने गई लेकिन थाने में इसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई वही पीड़ित महिला आज वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के कार्यालय पहुंची और अपनी सारी आपबीती बताई उन्होंने खीरीबांध रिक्शाडीह के मुखिया अजय राय पर इल्जाम लगाते हुए कहा कि उनके कुछ लोग हम लोगों के घर घुसकर महिलाओं के साथ गंदा काम करने कहते हैं मना करने पर बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक की जमकर पिटाई कर देते हैं हम लोग कैसे जिंदा रहेंगे और कैसे क्या करेंगे इसको लेकर आज वरीय पुलिस अधीक्षक से पीड़ित परिवार मिले हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इसी तरह मुखिया की मनमानी चलती रहेगी? क्या इस मुखिया पर कोई प्रशासनिक दबाव नहीं दिया जाएगा? क्या ऐसे दबंग मुखिया पर विधि सम्मत कार्रवाई नहीं की जाएगी?